खबरों के 67 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump.com

पत्र नहीं मित्र

संपर्क करें jabdesh1@yahoo.com



# देशबन्धु

श्री गणेश चतुर्थी

जबलपुर, मंगलवार 19 सितंबर 2023 | वर्ष - 67 | अंक - 311 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 3.00 रु.

### संसद का विशेष सत्र

## पं. नेहरू के भाषण की गूंज सदन में हमेशा रहेगी : मोदी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** संसद के विशेष सत्र के पहले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 50 मिनट का भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्रियों को याद करते हुए कहा- ये वो सदन है जहां पंडित नेहरू का स्ट्रोक ऑफ मिडनाइट की गूंज हम सबको प्रेरित करती है। उस भाषण की गूंज सदन में हमेशा रहेगी। इंदिरा गांधी के नेतृत्व में बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम का आंदोलन भी इसी सदन ने देखा था। उन्होंने कहा, 'सदन ने कैश फॉर वोट और 370 को भी हटते देखा है। वन नेशन वन टैक्स, जीएसटी, वन रैंक वन पेंशन, गरीबों के लिए 10 फीसदी आरक्षण भी इसी सदन ने दिया। केंद्र सरकार ने 18 से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र बुलाया है। स्पेशल सत्र में पांच बैठकें होंगी। उधर विपक्षी पार्टियों ने सरकार से सवाल-जवाब करने के लिए 9 मुद्दों की लिस्ट तैयार की है।



### 75 वर्षों में 7,500 सांसदों ने निभाई भूमिका

पंडित नेहरू, शास्त्री से लेकर अटल, मनमोहन सिंह तक कई नाम हैं जिन्होंने इस सदन का नेतृत्व किया। सदन के माध्यम से देश को दिशा दी है। देश को नए रंग रूप में ढालने के लिए उन्होंने परिश्रम किया है, पुरुषार्थ किया है। आज उन सबका गौरवगान करने का अवसर है। सरदार वल्लभ भाई पटेल, लोहिया, चंद्रशेखर, आडवाणी न जाने अनगिनत नाम जिन्होंने हमारे इस सदन को समृद्ध करने में, चर्चाओं को समृद्ध करने का काम किया है। पीएम मोदी ने इस दौरान विपक्ष पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा- बहुत सी बातें ऐसी थी जो सदन में हर किसी की तालियों की हकदार थी, लेकिन शायद उसमें भी राजनीति आगे आ गई। नेहरू जी का गुणगान अगर इस सदन में होगा, तो कौन सदस्य होगा जो उस पर ताली नहीं बजाएगा। शास्त्री जी ने 65 के युद्ध में देश के सैनिकों का हौसला इसी सदन से बढ़ाया था। वहीं इंदिरा गांधी ने इसी सदन से बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम के आंदोलन का नेतृत्व किया।

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 75 वर्षों में दोनों सदनों को मिलाकर 7,500 के लगभग जनप्रतिनिधि (सांसद) जिसमें 600 के लगभग महिला जनप्रतिनिधि भी शामिल रही है, ने देश के निर्माण में अपनी अपनी भूमिका निभाई है। जवाहर लाल नेहरू से लेकर शास्त्री,अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह तक बड़ी श्रृंखला रही है जिन्होंने देश का नेतृत्व किया है। आज का दिन इन सबके गुणगान करने का अवसर है।

> पंडित जवाहर लाल नेहरू से लेकर शास्त्री,अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह तक बड़ी श्रृंखला रही है जिन्होंने देश का नेतृत्व किया है। आज का दिन इन सबके गुणगान करने का अवसर है।
>
> - नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### विपक्ष को डराने की कोशिश कर रही सरकार : खड़गे

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को विशेष सत्र के पहले दिन अपने भाषण की शुरुआत एक कविता से की और सरकार को सलाह दी कि 'अगर वह कुछ नहीं कर सकती तो कुर्सी छोड़ दे।' साथ ही उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि केंद्र मजबूत विपक्ष को कमजोर करने के लिए ईडी के जरिए उसे डराने की कोशिश कर रही है। खड़गे, जो कांग्रेस अध्यक्ष भी हैं, ने राज्यसभा में अपने शुरुआती नोट में कहा, 'अगर आप बदलना चाहते हैं तो अभी स्थिति बदलें। इस तरह नाम बदलने से क्या होता है? युवाओं को रोजगार देना है तो सबको बेरोजगार करने से क्या होगा? अपने दिल को थोड़ा बड़ा करने की कोशिश करें।

### जबलपुर में शिवराज की बड़ी घोषणा

## वीरांगना की स्मृति में बनेगा 100 करोड़ का भव्य स्मारक

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि आगामी 5 अक्टूबर को रानी दुर्गावती के 500 वें जनदिवस पर मदन महल की जमीन पर 100 करोड़ रूपये की लागत से भव्य स्मारक का भूमि-पूजन किया जायेगा। यह भव्य स्मारक रानी दुर्गावती के शौर्य, वीरता, सेवा, सुशासन एवं गौरव का प्रतीक होगा तथा युगों-युगों तक रानी की स्मृति को जीवन्त रखेगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अपने जबलपुर प्रवास के दौरान वेटनरी ग्राउंड में आयोजित 1857 की क्रान्ति के जनजातीय नायक राजा शंकरशाह और उनके पुत्र कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री चौहान का स्वागत जनजातीय संस्कृति के प्रतीक वीरा और साफा पहनाकर किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अमर क्रांतिकारी राजा शंकरशाह और उनके पुत्र कुंवर रघुनाथ शाह ने अंग्रेजों की गुलामी को स्वीकार नहीं किया और उनके खिलाफ संघर्ष का बिगुल फूंका। उनके इसी शौर्य एवं पराक्रम से भयभीत होकर अंग्रेजों ने उन्हें तोप के मुंह के सामने रखकर उड़ा दिया। राजा शंकरशाह और उनके पुत्र कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदानों को भुलाया नहीं जा सकता। ये वीर सदैव हमारे लिये प्रेरणा का स्त्रोत रहेंगे।

> अमर क्रांतिकारी राजा शंकरशाह और कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता : मुख्यमंत्री



बलिदान दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय नायकों के बलिदानों को स्मरण करने के लिये प्रतिवर्ष प्रदेश शासन द्वारा 18 सितम्बर को शहीद दिवस का आयोजन किया जा रहा है। उन्होनें बताया कि पूर्व वर्ष में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आतिथ्य में जबलपुर में ही आयोजित हुये शहीद दिवस कार्यक्रम में गरीब आदिवासी वर्ग के लिये की गई सभी 14 घोषणायें पूर्ण कर ली गई है। इन घोषणाओं के पूर्ण हो जाने से प्रदेश के आदिवासी भाई-बहन समाज के मुख्य धारा से जुड़ रहे है तथा इनका सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण हो रहा है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने गोंड साम्राज्य की शासिका वीरांगना रानी दुर्गावती के शौर्य गाथा का उल?लेख करते हुये बताया कि रानी दुर्गावती ने अपने शौर्य और सामर्थ्य से एक विशाल साम्राज्य की स्थापना की थी, जिसमें मदन-महल, गढ़ा मंडला, सिंग्रामपुर शामिल है। उन्होनें मुगल शासक अकबर से भी वीरतापूर्वक लड़ाई लड़ी और अपने प्राणों की आहूति दी, पर मुगलों की अधीनता स्वीकार नहीं की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी बंधुओं के कल्याण के लिये प्रदेश सरकार ने विभिन्न योजनायें संचालित की हैं। सरकार ने पेसा अधिनियम लागू कर प्रदेश के 89 जनजातीय विकासखंडों में जनजातियों को जल, जंगल, जमीन पर सशक्त अधिकार दिये हैं।

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना प्रारंभ कर प्रदेश की महिलाओं को मान सम्मान देने का कार्य भी प्रदेश सरकार द्वारा किया गया है। अब मुख्यमंत्री लाडली बहना आवास योजना के माध्यम से कच्चे आवास में रहने वाली लाडली बहना को पक्के आवास बनाने के लिये राशि प्रदान की जायेगी।

इस कार्यक्रम में विधायक अशोक रोहाणी, अजय विश्नोई, सुशील इंदु तिवारी, नंदिनी मरावी, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र जामदार, पूर्व विधायक अंचल सोनकर, शरद जैन, पूर्व महापौर स्वाति सदानंद गोडबोले सहित बड़ी तादाद में जन समूह मौजूद रहा।

कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष वरकड़े ने दिया। विधायक अशोक रोहाणी ने आभार प्रदर्शन द्वारा किया गया।

### महिला सशक्तिकरण के विरोधी हैं मोदी : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को महिलाओं के सशक्तिकरण का विरोधी बताते हुए सवाल किया है कि मोदी सरकार को सत्ता में आए नौ साल से अधिक हो गया है लेकिन महिलाओं को उनका अधिकार नहीं मिला है।

**सूचना**

**सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई-पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।**

**बिरादरी की बात**

चूहा-सुनती हो-इंदौर के सिंधिया समर्थक दो नेताओं ने भाजपा छोड़ दी है।

**चुहिया- हां प्रिये-** चुनावी मौसम है, आना-जाना लगा रहेगा।

### अन्नाद्रमुक ने छोड़ा साथ

## कहा- भाजपा के साथ कोई गठबंधन नहीं, चुनाव के दौरान तय होगा मामला

**चेन्नई।** अन्नाद्रमुक और भाजपा के बीच तनाव इतना बढ़ गया है कि सोमवार (18 सितंबर) को खुलकर सामने आ गया। द्रविड़ पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने भाजपा के साथ गठबंधन को लेकर बड़ा बयान दिया। अन्नाद्रमुक के वरिष्ठ नेता डी जयकुमार कहा कि भाजपा के साथ कोई गठबंधन नहीं है और चुनावी समझौते पर कोई भी फैसला केवल चुनाव के दौरान लिया जाएगा।

अन्नाद्रमुक नेता डी जयकुमार ने द्रविड़ दिग्गज नेता रहे सीएन अन्नादुरई की आलोचना के लिए तमिलनाडु के भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अन्नाद्रमुक पार्टी के कार्यकर्ता दिवंगत मुख्यमंत्री का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे।

**अन्नाद्रमुक की सख्त टिप्पणी**-डी जयकुमार ने कहा कि के अन्नामलाई ने दिवंगत सीएम जे जयललिता सहित अन्नाद्रमुक नेताओं के बारे में आलोचनात्मक टिप्पणी की थी। अन्नाद्रमुक ने मांग की थी कि भाजपा अपने नेता पर लगाम लगाए।

### शिंदे समर्थक विधायकों पर विधानसभा अध्यक्ष से सुको ने कहा-

## फैसला तो लेना होगा, यह कोई तरीका नहीं..



**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा में एकनाथ शिंदे गुट के विधायकों की अयोग्यता के मामले में अब तक फैसला नहीं हो सका है, जबकि सवा साल का वक्त गुजर चुका है। इसी मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर को नसीहत देते हुए कहा कि वह एक टाइमलाइन तय करें और उसमें फैसला लें। अदालत ने कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि आप फैसला ही न लें।

> मामला लटकाए रखने पर नाराज, कहा-अयोग्यता पर फैसला टालना गलत

आपको निर्णय तो लेना होगा और उसके लिए अनंतकाल तक आप बैठे नहीं रह सकते। शीर्ष अदालत ने कहा कि संविधान की 10वीं अनुसूची के तहत स्पीकर अनंतकाल तक किसी फैसले को अटका नहीं सकते। सीएम एकनाथ शिंदे समेत 56 विधायकों के खिलाफ अयोग्यता का मामला लंबित है, जिस पर स्पीकर ने कोई फैसला नहीं लिया है।

अदालत ने स्पीकर राहुल नार्वेकर से कहा कि वे एक सप्ताह के अंदर इस मामले पर फैसला करें और याचिकाओं के निपटारे के लिए टाइमलाइन तय करें। यही नहीं कोर्ट ने यह भी पूछा कि स्पीकर बताएं कि आखिर 11 मई को इस अदालत के फैसले के बाद क्या किया गया।

यही नहीं कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि वास्तव में कुछ नहीं किया गया है। हां, इतना ही काम हुआ कि विधायकों को नोटिस जारी किया गया और फिर उन्होंने जवाब दिया।

>>शेष पृष्ठ 2 पर

### अडानी-हिंडनबर्ग जांच का मामला

## नई समिति बनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**नयी दिल्ली,देशबन्धु।** हिंडनबर्ग रिपोर्ट में अडानी समूह के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच के लिए एक नई विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्देश देने की गुहार लगाते हुए उच्चतम न्यायालय में एक रिट याचिका दायर की गई है। अनामिका जायसवाल द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि शीर्ष अदालत द्वारा गठित पिछली विशेषज्ञ समिति के सदस्यों के हितों के स्पष्ट टकराव के मद्देनजर नई समिति गठित करने का निर्देश शीर्ष अदालत को देना चाहिए। याचिका में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के पूर्व अध्यक्ष ओपी भट्ट, आईसीआईसीआई के पूर्व अध्यक्ष एमवी कामथ और वकील सोमशेखर सुंदरेसन और अडानी समूह के बीच हितों के टकराव को दर्शाने वाले कथित उदाहरणों का हवाला दिया गया है।

> पिछली समिति के सदस्यों के हितों के टकराव का दिया हवाला

उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे की अध्यक्षता वाली समिति में सभी सदस्यों को शीर्ष अदालत द्वारा नामित किया गया था। शीर्ष अदालत ने अधिवक्ता विशाल तिवारी और अन्य द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई के बाद 02 मार्च 2023 को हिंडनबर्ग रिपोर्ट में अडानी समूह के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच के लिए विशेषज्ञ समिति का गठन किया था, जिसे यह भी जांच करने को कहा गया था कि क्या यह कोई नियामक विफलता थी।

## सिंधिया समर्थक दो नेताओं ने भाजपा से दिया इस्तीफा

**इंदौर।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा को बड़ा झटका लगा है। इंदौर में भाजपा नेता दिनेश मल्हार और प्रमोद टंडन ने अपनी प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफ़ा दे दिया है। दोनों नेता कुछ महीनों पहले ही कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। इंदौर के नेता प्रमोद टंडन ज्योतिरादित्य सिंधिया के कट्टर समर्थक रहे हैं। लेकिन अब उनका भाजपा से इस्तीफा देना पार्टी के लिए मुश्किल खड़ी कर सकता है। प्रमोद टंडन पहले कांग्रेस में थे और ज्योतिरादित्य सिंधया के साथ भाजपा में शामिल हो गए थे। वहीं, सोमवार शाम को पत्रवार्ता करते हुए उन्होंने कांग्रेस में वापस जाने के कयासों को भी पुख्ता कर दिया। इसी के साथ राऊ विधानसभा में भाजपा के सामने मुश्किल खड़ी हो गई है।

इसके अलावा, दिनेश मल्हार ने भी प्रमोद टंडन के साथ भाजपा छोड़ दी है। उनके पहले ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थक रहे समंदरसिंह पटेल भी भाजपा छोड़ चुके हैं। माना जा रहा है कि प्रमोद टंडन और दिनेश मल्हार दोनों ही 23 सितंबर को कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। इस दिन इंदौर में कमलनाथ का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है, जिस दौरान दोनों नेता पार्टी की सदस्यता ले सकते हैं।

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से मोतियाबिंद ऑपरेशन

मध्य भारत का सबसे आधुनिक नया युग

आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर

डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894

जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL

Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319

An English Medium Co-educational School

ADMISSIONS OPEN

Class: Nursery 12th (Science, Commerce & Humanities)

Call us: 0761-2676370, 9826587200

Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

### सूर्य मिशन - इसरो की बड़ी कामयाबी

## अंतरिक्ष से डाटा भेजने लगा भारत का आदित्य एल-1

**नई दिल्ली।** भारत के महत्वकांक्षी सूर्य मिशन आदित्य एल-1अंतरिक्ष यान ने लैग्रेंज प्वाइंट 1 की अपनी यात्रा शुरू करने से पहले ही वैज्ञानिक डेटा एकत्र करना शुरू कर दिया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने सुप्रा थर्मल एंड एनर्जेटिक पार्टिकल स्पेक्ट्रोमीटर उपकरण को सक्रिय किया और इसकी डेटा संग्रह प्रक्रिया शुरू की। स्टेप्स उपकरण आदित्य सोलर विंड पार्टिकल एक्सपेरिमेंट पेलोड का एक हिस्सा है, जिसे सौर और अंतरग्रहीय प्रक्रियाओं का अध्ययन करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।



स्टेप्स उपकरण में छह सेंसर शामिल हैं, प्रत्येक अलग-अलग दिशाओं में निरीक्षण करता है। यह पृथ्वी के पर्यावरण के चारों तरफ इलेक्ट्रॉनों के साथ-साथ सुपर-थर्मल और ऊर्जावान आयनों को मापता है। ये माप निम्न और उच्च-ऊर्जा कण स्पेक्ट्रोमीटर का उपयोग करके आयोजित किए जाते हैं। पृथ्वी की कक्षाओं के दौरान एकत्र किए गए डेटा से वैज्ञानिकों को पृथ्वी के आसपास के कणों के व्यवहार का विश्लेषण करने में मदद मिलेगी, खासकर पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र की उपस्थिति में यह मददगार होगा। स्टेप्स उपकरण 10 सितंबर को पृथ्वी से 50,000 किमी से अधिक दूरी पर सक्रिय किया गया था। यह दूरी पृथ्वी की त्रिज्या के आठ गुना से भी अधिक के बराबर है, जो इसे पृथ्वी के विकिरण बेल्ट क्षेत्र से काफी आगे रखती है। आवश्यक उपकरण स्वास्थ्य जांच पूरी करने के बाद, डेटा संग्रह तब तक जारी रहा जब तक कि अंतरिक्ष यान पृथ्वी से 50,000 किमी से अधिक दूर नहीं चला गया। इसरो ने एक बयान में कहा कि, स्टेप्स की प्रत्येक इकाई सामान्य मापदंडों के भीतर काम कर रही है। एक आंकड़ा पृथ्वी के मैग्नेटोस्फीयर के भीतर ऊर्जावान कण वातावरण में भिन्नता को दर्शाता माप प्रदर्शित करता है, जो इकाइयों में से एक द्वारा एकत्र किया गया है।

अंतरिक्ष यान अपनी इच्छित कक्षा में स्थापित होने के बाद वे जारी रहेंगे। एल1 के आसपास एकत्र किया गया डेटा सौर हवा और अंतरिक्ष मौसम की घटनाओं की उत्पत्ति, त्वरण और अनिसोट्रॉपी में अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा। स्टेप्स उपकरण को भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला द्वारा अहमदाबाद में अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र के सहयोग से विकसित किया गया था। यह भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और सौर और अंतरग्रहीय प्रक्रियाओं की वैश्विक समझ में योगदान देता है।

# देश-विदेश

## हेमंत सोरेन की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित अवैध खनन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन को चुनौती देने वाली झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका सोमवार को खारिज करते हुए उन्हें झारखंड उच्च न्यायालय दरवाजा खटखटाने को कहा। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने श्री सोरेन के वकील मुकुल रोहतगी से कहा कि वो राहत के लिए पहले उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका दायर करें। पीठ की अध्यक्षता कर रहे न्यायमूर्ति बोस ने याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए कहा, आप (सोरेन) उच्च न्यायालय क्यों नहीं जाते? पहले आप वहां जाएं।

# महिला आरक्षण बिल को मोदी कैबिनेट की हरी झंडी

## देर शाम शुरू हुई बैठक में लिया गया निर्णय

**नई दिल्ली।** संसद के विशेष सत्र के बीच कैबिनेट की देर शाम बाद अहम बैठक शुरू हुई। एक न्यूज चैनल के मुताबिक इस बैठक में महिला आरक्षण बिल को मंजूरी मिल गई है। इस बिल को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे थे. लेकिन तमाम कयासों को दरकिनार करते हुए केंद्रीय कैबिनेट ने आखिरकार इस बिल को मंजूरी दे दी. इस मंजूरी के बाद महिला आरक्षण बिल को लोकसभा में पेश किया जाएगा.



**इस बिल में क्या है?**–महिला आरक्षण विधेयक में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी या एक तिहाई सीटें आरक्षित करने का प्रस्ताव है. विधेयक में 33 फीसदी कोटा के भीतर एससी, एसटी और एंग्लो-इंडियन के लिए उप-आरक्षण का भी प्रस्ताव है. विधेयक में प्रस्तावित है कि प्रत्येक आम चुनाव के बाद आरक्षित सीटों को रोटेट किया जाना चाहिए. आरक्षित सीटें राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में रोटेशन द्वारा आवंटित की जा सकती हैं. इस संशोधन अधिनियम के लागू होने के 15 साल बाद महिलाओं के लिए सीटों का आरक्षण समाप्त हो जाएगा.

**27 सालों से पेंडिंग है बिल**–करीब 27 सालों से लंबित महिला आरक्षण विधेयक अब संसद के पटल पर आएगा. आंकड़ों के मुताबिक, लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या 15 फीसदी से कम है, जबकि राज्य विधानसभा में उनका प्रतिनिधित्व 10 फीसदी से भी कम है. इस मुद्दे पर आखिरी बार कदम 2010 में उठाया गया था, जब राज्यसभा ने हंगामे के बीच बिल पास कर दिया था और मार्शलों ने कुछ सांसदों को बाहर कर दिया था, जिन्होंने महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण का विरोध किया था. हालांकि यह विधेयक रद्द हो गया क्योंकि लोकसभा से पारित नहीं हो सका था.

**भालपा और कांग्रेस दोनों का समर्थन**–भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों ने हमेशा इसका समर्थन किया. हालांकि कुछ अन्य दलों ने महिला कोटा के भीतर ओबीसी आरक्षण की कुछ मांगों को लेकर इसका विरोध किया. अब एक बार फिर कई दलों ने इस विशेष सत्र में महिला आरक्षण विधेयक लाने और पारित करने की जोरदार वकालत की, लेकिन सरकार की ओर से कहा गया है कि उचित समय पर उचित निर्णय लिया जाएगा.

**लोकसभा में 14 फीसदी महिला सांसद**–वर्तमान स्थिति की बात करें तो लोकसभा में 78 महिला सदस्य चुनी गईं, जो कुल संख्या 543 के 15 प्रतिशत से भी कम हैं. बीते साल दिसंबर में सरकार द्वारा संसद में साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, राज्यसभा में भी महिलाओं का प्रतिनिधित्व करीब 14 प्रतिशत है. इसके अलावा 10 राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 10 फीसदी से भी कम है, इनमें आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोवा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, ओडिशा, सिक्किम, तमिलनाडु, तेलंगाना, त्रिपुरा और पुडुचेरी शामिल हैं.

### 2008 में आखिरी बार पेश हुआ महिला बिल

साल 2008 से पहले इस बिल को 1996, 1998 और 1999 में भी पेश किया गया था. गीता मुखर्जी की अध्यक्षता में एक संयुक्त संसदीय समिति ने 1996 के विधेयक की जांच की थी और 7 सिफारिशें की थीं. इनमें से पांच को 2008 के विधेयक में शामिल किया गया था, जिसमें एंग्लो इंडियंस के लिए 15 साल की आरक्षण अवधि और उप-आरक्षण शामिल था. इस बिल में यह भी शामिल था, अगर किसी राज्य में तीन से कम लोकसभा की सीटें हों, दिल्ली विधानसभा में आरक्षण और कम से एक तिहाई आरक्षण. कमेटी की दो सिफारिशों को 2008 के विधेयक में शामिल नहीं किया गया था. पहला राज्यसभा और विधान परिषदों में सीटें आरक्षित करने के लिए था और दूसरा संविधान द्वारा ओबीसी के लिए आरक्षण का विस्तार करने के बाद ओबीसी महिलाओं के लिए उप-आरक्षण के लिए था.2008 के विधेयक को कानून और न्याय संबंधी स्थायी समिति को भेजा गया था, लेकिन यह अपनी अंतिम रिपोर्ट में आम सहमति तक पहुंचने में विफल रहा. समिति ने सिफारिश की कि विधेयक को संसद में पारित किया जाए और बिना किसी देरी के कार्रवाई में लाया जाए.

### टीवी समाचार चैनलों पर सुप्रीम कोर्ट ने की बड़ी टिप्पणी

## नई गाइडलाइंस के लिए एनबीडीए को दिया 4 हफ्ते का समय

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट टीवी समाचार चैनलों की निगरानी के स्व-नियामक तंत्र को सख्त करना चाहती है। इसी को देखते हुए सोमवार को शीर्ष अदालत ने न्यूज ब्रॉडकास्टर्स एंड डिजिटल एसोसिएशन को नए गाइडलाइंस लाने के लिए और चार हफ्ते का समय दे दिया है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने दलीलों पर सुनवाई की। एनबीडीए की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अरविंद दातार ने नए दिशा-निर्देश लाने के लिए चार सप्ताह का समय मांगा। वहीं, केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पेश हुए। जनरल तुषार ने कोर्ट में कहा कि केंद्र सरकार ने इस मामले में पहले ही तीन स्तरीय तंत्र तैयार किया है, जिसमें से पहला सेल्फ रेगुलेशन है।

**सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा?**–न्यूज ब्रॉडकास्टर फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से पेश वरिष्ठ वकील महेश जेठमलानी ने कहा कि एनबीएफआई को भी अपने स्वयं के नियम दाखिल करने की अनुमति दी जानी चाहिए। इस पर सीजेआई ने कहा, हम चाहते हैं कि स्व-नियामक तंत्र को कड़ा किया जाए। उन्होंने कहा कि सुझावों और दिशा-निर्देशों का स्वागत है। एनबीडीए के विपरित एनबीएफआई 2022 नियमों के अनुसार केंद्र के साथ पंजीकृत एकमात्र नियामक संस्था है। इससे पहले, शीर्ष अदालत ने टीवी समाचार चैनलों की निगरानी के लिए मौजूदा स्व-नियामक तंत्र में गलती पाई थी। इसी को देखते हुए स्ट ने केंद्र से प्रतिक्रिया मांगी और कहा कि वह गाइडलाइंस को अधिक प्रभावी बनाना चाहती है। पीठ ने स्पष्ट कर दिया था कि वह मीडिया पर कोई सेंसरशिप नहीं लगाना चाहती है।

**सुशांत सिंह राजपूत की मौत का क्यों हुआ जिक्र?**–सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिवंगत बॉलीवुड अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले की कवरेज के दौरान कुछ चैनल आपे में आ गए थे। शीर्ष अदालत ने कहा था कि स्व-नियामक तंत्र के उल्लंघन के लिए टीवी समाचार चैनल पर अधिकतम जुर्माना केवल 1 लाख रुपये लगाया जा सकता है, जो 2008 में तय किया गया था। उच्च न्यायालय ने कहा था कि मीडिया ट्रायल अदालत की अवमानना है और मीडिया से आग्रह किया कि वह लक्ष्मण रेखा को पार न करें।


### न्यायालय तहसीलदार
### रांझी जबलपुर
रा.प्र.क्रं./06615/अ-6/2023-24

### आम इश्तहार

आम जनता को सूचित किया जाता है कि शंकर लाल सौंधिया/ महावीर सौंधिया म.नं. 4459 खण्डेलवाल बिल्डिंग के पीछे संजय गांधी वार्ड कांचघर ने नजूल ब्लॉक नं. 26 प्लाट नं. 3/146, 3/147 निर्मित रकवा/ रकवा 662 व.फु./अवि.हिस्सा... ग्राम सिविल स्टेशन प.ह.नं. ... खसरा नं..... रकवा.... व.फु./हे. विक्रय पत्र/हक त्याग/वसीयतनामा/दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक... मृत्यु दिनांक 09.04.2023 को हो जाने के कारण वारसान हक/क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, शपथ पत्र, खसरा की छाया प्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा अनुसार नजूल ब्लॉक नं. 26 प्लाट नं. 3/146, 3/147 निर्मित रकबा 662 व.फु./अवि.हिस्सा...ग्राम सिविल स्टेशन प.ह.नं....खसरा नं. ...रकवा...व.फु./हे... श्रीमती शांतिबाई सौंधिया/शंकर लाल के नाम दर्ज है।

अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 26.9.2023 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 06.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक 06.09.2023
पेशी दिनांक 26.09.2023

तहसीलदार
र.नं. 1208 रांझी, जबलपुर

### न्यायालय तहसीलदार
### गोरखपुर जबलपुर
रा.प्र.क्रं.../अ-6/20.. दिनांक - 12.09.23

### आम इश्तहार

आम और खास को सूचित किया जाता है कि आवेदक सोनू तिवारी पति स्व. अजय तिवारी निवासी बी-17 बरगी हिल्स जबलपुर के द्वारा ग्राम गढ़ा प.ह.नं.... स्थित भूमि खसरा नं. 165/1 रकवा 1500 वर्गफुट भूमि पर पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक 1570 ख दिनांक 22/2/2001 के आधार पर स्वयं का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया है। अत: उक्त उपरोक्त का नाम दर्ज करने में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आम इश्तहार जारी होने के 15 दिवस के भीतर ही आपत्ति स्वीकार की जावेगी।

आज दिनांक 12.9.2023 को पदमुद्रा से इश्तहार जारी किया जाता है।
जारी दिनांक 12.9.23
पेशी दिनांक 27.9.23

तहसीलदार गोरखरपुर
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
र.नं. 1204 जबलपुर

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं शपथकर्ता इन्द्र कला यादव (INDRA KALAYADAV) उम्र लगभग 63 वर्ष पिता स्व. जी.आर. यादव उर्फ गणेश राज यादव (LATE G. R. YADAV/GANESH RAJ YADAV) निवासी म.नं. 1648/1, भूमिया मोहल्ला, थाना रांझी, तह. व जिला जबलपुर, म.प्र. शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूं-

1. यह कि मैं शपथकर्ता उपरोक्त पते की स्थाई निवासी हूं। 2. यह कि मुझ शपथकर्ती के शिक्षा संबंधी दस्तावेजों में मेरा नाम Kum Indrakala दर्ज है। 3. यह कि मेरे पिता के पार्ट-2 ऑर्डर में मेरा नाम Indrakala Yadav दर्ज है। 4. यह कि मुझ शपथकर्ती के आधार कार्ड (8193 6130 0884) एवं पेन कार्ड (AKVPI1514Q) मेरा नाम Indra Kala Yadav दर्ज है।

5. यह कि Kum. Indrakala, Indrakala Yadav एवं Indra Kala Yadav ये तीनों ही नाम मुझ शपथकर्ती के ही हैं, किसी अन्य महिला के नहीं हैं। इस हेतु यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

इन्द्रकला यादव
र.नं. 1203 शपथकर्ता

### नाम सुधार सूचना

मैं समृधि चौधरी (SAMRIDHI CHOUDHARY) पिता सुनील कुमार, उम्र 18 वर्ष Plot No. 90, Near Aman School, Gurvdeo Colony, Bedi Nagar, Madan Mahal, Jabalpur (M.P.) की निवासी हूं। यह कि U.T.I. Mutual Fund Folio No. 580189499557 के दस्तावेजों में मेरा नाम पलक है जो कि मेरा पुराना नाम है, अधिकारिक नाम नहीं है। अत: अब से मुझे समस्त अशासकीय एवं शासकीय विभाग में समृधि चौधरी (SAMRIDHI CHOUDHARY) के नाम से जाना पहचाना एवं पढ़ा लिखा जावे।

सही नाम
SAMRIDHI CHOUDHARY
पुराना नाम
PALAK
R.No. 1202

## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार के निर्देशानुसार आम जनता को सूचित करता हूं कि श्री अंकित सेन पिता श्री भरत सेन द्वारा संपत्ति नगर निगम मकान नंबर 191/4 एवं 191/5, जिसका नजूल ब्लॉक क्रमांक 39, प्लॉट नंबर 25/11, प्लॉट एरिया 272 वर्गफिट जो कि मौजा जबलपुर हनुमानताल वार्ड नंबर 12 तहसील व जिला जबलपुर मध्यप्रदेश में स्थित है जो कि इनके पिता श्री भरत सेन की पैतृक संपत्ति है वर्तमान में सभी राजस्व रिकार्ड में उक्त संपत्ति जो भरत सेन के नाम पर दर्ज चली आ रही है इस संपत्ति को हमारे पक्षकार आधार हाउसिंग फाइनेंस जबलपुर में बंधक रखकर ऋण प्राप्त किया जा रहा है जिसका प्रतिभूति हेतु उक्त सम्पत्ति के संबंधित मूल दस्तावेज जिसका विक्रय पत्र दिनांक 24.02.1975, दस्तावेज क्रमांक 1029 एवन अन्य सम्पत्ति से संबंधित दस्तावेज हमारे पक्षकार आधार हाउसिंग फाइनेंस में बंधक किया जाना प्रस्तावित है जिस पर यदि किसी भी शासकीय अर्धशासकीय, गैरशासकीय, वित्तीय गैर वित्तीय, बैंक, कोई वित्तीय संस्थान या कोई पारिपारिक सदस्य आदि को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो मेरे अथवा मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फाइनेंस जबलपुर के ऑफिस में अपनी आपत्ति मय दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 दिन के भीतर दर्ज करावे अन्यथा उक्त समयावधि पश्चात किसी प्रकार की कोई आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
जबलपुर
दिनांक

हेमंत कुमार गुप्ता (एडवोकेट)
ऑफिस 907 जैन मंदिर के पास संजीवनीनगर गढ़ा जबलपुर मध्यप्रदेश
र.नं. 1206


## प्रथम पृष्ठ का शेष

### शिंदे समर्थक विधायकों पर...

अदालत ने स्पीकर से कहा कि वह एक सप्ताह के इस मामले पर हरकतमें आएं और तय नियमों के अनुसार जल्द कार्रवाई करें।

महाराष्ट्र के स्पीकर की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से चीफ जस्टिस ने कहा, 'मिस्टर एसजी, उनको फैसला तो लेना होगा। वह इस तरह नहीं कर सकते। आखिर स्पीकर ने 11 मई के अदालत के फैसले के बाद क्या किया?' दरअसल 11 मई को सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक बेंच ने कहा था कि इस मामले में स्पीकर को ही फैसला लेना होगा। विधायकों की अयोग्यता पर फैसला करना उसके अधिकार क्षेत्र से बाहर की बात है। यह याचिका शिवसेना के उद्धव गुट के सांसद सुनील प्रभु की ओर से दाखिल की गई थी। उन्होंने अदालत से मांग की थी कि वे स्पीकर को आदेश दें कि विधायकों की अयोग्यता के मामले में तय समय के अंदर ऐक्शन लिया जाए। दरअसल 50 से ज्यादा विधायकों पर तलवार लटकी हुई है। यदि फैसला उनके खिलाफ जाता है तो महाराष्ट्र की राजनीति में हलचल तेज हो जाएगी। फिलहाल एनसीपी का भी एक गुट सत्ता में शामिल है। इस गुट की एंट्री के बाद से ही कयास लग रहे हैं कि भाजपा ने बैकअप प्लान के तहत ऐसा किया है। वह मानती है कि यदि एकनाथ शिंदे के विधायकों की सदस्यता जाती है वह अजित पवार गुट के माध्यम से महाराष्ट्र की सत्ता पर काबिज रहेगी।


### कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मण्डला (म.प्र.)

दूरभाष 07642-252443 ई-मेल - cephedmal@mp.nic.in फेक्स - 07642-253622
निविदा क्र. 111/2023-24 / नि.शा. / लो. स्वा. याँ. / 2023 मण्डला, दिनांक 12.09.2023

निम्नानुसार कार्य हेतु ऑनलाईन वेबसाईट http://mptenders.gov.in/nicgep/app पर निविदा आमंत्रित किये जाते है। ऑन लाईन निविदा प्रस्तुत किये जाने की अंतिम तिथि 22/09/2023 सायं 17.30 बजे तथा निविदा खुलने का दिनांक 25/09/2023 सायं 12.00 बजे के पश्चात् है। निविदा से सम्बंधित कोई भी संशोधन ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर प्रदर्शित है। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट http://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है।

Name of Work: Out Sourcing of 10 nos Computer Operator and 02 nos Lab Attendant and 02 Nos Unskilled Labor for 12 Month to The PHE Sub Division Office Mandla of District Mandia (M.P.)

| क्र. | निविदा क्रमांक | ई-टेण्डर आई डी. नं. | उपखण्ड का नाम | कार्य की संख्या | | | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | धरोहर राशि (रुपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | कम्प्युटर ऑपरेटर | लेब असिस्टेंट | अकुशल श्रमिक | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 111/ 2023-24 | 2023_ PHED_ 307188_1 | मण्डला | 10 नग | 02 नग | 02 नग | 25.99 | 50000 | 5000 | 12 माह वर्षाकाल सहित |

नोट- निविदा प्रपत्र उपरोक्त वेबसाईट पर केश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से ऑनलाईन भुगतान पर क्रय किया जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
मण्डला (म.प्र.)

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरुरी है।
G-19898/23

### म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड
### कार्यालय का नाम : कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) दक्षिण संभाग कटनी
फोन नं.-9425802698, ईमेल- eesouthkatni@gmail.com

1912

**विद्युत प्रदाय बंद रहने की सूचना**

132 के. व्ही. पनागर ढीमरखेड़ा लाईन मेंटनेंस करने हेतु शटडाउन किया जाना है जिस कारण निम्नलिखित 33 / 11 के.व्ही. उपकेन्द्र से विद्युत प्रदाय बंद रहेगा।

| 132 के.व्ही. फीडर का नाम | दिनांक | समय | प्रभावित क्षेत्र | संबंधित अधिकारी का नाम | मोबाइल नम्बर |
|---|---|---|---|---|---|
| 132 के.व्ही. 1. पनागर ढीमरखेड़ा फीडर | 20/09/2023 | सुबह 06 बजे से दोपहर 12 बजे तक | 33 के.व्ही. उपकेन्द्र 1. ढीमरखेड़ा, सिलौड़ी, दशरमन, खिरहनी, मझगवां, झिन्नापिपरिया से विद्युत प्रदाय होने वाले समस्त निम्नदाब उपभोक्ता एवं उच्चदाब उपभोक्ता | श्री कृष्ण मोहन | 9425806213 |

नोट :- विद्युत प्रदाय बंद रहने की समयावधि आवश्यकतानुसार बढ़ाई या घटाई जा सकती है।
विद्युत संबंधी सभी शिकायत के निराकरण हेतु 1912 नि:शुल्क नं. पर दर्ज करावें।

(हस्ता. इंजी. व्ही.के. सिंह)
कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) दक्षिण संभाग
म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. कटनी

### कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला-मण्डला (म.प्र.)
E-mail id-deodmandla01@gmail.com

क्रमांक / निर्वा./निविदा/2023/708 मण्डला, दिनांक 12/09/2023

**आगामी विधान सभा आम निर्वाचन-2023 / लोक सभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जांच-नाका, अन्य संवेदनशील स्थानों में वेबकास्टिंग, सीसीटीवी कार्य हेतु हेतु ई-निविदा**
**आवेदन हेतु शल्क रुपये 1000.00 (एक हजार रुपये मात्र) Non Refundable**
**(भाग एक)**
**विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना**

आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023/लोकसभा निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु स्थापित किये जाने वाले जांच-नाका, अन्य संवेदनशील स्थानों में वेबकास्टिंग, सीसीटीवी कार्य हेतु वेबसाईट www.mptenders.gov.in या https://mptenders.gov.in के माध्यम से GST पंजीकृत अनुभवी प्रतिष्ठित फर्मों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित है। इस कार्य को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का पालन करते हुए बिना किसी बाधा के समय-सारणी (Time line) में पूर्ण किया जाना है। निविदा संबंधी कार्यक्रम निम्नानुसार निर्धारित है-

| स.क्र. | Tender Schedule | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Published Date | 13.09.2023 | 10.00 am |
| 2 | Document Sales Start Date | 13.09.2023 | 12.30 pm |
| 3 | Document Sales End Date | 03.10.2023 | 05.00 pm |
| 4 | Bid Submission Start Date | 13.09.2023 | 12.30 pm |
| 5 | Bid Submission End Date | 03.10.2023 | 05.00 pm |
| 6 | Technical Bid Opening Date | 05.10.2023 | 02.00 pm |
| 7 | Financial Bid Opening Date | कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार यथा समय। | |

किसी प्रकार के संशोधन की सूचना अलग से प्रकाशित नहीं की जावेगी। संशोधन संबंधित सूचनायें केवल वेबसाईट पर ही अपलोड की जावेगी।

(डॉ. सलोनी सिडाना)
कलेक्टर एवं
जिला निर्वाचन अधिकारी मण्डला (म.प्र.)

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरुरी है।
G-19858/23

### इंडियन बैंक Indian Bank इलाहाबाद ALLAHABAD सतना (म.प्र.)

**विक्रय सूचना का प्रकाशन (ई- नीलामी द्वारा)**

**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) एवं 6(2) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल एवं चल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

सर्वसाधारण को साधारणतया एवं ऋणी/जमानतदार/बन्धककर्ता को विशेषतया यह सूचना दी जाती है कि निम्न वर्णित सम्पत्तियों का इंडियन बैंक के पक्ष में प्रतिभूति हित का सृजन है जिसका कब्जा इंडियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (4) के अंतर्गत लिया गया है एवं बैंक की बकाया राशि मय ब्याज, चार्जेस आदि वसूलने हेतु निम्न शर्तों एवं नियमों के अंतर्गत निम्नलिखित प्रतिभूति आस्तियों का **"जहाँ है जैसी है एवं बिना कोई आधार के"** आम जनता से निविदा का आमंत्रण कर ई- नीलामी दवारा विक्रय करने का निर्णय लिया गया है। विक्रय अधोहस्ताक्षरी द्वारा सर्विस प्रदाता की ई- नीलामी वेबसाइट प्लेटफार्मः (1) https://www.ibapi.in (2) http://www.mstcecommerce.com पर संपन्न होगा। वर्तमान में संपत्ति पर **भौतिक कब्जा** नहीं है।

| क्रं. सं. | शाखा का नाम एवं पता | (1) खाते का नाम एवं पता (2) ऋणी का नाम एवं पता प्रोपराइटर/पार्टनर/ डायरेक्टर का नाम (3) जमानतदार एवं उसके पिता/पति का नाम | (1) बंधक संपत्ति जिसकी नीलामी हो रही है का विवरण एवं (2) टाइटल डीड होल्डर का नाम | (1) मांग सूचना दिनांक (2) कब्जा दिनांक (3) सुरक्षित ऋण का विवरण | (1) आरक्षित मूल्य (2) धरोहर राशि (3) बिड बढ़ाने की राशि (4) विक्रय की दिनांक एवं समय | प्राधिकृत अधिकारी का नाम एवं सम्पर्क नम्बर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सतन मेन / प्रथम तल इंडियन बैंक बिल्डिंग, जय स्तम्भ चौक, सतना | **ऋणी- 1. श्री अनुभव खरे पिता स्व. श्री अरूण कुमार खरे,** पताः कपूर सर्विस स्टेशन के पास, वार्ड नं. 12, प्रेम नगर, बर्डाडीह चौक, सतना (म.प्र.)- 485001 **2. जागीर स्व. श्री अरूण कुमार खरे पिता राम प्रसाद खरे, प्रतिनिधित्व विधिक उत्तराधिकारी, अ) श्रीमति मीना खरे (पत्नि), ब) श्री अभिनव खरे (पुत्र)** पताः कपूर सर्विस स्टेशन के पास, वार्ड नं. 12, प्रेम नगर, बर्डाडीह चौक, सतना (म.प्र.)- 485001 | सम्पत्ति के सभी भू-भाग सम्पत्ति स्वामी- श्री अनुभव खरे, स्थित खसरा नं. 1/1/1/5 (भाग), एरिया- 0.202 हेक्टे. या 21743 वर्गफुट, मौजा- मझगवां, प.ह.नं.- 26/31, (कोठी रोड के पास), ब्लॉक- सोहावल, तहसील- रघुराज नगर, सतना, (ऋण पुस्तिका नं. LH- 939376, सेल डीड नं. MP348622018A1086225 दिनांक 07/02/2018), चतुर्सीमा- उत्तर- रास्ता, दक्षिण- राजेश खरे एवं अन्य की अराजी, पूर्व- राजेश खरे एवं अन्य की अराजी, पश्चिम- स्वयं की बची हुई अराजी। **Property ID No. IDIB50434501933** | 15-05-2023 / 23-08-2023 / Rs. 48,21,240/- + ब्याज 15.05.2023 से एवं अन्य खर्च | Rs. 63,62,000/- / Rs. 6,36,200/- / Rs. 50,000/- / दि. 21-10-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक | श्री राकेश कुमार यादव 7003426479 |
| 2 | मोरवा / एन.सी.एल. कॉलोनी, मोरवा | **ऋणी- 1. मेसर्स चन्द्रकमल इन्टरप्राईजेस (प्रोप्रा. श्री निशीथ चन्द्र सिन्हा),** वार्ड नं. 8, अयप्पा मंदिर के पास, सिंगरौली (म.प्र.)- 486889 **प्राप्राईटर एवं बंधककर्ता- 2. श्री निशीथ चन्द्र सिन्हा पिता स्व. श्री के.एस.एस. सिन्हा,** वार्ड नं. 0-9, मकान नं. 725/1, भगत सिंह कॉलोनी, अयप्पा मंदिर के पास, सिंगरौली (म.प्र.)- 486889 **जमानतदार- 3. श्री सोमन भादुरी पिता श्री चितरंजन भादुरी,** वार्ड नं. 8, पुराना मार्केट, क्राईस्ट ज्योति स्कूल के पास, सिंगरौली (म.प्र.)- 486889 **जमानतदार- 4. श्री नारायण शर्मा पिता श्री प्रकाश शर्मा,** वार्ड नं. 5, नेहरू नगर, सीता राम मंदिर के पास, सिंगरौली (म.प्र.)- 486889 | सम्पत्ति के सभी भू-भाग भूमि एवं भवन सम्पत्ति स्वामी- श्री निशीथ चन्द्र सिन्हा पिता श्री के.एस.एस. सिन्हा, स्थित खसरा नं. 370/2/79/क, एरिया 0.020 हेक्टेयर स्थित मेधुली, सिंगरौली (म.प्र.)। चतुर्सीमा- उत्तर- विक्रेता की बची हुई भूमि, दक्षिण- लिंक रोड, पूर्व- लिंक रोड, पश्चिम- रामाधर बैस की भूमि **Property ID No. IDIB50198543573** | 14-09-2022 / 10-05-2023 / Rs. 36,36,583/- + ब्याज 14.09.2022 से एवं अन्य खर्च | Rs. 29,50,000/- / Rs. 2,95,000/- / Rs. 25,000/- / दि. 21-10-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक | श्री संतोष कुमार नायक 8056170076 |

**ई- नीलामी की दिनांक एवं समय- 21/10/2023, सुबह 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक,**
**ई- नीलामी प्लेटफार्म https:ibapi.in and https://www.mstcecommerce.com, https://indianbank.in पर सम्पन्न होगी**

नोट- यह सूचना उपरोक्त ऋण के कर्जदार/गारंटरों /बंधककर्ताओं को उपरिवर्णित तिथि को इस बिक्री के आयोजन और अन्य विवरण के बारे में नोटिस भी है।
**दिनांक: 19/09/2023, स्थान- आंचलिक कार्यालय: द्वितीय तल, बैंक बिल्डिंग, जय स्तम्भ चौक, सतना (म.प्र.)**

प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक

उवाच

## हम लोग हर समय चुनाव के लिए तैयार : नीतीश



**पटना, एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड के शीर्ष नेता नीतीश कुमार ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बिहार में जल्द चुनाव होने के वक्तव्य पर पलटवार करते हुए आज कहा कि वह हर समय चुनाव के लिए तैयार हैं। कुमार ने सोमवार को यहां मॉरीशस के राष्ट्रपिता स्व. सर शिवसागर रामगुलाम की जयंती के अवसर पर आयोजित राजकीय कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री शाह के वक्तव्य कि बिहार में चुनाव जल्द होगा से संबंधित सवाल के जवाब में कहा वे लोग तो पूरे देश में जल्द चुनाव कराना चाहते हैं। जितना जल्दी चुनाव करा दें उतना अच्छा है, हमलोग तो इंतजार कर रहे हैं।।

जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान जनसभा में मुख्यमंत्री ने पूछा-

# दिल पर हाथ रखकर बताएं, भाजपा सरकार में काम हुए हैं या नहीं?



**सागर, देशबन्धु ।** आप दिल पर हाथ रखकर बताएं, भाजपा सरकार आने के बाद प्रदेश में काम हुए हैं या नहीं? क्या कांग्रेस की सरकार ने ऐसी कोई योजना बनाई थी, जिससे आपको सीधा फायदा हो? यह सवाल आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जनता से पूछा। वह सागर जिले के सुरखी में महाकौशल क्षेत्र की जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने अपने गठबंधन को आईएनडीआईए तो रख लिया, लेकिन ऐसा नाम रखने से कोई इंडिया नहीं बन जाता।

श्री चौहान ने कहा कि मैं सरकार नहीं, परिवार चलाता हूं। मध्यप्रदेश में मेरा साढ़े 9 करोड़ लोगों का परिवार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के सम्मान में उनके खाते में 6 हजार रुपए डालते हैं, हम भी 4 हज़ार रुपए उनके खाते में डालते थे जिसे बढ़ा कर अब 6 हज़ार कर दिया है। अब कुल मिलाकर 12 हज़ार रुपए किसानों के खाते में आ रहे हैं। श्री चौहान ने कहा कि जिन बहनों का किसी कारण से प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम नहीं आया है, वो मुख्यमंत्री आवास योजना में आवेदन कर सकती हैं। सुरखी की जनसभा के दौरान भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रभात झा, संसदीय बोर्ड की सदस्या श्रीमती सुधा यादव, प्रदेश सरकार के मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभिलाष पाण्डेय एवं स्थानीय भाजपा नेता उपस्थित रहे।

### अब घरों में नल से आता है पानी : खट्टर

आमसभा में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि जब से भाजपा सरकार प्रदेश में आई है, तब से प्रदेश कि सूरत ही बदल गई है। हर जगह सीमेंट की सड़कें दिखाई देती हैं, घरों में नल से पानी आ रहा है, किसानों को सम्मान निधि मिल रही है। श्री खट्टर ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी और लाड़ली बहना जैसी अनेकों योजनाओं ने मध्यप्रदेश की तस्वीर ही बदलकर रख दी है। जनसभा के बाद हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री खट्टर ने सुर्खी से ले कर बिलहरा राजा तक रोड शो किया। इस दौरान जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया गया। श्री खट्टर ने उपस्थित जनसमुदाय का अभिवादन करते हुए आगामी चुनाव में भाजपा के लिए आशीर्वाद मांगा।

### सुरखी में महाविद्यालय प्रारंभ किया जायेगा : शिवराज

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सुरखी में शासकीय महाविद्यालय प्रारंभ किया जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार किसानों, गृहणियों और विद्यार्थियों के हित में निरंतर कार्य कर रही है। जहां किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण सुविधा और किसान सम्मान निधि का लाभ दिलवाया जा रहा है, वहीं गृहणियों के हित में 450 रूपए में रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाने का कार्य किया गया है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से प्रदेश की सवा करोड़ से अधिक बहनें लाभान्वित हो रही हैं।

जम्बूरी मैदान में होगा सम्मेलन

## मुख्यमंत्री 26 को महिला समूहों को वितरित करेंगे स्कूटी

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 26 सितम्बर को भोपाल के जम्बूरी मैदान में महिला स्व-सहायता समूहों के सम्मेलन में समूहों को 1400 स्कूटी वितरित करेंगे। भोपाल के आस-पास के 5 जिलों के संकुल स्तरीय संगठनों को 50 स्कूटी राज्य स्तरीय सम्मेलन और सतना, बालाघाट, सागर, छिंदवाड़ा और शिवपुरी जिलों के सीएलएफ को ऑनलाइन स्कूटी वितरित की जाएंगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान महिला हितग्राहियों को बैंक ऋण के चेक भी प्रदान करेंगे। सम्मेलन में महिला स्व-सहायता समूह के लगभग 50 हजार सदस्य भाग लेंगे। मुख्यमंत्री ने समत्व भवन में हुई बैठक में आयोजन की तैयारियों की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक में अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्री मलय श्रीवास्तव सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### ओंकारेश्वर में 'स्टैच्यू ऑफ वननेस' का अनावरण 21 को

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के ओंकारेश्वर में स्थापित 'स्टैच्यू ऑफ वननेस' का अनावरण कार्यक्रम 21 सितंबर को किया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल होने वाले देश के सभी प्रमुख साधु-संतों का परंपरागत स्वागत-सत्कार किया जाएगा। वहीं, मानसून को देखते हुए आयोजन स्थल और यातायात व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन सतर्क रहेगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कार्यालय भवन समत्व में ओंकारेश्वर स्थित एकात्म धाम में एकात्मता की मूर्ति के अनावरण कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की।

आदिवासी कांग्रेस के कार्यक्रम में शामिल हुए कमलनाथ, कहा-

# राजा शंकर शाह का बलिदान सबके लिए प्रेरणा



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि राजा शंकर शाह का बलिदान हमारे लिए प्रेरणा है। वह आज राजधानी के मानस भवन में मध्यप्रदेश आदिवासी कांग्रेस द्वारा अमर शहीद आदिवासी जननायक राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि 18 साल की भाजपा सरकार ने आदिवासी भाइयों को क्या दिया है? केवल उन्होंने उनसे छीना ही है। पेसा कानून भी कांग्रेस लाई थी जो अभी तक भाजपा सरकार पूरे तरीके से लागू भी नहीं कर पाई है। आदिवासी दिवस भी कांग्रेस ने बनाया और आदिवासी भाइयों का कर्जा माफ करने का काम भी हमने किया।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आप अपना मांग पत्र बनाए और यह मांग आपको छाती ठोक कर यह मांगे मांगवानी है। कमलनाथ ने कहा कि कितनी शर्म की बात है कि आज आपको अंतिम संस्कार के लिए जमीन तक भी सरकार ने नहीं दी है। आदिवासी छात्रों के लिए हॉस्टल की सुविधा नहीं है, अस्पताल नहीं, यदि कुछ है तो उनमें डॉक्टर नहीं है, स्कूल है तो उसमें शिक्षक नहीं है। उन्होंने कहा कि आज के आदिवासी नौजवान और 20 साल पहले के नौजवान में बहुत अंतर है, क्योंकि वह किसी प्रकार की ठेकेदारी नहीं चाहता है वह सम्मान की नौकरी चाहता है। मुझे तो जानकारी है कि आज प्रदेश में आदिवासी भाइयों की नौकरी में तरक्की भी रुकी हुई हैं। वहीं मप्र आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष रामू टेकाम ने कहा कि आदिवासी समाज हमेशा से कांग्रेस के साथ रहा है। भाजपा सरकार ने हमेशा ही आदिवासी समाज के साथ छल, कपट और फरेब किया है। भाजपा के लोग आदिवासी वर्ग को प्रताड़ित और उनके साथ लगातार दुर्व्यवहार कर रहे हैं। पूर्व मंत्री ओंकारसिंह मरकाम, आदिवासी कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अजय शाह, महापौर विक्रम अहाके, प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं प्रकोष्ठ प्रभारी जे.पी. धनोपिया, सै. साजिद अली, प्रतिभा रघुवंशी ने भी संबोधित किया। इस दौरान चंद्रा सर्वटे, प्रकाश ठाकुर, राकेश परते, विनोद इरपांचे, प्रीति टेकाम, रेवा सिंह धुर्वे, प्रदीप मरकाम सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल थे।

राष्ट्रीय सरपंच संघ महासम्मेलन में बोले

## पंचायत में इंटरनेट की सरल व्यवस्था लागू की जाएगी

**भोपाल, देशबन्धु।** पंचायती राज व्यवस्था कांग्रेस द्वारा ही लागू की गई थी जिसको इस सरकार द्वारा धीरे-धीरे खत्म करने का काम किया गया है। हम उन सभी अधिकारों और सरपंचों के सम्मान को फिर से स्थापित करने का काम करेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने यह बात रवीन्द्र भवन राष्ट्रीय सरपंच संघ मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित सरपंच महासम्मेलन में कही।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार आने पर हम फिर से प्रदेश में यह व्यवस्था पूरी तरह से लागू करेंगे। बात चाहे मनरेगा की हो, सरपंचों के वेतन की हो, मनरेगा में जो पावर थी उसे दोबारा लागू करेंगे और सरपंचों के वेतन को दोबारा शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरपंच, उप-सरपंच और पंचों के अधिकारों और सम्मान को हम फिर से वापस दिलाने का कार्य करेंगे। पंचायत में कागजी कामों को कम करने की बात करते हुए उन्होंने कहा कि अब जमाना बदल चुका है। यहां पर्चा भरो, वहां कागज जमा करो, यह व्यवस्था नहीं चलेगी। अब इंटरनेट का जमाना है, इसीलिए हम कागजी कामों को कम करते हुए सरल काम करने का तरीका बनाएंगे। हमारी सरकार आने पर हम आपकी सभी मांगों को पूरा करने का प्रयास ही नहीं, बल्कि उनको जमीन पर करके भी दिखाएंगे।

कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सुरजेवाला का आरोप

# ओंकारेश्वर बाढ़ के लिए मुख्यमंत्री जिम्मेदार



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने खंडवा जिले के ओंकारेश्वर में आई बाढ़ के लिए मुख्यमंत्री को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने आज मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि जैसा सर्वविदित है कि भगवान जगतगुरु शंकराचार्य की मूर्ति के उद्घाटन का कार्यक्रम 18 सितंबर को प्रस्तावित था और इसके पहले 15 सितंबर को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को ओंकारेश्वर जाना था। मुख्यमंत्री को एक रपटे से होकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचना था, इसलिए प्रशासन ने ओंकारेश्वर बांध के फाटक बंद रखे ताकि रपटे के ऊपर से पानी न आ जाए।

श्री सुरजेवाला ने कहा कि तयशुदा कार्यक्रम के मुताबिक 15 सितंबर को मुख्यमंत्री ओंकारेश्वर पहुंचे, जबकि उससे पहले ही बांध में लगातार पानी बढ़ रहा था, जिसके चलते बांध के फाटक खोले जाने की खोलने की आवश्यकता थी, लेकिन प्रशासन पर अघोषित दबाव था कि बांध के फाटक न खोले जाएं, इसलिए बांध में पानी बढ़ने दिया गया। मुख्यमंत्री का कार्यक्रम पूरा होते ही बांध के फाटक एकदम से खोल दिए गए और ओंकारेश्वर तथा नदी के बहाव के निचले इलाकों में बहुत तेजी से पानी घुसा। हालांकि बाद में 18 सितम्बर को होने वाला कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। उन्होंने मांग की है कि सरकार को तत्काल इस कुशासन के लिए जनता से माफी मांगना चाहिए और मकानों को हुए नुकसान का संपूर्ण मुआवजा अविलंब पीड़ित परिवारों को देना चाहिए।

# पथ-विक्रेताओं का महासम्मेलन 23 को

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि 23 सितंबर को भोपाल में प्रदेश के पथ-विक्रेताओं का महासम्मेलन होगा, जिसमें शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के पथ विक्रेता शामिल होंगे। गोविंदपुरा स्थित दशहरा मैदान में होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम से सभी 413 नगरीय निकाय और समस्त ग्राम पंचायतें वर्चुअली जुड़ेंगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान महासम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। श्री चौहान ने कहा कि पथ-विक्रेता स्थानीय अर्थ-व्यवस्था के प्रभावी अंग हैं, उन्हें हरसंभव सहयोग और प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए राज्य शासन प्रतिबद्ध है। महासम्मेलन में पथ-विक्रेताओं से चर्चा होगी। चर्चा में वे अपने अनुभव तथा सफलता की कहानियाँ प्रदेश के अन्य पथ-विक्रेताओं से अवश्य साझा करें।

# चार पुलिस के आला अधिकारियों की तबादला सूची जारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** राज्य शासन ने चार आईपीएस अधिकारियों की तबादला सूची जारी की है। इसमें विजय कटारिया अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक को कल्याण विभाग से प्रशासन पुलिस मुख्यालय, जगदीप प्रसाद को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नारकोटिक्स, विजय भागवानी पुलिस उपायुक्त भोपाल से सहायक पुलिस महानिदेशक, संजय कुमार अग्रवाल सहायक पुलिस महानिरीक्षक को पुलिस उपायुक्त नगरीय भोपाल पदस्थ किया गया है।

# लोकसभा में 2 बार बज गया राष्ट्रगान

## अध्यक्ष ने दिए जांच के आदेश



**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद के विशेष सत्र के पहले दिन सोमवार को लोक सभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले ही अचानक सदन में राष्ट्र गान बजने से एक अजीब सी स्थिति पैदा हो गई। उस समय 11 नहीं बजे थे और न ही लोक सभा स्पीकर ओम बिरला अपने आसन पर बैठे थे। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले ही राष्ट्रगान शुरू हो गया और उस समय सदन में मौजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सोनिया गांधी समेत सभी सांसद सम्मान में खड़े हो गए। इसके खत्म होते ही लोक सभा के महासचिव उत्पल सिंह जैसे ही सदन के अंदर आए, प्रधानमंत्री मोदी ने उनसे जानने की कोशिश की कि क्या हुआ। लोक सभा स्पीकर बिरला के आने के बाद सदन की परंपरा के मुताबिक, राष्ट्रगान के साथ सदन की कार्यवाही शुरू हुई। विपक्षी दलों ने स्पीकर की मौजूदगी के बिना सदन में राष्ट्रगान बजने और दो बार राष्ट्रगान बजने को स्पीकर का अपमान बताते हुए सदन में हंगामा करना शुरू कर दिया। विपक्षी नेताओं के हंगामे के बीच लोक सभा स्पीकर बिरला ने कहा कि कोई अपमान नहीं हुआ है,यह टेक्निकल चूक है, आपने इसे संज्ञान में लाया है और इस चूक की जांच करवाई जाएगी।

### चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति वाला विधेयक हटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद के विशेष सत्र में सरकार ने अपने एजेंडे में बदलाव किया है। बहुप्रचारित चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े विधेयक पर मोदी सरकार ने अपने कदम पीछे खींच लिए हैं। माना जा रहा है कि विपक्ष के तीव्र विरोध के चलते अब कुछ बदलाव के बाद यह विधेयक अब सदन के पटल पर रखा जाएगा। उल्लेखनीय है कि चुनाव आयुक्तों से जुड़े विधेयक के प्रारूप पर विपक्ष का कड़ा ऐतराज था। विशेष सत्र के दौरान इस पर हंगामा होने की आशंका जताई जा रही थी। अभी तक चुनाव आयुक्तों का दर्जा सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के समकक्ष है। लेकिन,केंद्र का जो प्रस्तावित बिल था,उसमे चुनाव आयुक्त का दर्जा कम करके उसे कैबिनेट सचिव के बराबर कर दिया गया था। इसको लेकर भी विपक्ष खफा था और मोर्चा खोल रखा था।

**न्यायालय तहसीलदार राांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्र./1672/अ-6/2023-24
**आम इश्तहार**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रविन्दर पाल तलूजा/स्व. महिन्दर सिंह तलूजा नि.- 598 जी.सी.एफ. रोड साउथ सिविल लाइन ने नजूल ब्लाक नं. 92 प्लाट नं.1/3, 2/3, निर्मित रकवा/रकवा 1605 व.फु. /अवि. हिस्सा...ग्राम ... प.ह.नं... खसरा ....रकवा ... व.फु./ हे. विक्रय पत्र/हक त्याग/वसीयतनामा/ दान पत्र/वारसान हक दिनांक ..... मृत्यु दिनांक 19/07/1994 को हो जाने के कारण वारसान हक/क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र शपथ पत्र खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं.92 प्लाट नं.1/3, 2/3, निर्मित रकवा/रकवा 1605 व.फु. /अवि. हिस्सा...ग्राम ... प.ह.नं... खसरा ....रकवा ...व.फु./ हे. सरदार महिन्दर सिंह/अमरजीत सिंह वल्द सरदार प्रताप सिंह के नाम दर्ज है। अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 20/09/2023 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 04/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक 04/09/2023
पेशी दिनांक 20/09/2023
**तहसीलदार राांझी जबलपुर**
र.नं.- 1194

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं. क्र.11/19-20/.. दि.16/9/2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती नेहा धूपर पिता श्री दुर्गेश धूपर ने वार्ड क्रमांक 43 वार्ड का नाम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के भवन क्रमांक 170/1 कस्तूरबा पोस्ट ऑफिस के पीछे सम्पत्ति के पिन क्रमांक नया पिन जारी हेतु पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 566 व.फु. पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज अविनाशी पिता गयाराम खत्री का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं. क्र.11/19-20/.. दि.16/9/2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री दुर्गेश धूपर पिता बल्देवराज धूपर ने वार्ड क्रमांक 43 वार्ड का नाम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के भवन क्रमांक 170 पोस्ट ऑफिस के पीछे सम्पत्ति के पिन क्रमांक 43000109, 1000450302 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 566 व.फु. पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्रीमती अविनाशी पिता गयाराम खत्री का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/162 दिनांक 18.09.2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री दीपक कुकरेजा पिता श्री गिरीश कुमार कुकरेजा ने मकान नं. 2897 का भाग वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 462 व.फु. मैजनाइन-880 व.फु. दान पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**राजस्व निरीक्षक संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/164 दिनांक 18.09.2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गुरविन्दर सिंह राजपूत पिता श्री हरजिन्दर सिंह राजपूत ने मकान नं. 214-217 नया 737-738 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 1180 व.फु. प्रथम तल 1180 व.फु. द्वितीय तल 1180 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**राजस्व निरीक्षक संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/161 दिनांक 18.09.2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1. नरेश छत्तानी पिता श्री गोविंददास दत्तानी 2. श्रीमती रश्मि छत्तानी पति श्री कीर्ति छत्तानी ने मकान नं. 134/129 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी क्षेत्रफल 4663 व.फु. भूतल 2429 व.फु. बैसमेंट-1962 व.फु. प्रथम तल 2429 व.फु. द्वितीय तल 2429 व.फु. तृतीय तल 2429 व.फु. रिलीज डीड के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**राजस्व निरीक्षक संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 16/09/2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती अंजना कुशवाहा पत्नी जितेन्द्र कुशवाहा 2. श्रीमती कीर्ति कुशवाहा पत्नी दीपक कुमार ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के भवन क्रमांक ख.नं. 57 नया 57/2 का हिस्सा कृष्णा कालोनी भोंगाद्वार सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000386175 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 2014 व.फु. जिस पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री प्रमोद कुमार चौधरी पिता अनूप लाल का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 18/09/2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विशाल स्वामी पिता श्री शिवशंकर स्वामी ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के भवन क्रमांक 2027/12 वी कजरवारा बियर हाउस के पास बिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 46000418, 1000390025 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा ... व.फु. पर निर्मित भूतल 800 व.फु. आर.सी.सी. प्रथम तल 300 व.फु. सीमेंट शीट पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती इन्द्रा स्वामी पति श्री एम.एस. शंकर स्वामी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/167 दिनांक 18.09.2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1. श्रीमती मानसी कालवे पति श्री मुकेश कालवे 2. श्री मुकेश कालवे पिता श्री रत्नाकर राव कालवे ने मकान नं. 470/1 ए -पी वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान क्षेत्रफल 1550 व.फु. खुली भूमि विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**राजस्व निरीक्षक संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/163 दिनांक 18.09.2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कृष्ण कुमार मिश्रा पिता स्व. श्री प्रेमशंकर मिश्रा ने मकान नं. 1046/2 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान क्षेत्रफल 1007 व.फु. भूतल 901 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**राजस्व निरीक्षक संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र./ सं. क्र.11/19-20/.. दि.16/9/2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अमित सोनकर दीपशिखा सोनकर पिता प्रकाश चन्द सोनकर ने वार्ड क्रमांक 54 वार्ड का नाम पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड के भवन क्रमांक ब्लाक नं.-13 प्लाट नं. 4/1 समीक्षा टाउन सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1004397075 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 3000 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में श्रीमती कस्तूरी बाई पति स्व. पन्ना लाल का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 18/09/2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सतीश कुमार समन पिता श्री तारा चन्द समन ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के भवन क्रमांक 1059/डी-16 कृष्णा होम्स बिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000387017 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा ... व.फु. पर निर्मित भूतल 950 व.फु. आर.सी.सी. प्रथम तल 950 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज विश्वास पटेल आशीष पटेल पिता डॉ. एस.आर. पटेल का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 16/09/2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राज कुमार मालवी पिता बादामी लाल मालवी ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक पीएनओ-45 चग्गर फार्म तिलहरी व्यू सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1004528348 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 880 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज अमरीक सिंह चग्गर पिता हरबंश सिंह चग्गर, श्रीमती मनिन्दर कौर पत्नी अमरीक सिंह चग्गर का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 16/09/2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुहंस कुमार देव पिता श्री राजेन्द्र प्रसाद ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक ख.नं. 319/9 चग्गर फार्म तिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1002885816 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 1455 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 1100 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 1100 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज आशीष जुनेजा पिता श्री लक्ष्मण दास जुनेजा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/153 दिनांक 18.09.2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि द्वारका ईस्टेट वेन्चर्स प्राई. लिमि. द्वारा डाय. श्री सतीश चंद पोद्धार पिता स्व. श्री द्वारका पोद्धार ने मकान नं. 769, 779 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती क्षेत्रफल खुली भूमि 14329 व. फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**राजस्व निरीक्षक संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/166 दिनांक 18.09.2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुमित गुलाटी पिता श्री अनिल गुलाटी ने मकान नं. 663/11 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती द्वितीय तल 795 व. फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**राजस्व निरीक्षक संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र./ सं. क्र.11/19-20/.. दि.16/9/2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रानी बाजपेई पत्नी रविशंकर बाजपेई ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चन्द बैनर्जी बार्ड के भवन क्रमांक 1932 डिफेंस कालोनी सिविल लाईन सम्पत्ति के पिन क्रमांक 44502040, 1000399017 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा ... व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 1280 व.फु. आरसीसी 120 सीमेन्ट शीट पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र शपथ पत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर निगम में डॉ. रविशंकर बाजपेई का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

देशबन्धु

जबलपुर, मंगलवार 19 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# इतिहास से कटने और अलग दिखने की कवायद

देश के ऐतिहासिक संसद भवन में बुलाये गये अंतिम सत्र का पहला व आखिरी दिन अनुमानों के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 'वन मैन शो' ही रहा। सत्र प्रारम्भ होने के पहले मीडिया के समक्ष जिस प्रकार से मोदी ने सकारात्मक नोट से अपनी बातें प्रारम्भ कीं तथा लोकसभा के भीतर अपने उद्‌बोधन में भी कुछ अच्छी बातें करके लोगों को कुछ समय के लिये चकित किया, उससे लगा कि मोदी भारतीय लोकतंत्र की गौरवशाली परम्परा का निर्वहन करते हुए यहां से बिदाई चाहते हैं। होना वही चाहिये था परन्तु अपनी तासीर के मुताबिक उन्होंने वे नकारात्मक बातें भी आखिरकार कह ही डालीं जो कम से कम ऐसे मौकों पर नहीं कहनी चाहिये थीं। बहरहाल, करीब 100 वर्ष पुराना यह संसद भवन, जो महान नेताओं के भाषणों, चर्चाओं, आरोप-प्रत्यारोपों, स्पष्टीकरणों, बयानों, अविश्वास प्रस्ताव लाने और विश्वास मत जीतने, प्रधानमंत्री समेत विभिन्न मतों की सरकारों के बनने व गिरने की अनेकानेक गाथाएं लेकर हमेशा के लिये बन्द हो रहा है। यह भी देखना होगा कि आगे इस भवन का इस्तेमाल किस तरह से मोदी सरकार करती है क्योंकि उनकी विचारधारा के विपरीत वैचारिकी व सैद्धांतिकी का प्रवर्तन करने वाली सारी इमारतों को वे ऐसा रूप देना चाहते हैं कि इतिहास उनका पीछा छोड़ दे।

यहां का सारा माल-असबाब अब नये संसद भवन में तो चला जायेगा लेकिन देखना होगा कि क्या नया संसद भवन लोकतंत्र को वैसा ही मजबूती प्रदान करेगा, जैसा इस भवन के दोनों सदनों- लोकसभा व राज्यसभा ने किया है? देखना यह भी होगा कि क्या प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा स्थापित असहमति के भी सम्मान की उज्ज्वल परम्परा का निर्वाह नयी संसद कर पायेगी? हालांकि पिछले 9 वर्षों से अधिक समय से देश तो असहमति के कुचलने के ही दृष्टांतों का साक्षी रहा है- संसद के भीतर ही नहीं बल्कि बाहर भी।

लोकसभा का चुनाव अगले साल के मध्य में निर्धारित है। मोदी इसके पहले ऐसा भवन बनवा लेना चाहते थे जिस पर उनका नाम ऐसा लिखा हो जो मिटाया न जा सके। सम्भवत: इसलिये कोरोना के वक्त इसका शिलान्यास हुआ और ढाई-तीन वर्षों की रिकार्ड गति से इसे पूरा कर लिया गया। यह वही समय था जब असंख्य लोग कोविड-19 की पहली और दूसरी लहर की चपेट में आकर आक्सीजन, एंबुलेंसों, अस्पताल में बिस्तरों की कमी से परेशान थे। श्मशान घाटों में लम्बी कतारें लगी थीं और मृत शरीर या तो नदियों में बहाये जा रहे थे अथवा नदी किनारे रेतों में दबाये जा रहे थे। दुनिया भर में जब सारी सरकारें अपने सारे वित्तीय संसाधनों का इस्तेमाल लोगों के बचाने में कर रही थीं, मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट सेंट्रल विस्टा निर्बाध रूप से साकार हो रहा था। संसद लोगों के लिये होती है परन्तु यह भवन लोगों की जान की परवाह किये बगैर पूरा हो रहा है जिसमें प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में बैठने का गौरव मोदी मंगलवार को प्राप्त करेंगे। एक धर्मनिरपेक्ष देश की सर्वोच्च पंचायत का उद्‌घाटन एक धर्म विशेष के आराध्य की पूजा-अर्चना के साथ होना साफ संदेश है कि मोदी एक धर्म विशेष को वरीयता देते हैं। सबसे अच्छी बात यह होती कि इसमें सभी धर्मगुरु आमंत्रित होते। ऐसा हो तो बहुत अच्छा है।

मोदी ने आश्चर्यजनक ढंग से ऐसे अनेक नामों का उल्लेख किया जिनका उच्चारण करने से वे कतराते हैं या उनकी सार्वजनिक आलोचना करते हैं। ऐसे लोगों में कांग्रेस के प्रधानमंत्रीगण नेहरू व लालबहादुर शास्त्री से लेकर मनमोहन सिंह तक शामिल हैं। उन्होंने संसद भवन की महत्ता व शक्ति को अनेक सन्दर्भों एवं उदाहरणों से स्थापित तो किया परन्तु यह समझाने में वे असफल रहे कि अगर यह भवन इतना महत्वपूर्ण है तो उसे छोड़कर नया भवन क्यों अपनाया जा रहा है जबकि सच्चे लोकतांत्रिक देशों के सांसद अपनी ऐतिहासिक इमारतों में ही बैठकर जनसेवा करते हैं। उनका बार-बार यह कहना कि नये भवन में नयी ऊर्जा, नये संकल्पों और नये विश्वास के साथ काम होगा, कहीं से इतने बड़े निर्णय को तर्कसंगत नहीं ठहराता क्योंकि ऊर्जा, संकल्प और विश्वास का सम्बन्ध तो मन से है। भला सीमेंट और सरियों से बनी इमारत से उसका क्या लेना-देना है? आखिरकार वर्ष 1947 में 14 व 15 अगस्त की रात को नेहरू ने जो अपना महान भाषण 'नियति से साक्षात्कार' (ट्रिस्ट विद डेस्टिनी) को पढ़ा था, वह भी तो अंग्रेजों की बनवाई इसी इमारत के इसी हाल में पढ़ा था जहां खुद मोदी ने 9 वर्षों से अधिक शासन किया और कई फैसले लिये हैं। यह अलग बात है कि वे सारे असफल सिद्ध हुए जिन्होंने देश को बदहाल व विभाजित ही किया है।

सम्भवत: अपनी इन्हीं नाकामियों से पीछा छुड़ाने के अलावा इतिहास से खुद के साथ तमाम भावी पीढ़ियों को काटने के लिये मोदी नयी इमारत का रुख कर रहे हैं। शायद यह भवन उन्हें उदात्त लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय मर्यादाओं की बारम्बार याद दिलाता होगा। भारत के जिन महान आदर्श पुरुषों की वे आलोचना करते हुए भी उनके समकक्ष होना चाहते हैं, उन्होंने मोदी को इस भवन की चारदीवारियों के बीच सहज नहीं होने दिया होगा। इतिहास से वे अलग दिखना चाहते हैं, इसलिये वे इससे बचकर अपने लिये अलग शरणस्थली निर्मित कर चुके हैं, जहां दूसरे दिन की कार्रवाई होगी, इस सत्र के तहत 22 सितम्बर तक होगी और आगे भी होती रहेगी। शायद मोदी सोचते होंगे कि नये भवन में जाने से इतिहास नये सिरे से लिखा जायेगा जिसमें उनकी नापंसदगी के लोग व घटनाएं नहीं होंगीं और अकेले वे ही होंगे, तो वे भूल कर रहे हैं। पते बदल जाने से इतिहास नहीं बदलता।

# विशेष सत्र, मोदी जी की वाहवाही के लिए!

संसद के रहस्यमय विशेष सत्र का रहस्य, इस सत्र की पहली बैठक से ही काफी हद तक खुल गया लगता है। ऐसा नहीं है कि तमाम संसदीय नियम-कायदों तथा जनतंत्र के तकाजों के विपरीत, मोदी मंडली ने अब भी सांसदों से भी इसकी जानकारी छुपाने की कोशिश खत्म कर दी हो कि पांच दिन के इस विशेष सत्र में, आखिर विशेष क्या होगा? हैरानी की बात नहीं है कि विशेष सत्र से ठीक पहले, संसद में प्रतिनिधित्व-प्राप्त सभी पार्टियों की बैठक के बाद भी, राज्य सभा में आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह, बहुत मुखर होकर इसकी शिकायत कर रहे थे कि इस बैठक तक में, विभिन्न पार्टियों के नेताओं को यह नहीं बताया गया कि सत्र में ठीक-ठीक, क्या-क्या होने जा रहा है। दोनों सदनों के संदर्भ में जिन कतिपय विधेयकों के लिए जाने की जानकारी आयी है, उनके अलावा भी कुछ है जो अभी नहीं बताया जा रहा है, इस धारणा को मोदी मंडली अब भी सायास बल दे रही है। और तो और, सत्र शुरू होने के ऐन पहले, संसद के बाहर मीडिया के लिए अपने एकालापी संबोधन में, प्रधानमंत्री ने जिस तरह, विशेष सत्र के 'समय में छोटा' किंतु 'ऐतिहासिक निर्णयों' से भरा होने की बात कही है, उसने भी सत्र के 'छुपे एजेंडा' की अटकलों को कुछ बल ही दिया है।

इसके बावजूद, इस विशेष सत्र की लोकसभा की पहली बैठक की शुरूआत से इस संभावना को बहुत बल मिला है कि शायद इस विशेष सत्र की मुख्य विशेषता, इसका प्रधानमंत्री की मोदी की वाहवाही का विशेष अवसर बनाया जाना ही हो। जैसाकि आसानी से अनुमान लगाया जा सकता था, लोकसभा की बैठक की शुरूआत स्पीकर द्वारा जी-20 के सफल आयोजन के लिए बधाई देने के नाम पर, प्रधानमंत्री मोदी के ''नेतृत्व'' की भूरि-भूरि प्रशंसा किए जाने के साथ हुई। और इसके फौरन बाद, 'संसद की 75 वर्ष की यात्रा' पर प्रधानमंत्री मोदी के विस्तृत संबोधन में, जी-20 की सफलता के लिए आत्मश्लाघा के इस सिलसिले को और आगे बढ़ाया गया, जिसका संकेत प्रधानमंत्री ने बैठक शुरू होने से पहले के, संसद के दरवाजे पर दिए गए अपने वक्तव्य में ही दे दिया था। और जैसाकि आसानी से अनुमान लगाया जा सकता था, प्रधानमंत्री ने इसके साथ चंद्रयान-3 की सफलता को भी जोड़ दिया। इसके लिए वह अपने खास अंदाज में चांद पर तिरंगा फहराने के साथ ही, शिव-शक्ति पाइंट की याद दिलाना नहीं भूले।

फिर भी प्रधानमंत्री मोदी के इस लगभग एक घंटे के भाषण से लोकसभा को कुछ हैरानी जरूर हुई होगी। संसद की 75 वर्ष की यात्रा की चर्चा का प्रधानमंत्री का यह भाषण, कुछ ज्यादा ही मौके के अनुरूप था। पिछले नौ साल से ज्यादा में नरेंद्र मोदी का संसद में और वास्तव में संसद के बाहर भी, दूसरा शायद ही कोई ऐसा भाषण हुआ होगा, जिसमें उन्होंने अपने से पहले के दौर को, इतनी उदारता से याद किया होगा। नरेंद्र मोदी के मुंह से पंडित जवाहरलाल नेहरू और श्रीमती इंदिरा गांधी के लिए प्रशंसा के शब्द सुनकर, बहुतों को अवश्य हैरानी हुई होगी। जवाहरलाल नेहरू के 15 अगस्त 1947 की मध्यरात्रि के ''ट्राइस्ट विद डेस्टिनी'' वाले भाषण का ही संसद की 75 साल की यात्रा में नरेंद्र मोदी ने उल्लेख नहीं किया, बांग्लादेश के आंदोलन के लिए इंदिरा गांधी के समर्थन और बांग्लादेश की स्थापना में योगदान का भी उल्लेख करना उन्हें जरूरी लगा। प्रधानमंत्री मोदी के मुंह से ऐसे निर्विवाद और अनाक्रामक बोल सुनना, कम से कम अब बेशक हैरान करता है।

फिर भी इसका अर्थ यह नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने इस संबोधन में सचमुच पूरी तटस्थता से, संसद की 75 साल की यात्रा का आख्यान प्रस्तुत करने की कोशिश की। जाहिर है कि मोदी के लिए न तो यह संभव था और न ही उनसे कोई इसकी अपेक्षा भी करता है। उल्टे मोदी से वस्तुगतता की अपेक्षा इतनी कम हो चुकी है कि उनके भाषण में खासतौर पर विपक्षियों के प्रति आक्रामकता में कमी और लंबे अर्से तक प्रधानमंत्री के रूप में देश का नेतृत्व करने वाले कांग्रेस से जुड़े अपने पूर्व-वर्तियों, विशेष रूप से नेहरू तथा इंदिरा गांधी के लिए सम्मान के दो शब्द कहने भर से, उनका भाषण हैरान करने वाला लगने लगा। वर्ना नरेंद्र मोदी की इस ओढ़ी हुई उदारता की ''सीमाएं'' भी साफ दिखाई दे रही थीं। जिस तरह उन्होंने पूर्व-प्रधानमंत्रियों में राजीव गांधी का जिक्र तक करना जरूरी नहीं समझा और मनमोहन सिंह के कार्यकाल को किसी भी सकारात्मक चीज के लिए याद करना तो दूर रहा, सिर्फ उनके दौर में हुए ''कैश फॉर वोट'' प्रकरण के लिए ही याद करना जरूरी समझा, उससे साफ था कि प्रधानमंत्री मोदी का रुख नहीं बदला था, वह सिर्फ मौके के हिसाब से अपना स्वर थोड़ा एडजस्ट कर रहे थे। वर्ना प्रधानमंत्री को इसका बखूबी पता होगा कि कैसे ''कैश फॉर वोट'' प्रकरण की जांच में आखिरकार, कुछ भी नहीं निकला था। उल्टे उस प्रकरण में मास्टर माइंड के रूप में कुख्यात हुए, दिवंगत अमर सिंह, अपने आखिरी समय में नरेंद्र मोदी की पार्टी के ही साथ जुड़ चुके थे।



राजेन्द्र शर्मा

मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्व या यूपीए-1 के दौर में वामपंथ के दबाव में बने सूचना का अधिकार, वनाधिकार, शिक्षा का अधिकार तथा ग्रामीण रोजगार अधिकार कानूनों और यहां तक कि लोकपाल कानून के रूप में, आम जनता को अधिकारसंपन्न करने के पहलू से हुई प्रगति के तो, नरेंद्र मोदी जैसे सैद्धांतिक रूप से ही खिलाफ हैं। उनका मानना तो यह है कि अधिकारों के शोर से देश यानी जनता को ''कर्तव्यों'' की ओर ले जाने की जरूरत है।

मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्व या यूपीए-1 के दौर में वामपंथ के दबाव में बने सूचना का अधिकार, वनाधिकार, शिक्षा का अधिकार तथा ग्रामीण रोजगार अधिकार कानूनों और यहां तक कि लोकपाल कानून के रूप में, आम जनता को अधिकारसंपन्न करने के पहलू से हुई प्रगति के तो, नरेंद्र मोदी जैसे सैद्धांतिक रूप से ही खिलाफ हैं। उनका मानना तो यह है कि अधिकारों के शोर से देश यानी जनता को ''कर्तव्यों'' की ओर ले जाने की जरूरत है। यह भी हैरानी की बात नहीं है कि लोकसभा के स्पीकरों का जिक्र करते हुए भी, नरेंद्र मोदी को पहले स्पीकर के बाद, सिर्फ भाजपा के दो स्पीकरों के नाम याद रहे और सोमनाथ चैटर्जी तक का नाम याद नहीं रहा। दूसरी ओर, खुद ही अपनी प्रशंसा का बाजा बजाते हुए नरेंद्र मोदी ने अपने प्रधानमंत्रित्व काल में संविधान की धारा-370 का खत्म किया जाना, जीएसटी आदि, अपने हिसाब से अपनी पहले की तमाम उपलब्धियों का भी ठीक-ठाक तरीके से बखान किया, जबकि किन्हीं सीमाओं के जिक्र को अपने आस-पास फटकने तक नहीं दिया। आखिरकार, उन्हें अपने पूर्ववर्तियों के कार्यकाल की उतार-चढ़ाव भरी कहानी के सामने, अपनी सिर्फ कामयाबियों भरी कहानी जो पेश करनी थी।

फिर भी कुल मिलाकर यह प्रधानमंत्री मोदी का एक प्रकार से विदाई भाषण था। और विदाई भाषण के अनुरूप इसमें पूर्व-वर्तियों के प्रति कुछ उदारता थी और सब के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन था। हालांकि, मोदी जी को यह बखूबी याद था कि यह विदाई पुराने संसद भवन की ही थी, जिसका पता संसद की दीवारों तक के प्रति उनके कृतज्ञता ज्ञापन से लगता था, फिर भी यह भाषण सुनते हुए बहुतों को यह मोदी जी का विदाई भाषण ही लगा हो, तो हैरानी की बात नहीं होगी। ऐसा लगता है कि प्रधानमंत्री मोदी का यह संबोधन, इस विशेष सत्र के बुलाए जाने के सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्यों में से एक था। याद रहे कि यह सिर्फ प्रधानमंत्री के संबोधन की बात नहीं है। यह पुराने संसद भवन से संसद के नये भवन में जाने को, अपने आप में एक बड़े और ऐतिहासिक ईवेंट का रूप दिए जाने का मामला है। और इस संबोधन के जरिए प्रधानमंत्री मोदी को उसी प्रकार, इस समूचे ईवेंट के केंद्र में स्थापित किया जाना है, जैसे सेंगोल संस्कार के माध्यम से, प्रधानमंत्री मोदी को जून के आखिर में हुए नये संसद भवन के उद्‌घाटन के ईवेंट के केंद्र में स्थापित किया गया था। इस ईवेंट पर अतिरिक्त ऐतिहासिकता लादने की सचेत कोशिश में प्रधानमंत्री मोदी ने अपने विदाई संबोधन के आखिर में यह याद दिलाने का विशेष रूप से ध्यान रखा कि वह, वर्तमान और भविष्य के संधिकाल पर खड़े थे; वर्तमान को भविष्य से जोड़ने वाली कड़ी पर खड़े होकर देश का नेतृत्व कर रहे हैं। यह खुद ही अपने लिए जबर्दस्ती महानता का आविष्कार की सचेत कोशिश के सिवा और कुछ नहीं है।

पांच दिन के सत्र में से पहला दिन, 'संसदीय यात्रा' में और दूसरा दिन सांसदों के नये भवन में प्रवेश में निकल जाने के बाद, बचे हुए तीन दिनों में कोई और धमाका किए जाने के आसार कम ही हैं। उधर कांग्रेस के महिला आरक्षण का मुद्दा उठाने तथा बीआरएस के सांसदों के इस मांग पर संसद में गांधी की प्रतिमा पर प्रदर्शन करने के बाद, महिला आरक्षण के मामले में भी मोदी सरकार के कोई धमाका करने की उम्मीद लगभग खत्म ही हो गयी है। ऐसे में हैरानी की बात नहीं होगी कि संसद भवन तबादले के बाद, बाकी विशेष सत्र सरकारी काम की रस्मअदायगी में ही गुजरे और आगे कोई उल्लेखनीय ईवेंट न हो। वैसे भी प्रधानमंत्री मोदी की वाहवाही के इस नयी संसद ईवेंट के बाद और कोई ईवेंट होगा तो अब, इस मुख्य ईवेंट से ध्यान बंटाने का ही काम करेगा और यह मोदी जी के छवि निर्माताओं को हर्गिज मंजूर नहीं होगा।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

# 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' प्रस्ताव पर व्यापक बहस और चर्चा की जरूरत

■ हरिहर स्वरूप

एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर बहस दो संबंधित विषयों - तकनीकी व्यवहार्यता और राजनीतिक उद्देश्यों - के इर्द-गिर्द घूमती हुई प्रतीत होती है। इस मकसद के समर्थक कई तकनीकी मुद्दों को उठाते हैं -जैसे चुनाव की बढ़ती लागत, प्रशासनिक तकनीकी समस्याएं और भ्रष्टाचार की संभावनाएं, शासन पर लगातार चुनावों का नकारात्मक प्रभाव और नीतिगत पहल का चुनाव-केंद्रित होना।

ये चिंताएँ बिल्कुल नयी नहीं हैं। चुनाव सुधारों पर विभिन्न आधिकारिक रिपोर्टों, जिनमें विधि आयोग की 170वीं रिपोर्ट भी शामिल है, जिसका हाल ही में जारी सरकारी अधिसूचना में प्रमुखता से उल्लेख किया गया है, ने कई मौकों पर इन महत्वपूर्ण तकनीकी प्रशासनिक सवालों को उठाया है। इस तथ्य से कोई इनकार नहीं कर सकता कि ये मुद्दे हमारी लोकतांत्रिक राजनीति के कार्यात्मक पहलुओं को प्रभावित करते हैं।

'एक राष्ट्र, एक चुनाव' थीसिस के विरोधी भाजपा के राजनीतिक उत्साह पर सवाल उठाते हैं। सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति को एक सोची-समझी राजनीतिक चाल के रूप में देखा जा रहा है। इस प्रस्ताव को लागू कैसे किया जा सकता है उसके लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में गठित एक उच्चस्तरीय समिति में विपक्ष के नेता के रूप में शामिल किये गये कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने समिति के संदर्भ की शर्तों की आलोचना की है।

चुनाव सुधार बनाम राजनीतिक मकसद की बहस ने निश्चित रूप से हमारे सार्वजनिक बहस में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। चुनाव, जिसे हमेशा हमारी राजनीतिक व्यवस्था का एक सुलझा हुआ मुद्दा माना जाता रहा है, लोकतंत्र का एक खुला और अनसुलझा प्रश्न बनकर उभरा है। सटीक रूप से, इसी कारण से, संविधान की ओर वापस जाने की आवश्यकता है जो लोकतंत्र की एक स्पष्ट, निरंतर विकसित होने वाली अवधारणा की परिकल्पना करता है। इस अर्थ में, संविधान को एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रस्ताव के पुनर्मूल्यांकन के लिए एक महत्वपूर्ण संदर्भ बिंदु के रूप में लिया जा सकता है।

अधीर रंजन चौधरी की राय में, यह प्रस्ताव राजनीति से प्रेरित है तथा 'आधारभूत रूप से गैर-व्यवहार्य और तार्किक रूप से कार्यान्वित नहीं हो सकने वाला' है। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप नेता अरविंद केजरीवाल अपनी आलोचना में एक कदम और आगे बढ़ गये हैं। उनके मुताबिक, 'अगर एक राष्ट्र, एक चुनाव लागू हो गया तो वे (भाजपा नेता) पांच साल तक अपना चेहरा नहीं दिखायेंगे।'

चुनाव सुधार बनाम राजनीतिक मकसद की बहस ने निश्चित रूप से हमारे सार्वजनिक बहस में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। चुनाव, जिसे हमेशा हमारी राजनीतिक व्यवस्था का एक सुलझा हुआ मुद्दा माना जाता रहा है, लोकतंत्र का एक खुला और अनसुलझा प्रश्न बनकर उभरा है। सटीक रूप से, इसी कारण से, संविधान की ओर वापस जाने की आवश्यकता है जो लोकतंत्र की एक स्पष्ट, निरंतर विकसित होने वाली अवधारणा की परिकल्पना करता है। इस अर्थ में, संविधान को एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रस्ताव के पुनर्मूल्यांकन के लिए एक महत्वपूर्ण संदर्भ बिंदु के रूप में लिया जा सकता है।

विशेष रूप से, हमें एक बहुत ही बुनियादी प्रश्न की जांच करने की आवश्यकता है- औपनिवेशिक भारतीय संदर्भ में संवैधानिक लोकतंत्र और चुनावों के बीच क्या संबंध है?

हमें याद रखना चाहिए कि भारतीय संविधान एक राजनीतिक आंदोलन का परिणाम है। हमारा राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम, विशेष रूप से, महात्मा गांधी के नेतृत्व में इसका प्रमुख संघर्ष, केवल उपनिवेशवाद विरोधी नहीं था, यह सामाजिक परिवर्तन के व्यापक उद्देश्य को प्राप्त करने में लोगों की भागीदारी के विचार के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध था। यह राजनीतिक कल्पना उन संसाधनों में से एक थी जिसने संविधान सभा में विचार-विमर्श को प्रभावित किया।

संविधान ने अंतत: संसदीय लोकतंत्र को न केवल सरकार के एक रूप के रूप में, बल्कि भविष्य के भारत में राष्ट्रीय आंदोलन की आकांक्षाओं को साकार करने के एक साधन के रूप में भी अपनाया। इस अर्थ में, संविधान हमें समानता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों द्वारा निर्देशित एक धर्मनिरपेक्ष राजनीति बनाने के लिए लोकतंत्र का भविष्य-उन्मुख अर्थ प्रदान करता है।

हालाँकि, संविधान एक कानूनी-प्रशासनिक दस्तावेज़ भी है। इसे उस तंत्र का वर्णन करना होगा जिसके द्वारा लोकतंत्र की इस आदर्श कल्पना को वास्तविक रूप से कार्यान्वित किया जा सके। यह चुनाव के विचार को बहुत प्रासंगिक बनाता है। अनुच्छेद 324-327 को ध्यान से पढ़ने पर पता चलता है कि चुनाव को स्पष्ट रूप से धर्मनिरपेक्ष अर्थों में नागरिकों की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने के एक उपकरण के रूप में देखा जाता है। संविधान सरकार को यह याद दिलाता प्रतीत होता है कि लोकतंत्र एक राजनीतिक गुण है, जिसे बीआर अंबेडकर द्वारा संवैधानिक नैतिकता कहे जाने वाले सिद्धांत को विकसित करके पूरी तरह से महसूस किया जाना चाहिए; और इस तर्क के अनुसार, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना राजनीति को उत्तरदायी और लोकतांत्रिक बनाने का सबसे महत्वपूर्ण साधन है।

संविधान सर्वोच्च विधायी निकाय, संसद को इस लोकतंत्र-चुनाव संतुलन को मजबूत करने के लिए भविष्य के कानून बनाने का अधिकार देता है। साथ ही, यह अपेक्षा की जाती है कि न्यायपालिका जन-आधारित कानूनी व्याख्याओं को विकसित करके इस संवैधानिक जनादेश की फिर से रक्षा करे। बुनियादी संरचना सिद्धांत इस संबंध में एक अच्छा उदाहरण है।

## पावन प्रसंग

# आत्मा और मन की दीवाली है संवत्सरी महापर्व

आज संवत्सरी का महापर्व है। जन-जन के अन्तर्मानस में अभिनव जागृति का संदेश लेकर यह पर्व उपस्थित हो गया है। इसे क्षमा पर्व भी कहते हैं। इस पर्व को मनाने का क्या उद्देश्य है? आज ही क्यों मनाया जाता है? आगे पीछे भी तो मनाया जा सकता है, पर ऐसी बात नहीं है। इस पर्व के पीछे एक इतिहास है, उसे जानना-समझना भी प्रासंगिक है।चातुर्मास के एक सौ बीस दिनों में जब सत्तर दिन शेष रह जाते हैं और शुरु के उनपचास दिन बीतने पर जब पचासवाँ दिन आता है तो वहीं सांवत्सरिक दिवस होता है। पचासवें दिन को संवत्सरी के रूप में मनाने का क्या रहस्य है? इसे भी आप जानें।

उत्सर्पिणीकाल के पहले आरे में प्रकृति असौम्य और कुपित थी। सूर्य का ताप इतना प्रचण्ड-भीषण था कि मानव का खुले में रहना तो दूर, घूम-फिर भी नहीं सकता था। धरती की रेत-बालू का स्पर्श दहकती आग के समान था। उस समय का मानव प्रकृति की इस प्रतिकूलता के कारण- गंगा-सिन्धु नदियों के किनारे, वैताढ्य पर्वत की गुफाओं में रहता था। प्रात:काल की ठंडक में तत्कालीन मनुष्य जलीय जीवों को रेत-बालू में गाड़कर गुफाओं में चले जाते थे। शाम तक वे जीव उष्मा से पक जाते थे। तब शाम को इन्हीं जीवों का वे आहार करते थे। मनुष्य मांसभक्षी और हिंसक थे। यों कहना चाहिए कि उत्सर्पिणीकाल के पहले. आरे का मनुष्य, मानव न होकर दानव, क्रूर, असहिष्णु, हिंसक और निर्दयी था। जब दूसरा आरा शुरू हुआ तो प्रकृति ने अपना रूप बदला वह सौम्य और अनुकूल होने लगी। संवर्त्तक मेघों की वृष्टि सात दिन तक हुई। फिर सात दिन मौसम खुश्क और खुला रहा। फिर सात दिन दुग्ध वृष्टि हुई। फिर सात दिन मौसम खुला रहा। सात-सात दिन के इसी क्रम से अमृतमेघ, रसमेघ, घृतमेघ और जलमेघ लगातार वर्षे। एक कम पचास, उनपचास दिन बीते तो प्रकृति हरी-भरी हो गई। फल-फूलों से वृक्ष लद चुके थे। पचासवें दिन का मौसम बड़ा सुहाना और था। सभी मानव गुफाओं से बाहर निकले और आपस में मिलकर एक संकल्प किया-हमारे खाने को जब इतने अच्छे मीठे मधुरे फल हैं तो अब हम मांस का उपयोग क्यों करें? हम विशुद्ध शाकाहारी क्यों न बनें। इस प्रकार आज के ही दिन मनुष्यों ने क्रूरता और हिंसा का त्याग कर प्रेम का पाठ सीखा। इस प्रकार अपने अन्त:करण की शुद्धि के संकल्प का वह दिन सांवत्सरिक दिन निश्चित हुआ। यह नव वर्ष का पहला दिन है। बोलचाल, जन प्रचलन में यही सांवत्सरिक पर्व या 'संवत्सरी' के नाम से जाना जाने लगा।

संवत्सरी पर्व यद्यपि जैन समाज का महापर्व है, पर मेरी दृष्टि में तो दानवता से मानवता का वरण करने के कारण यह मानवता का महापर्व है। शास्त्रों में ऐसा उल्लेख है कि भगवान महावीर ने आत्मशुद्धि के लिए इसी दिन को सांवत्सरिक दिवस निश्चित किया-

क्षमा करें और क्षमा माँग लें, जीत है इसमें हार नहीं।

क्षमा वीर का भूषण हैं, यह कायर का व्यवहार नहीं

अन्त पुन: आप सभी से मेरा विशेष आग्रह है कि पारस्परिकता को प्रगाढ़ता दें, एक-दूसरे को ठीक तरह से समझें, किसी के प्रति कटुता और कालुष्य का भाव अपने मन में न रखें। कटुता का भाव सबसे पहले उसी का अनिष्ट करता है, जो इसे अपने भीतर स्थान देता है। क्षमा और समत्व के आधार पर सम्पूर्ण संसार में निश्चित रूप से मधुरता से परिपूर्ण वातावरण निर्मित किया जा सकता है। यदि ऐसा कुछ कर पाये और मैत्री भाव के दीप संजो सके तो यह महापर्व सम्वत्सरी सभी के लिए वरदान रूप सिद्ध होगा।

**कांतिलाल मांडोत**

## आपके पत्र

# प्रेमी युगलों की मौतें कैसे रोकी जाएं ?

लगभग प्रतिदिन प्रेमी जोड़ों द्वारा आत्महत्या कर मृत्यु का आलिंगन करने के समाचार पढ़ने को मिलते हैं। क्या कारण है कि आज भी समाज प्रेमी जोड़ों को जिंदा रहकर जीवन जीने का अवसर नहीं देता। जो युवक-युवती प्रेम विवाह करते हैं उनमें से कईयों की या तो हत्या कर दी जाती है या वे स्वयं परेशान होकर आत्महत्या कर लेते हैं। कल (17 सितंबर 2023) के अखबारों में एक प्रेमी जोड़े द्वारा की गई आत्महत्या का समाचार पढ़ने को मिला। यह जोड़ा नरसिंहपुर जिले से आत्महत्या करने के लिए भोपाल आया था। उसने एक दुर्गम स्थान पर आत्महत्या की।

कुछ दिनों पूर्व अहमदाबाद से यह समाचार आया था कि एक पूरे परिवार ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली क्योंकि उनके परिवार की एक बेटी ने एक दलित युवक से प्रेम विवाह कर लिया था। प्रेम एक अत्यधिक पवित्र रिश्ता होता है। अनेक प्रेम के रिश्ते से किए गए विवाह आज सदियों बाद भी याद किए जाते हैं। इनमें लैला-मंजनू, शीरी-फरहाद, सोहनी-महिवाल, ब्रिटेन के राजा द्वारा प्रेम की खातिर गद्दी त्यागकर एक साधारण परिवार की लड़की से विवाह आदि शामिल हैं। ''मेरे तो गिरधर गोपाल दूसरो न कोई'' मीरा का यह भजन आज भी करोड़ों लोगों की जुबान पर है। यद्यपि इसे आध्यात्मिक प्रेम के रूप में याद किया जाता है। प्रेम पर आधारित बनीं अनेक फिल्में, कहानियां और उपन्यास बड़े चाव से देखे और पढ़े जाते हैं।

इस सबके बावजूद प्रेम हत्याओं और आत्म हत्याओं की वजह बनता है। दु:ख की बात है कि समस्या की ओर समाज का ध्यान नहीं गया है। वैसे संविधान और कानून में किसी भी वयस्क व्यक्ति को स्वयं के बारे में विवाह समेत किसी भी प्रकार का निर्णय लेने का अधिकार दिया गया है। परंतु किसी परिवार का वयस्क युवक या युवती स्वत: निर्णय लेकर अपने प्रेमी से विवाह कर लेता है तो उसके परिवार के सदस्यों के अहं को चोट लग जाती है और फिर वह उसकी हत्या पर आमादा हो जाता है।

इसी तरह एक परिवार ने अपनी बेटी से बदला लेने के लिए उसके साथ उसके भाई और भाभी के रहने का प्रबंध किया ताकि मौका पाकर विद्रोही बेटी की हत्या की जा सके।

मेरी राय में संपूर्ण समाज, कानूनविदों, जनप्रतिनिधियों आदि को मिलकर कोई ऐसा निदान ढूंढना चाहिए ताकि प्रेम के नाम पर और प्रेम के कारण अनावश्यक खून-खराबा बंद हो सके और प्रेम संबंधों को लेकर मधुर गीत गाए जा सकें।

**-एल. एस. हरदेनिया**

# ज्ञान की पाठशाला है गजानन, दस दिन तक सिखाएंगे लाइफ मैनेजमेंट

**जबलपुर, देशबन्धु।** घरों में गणपति का आगमन हो चुका है। बुद्धि और एकाग्रता के देवता गजाजन को हर कोई घर में सुख समृद्धि और शांति के लिए विराजमान कर चुका है। लंबोदर, विनायक और गजानन...जिस तरह गणपति के अनेक नाम हैं, उसी तरह इनके गुण भी हैं। अपने नाम से साथ जहां यह महत्व रखते हैं, वहीं युवाओं को जीवन में प्रेरित कर रहे हैं। युवाओं का कहना है कि प्रथम पूज्य जीवन में कई अच्छी बातों की सीख देते हैं। वे जहां माता-पिता और रिश्तों के लिए समर्पण का भाव रखने की सीख देते हैं, वहीं आत्मसम्मान और परिवार की रक्षा करने की हिम्मत भी प्रदान करते हैं। गणेश चतुर्थी के मौके भी आइए जानते हैं शहर के लंबोदर से मिलने वाली ऐसी ही सीख, जो युवाओं की पथप्रदर्शक बनती है।

**आप सर्वश्रेष्ठ हैं... की सोच जरूरी**

गणपति का शीर्ष हाथी का है, लेकिन उन्होंने कभी खुद के आत्मविश्वास को डगमगाने नहीं दिया। वर्तमान में लोगों के साथ बॉडी शेमिंग को लेकर काफी परेशानी है। उन्हें यह ध्यान रखना होगा कि ईश्वर ने जो रंग रूप और काया दी है, उसका सम्मान करें। वहीं लोगों की बातों को अनदेखा कर खुद पर फोकस करें।

**रिश्तों को सम्मान देना**

लंबोदर हमेशा रिश्तों को सम्मान देने वाले हैं। माता-पिता में सम्पूर्ण ब्रह्मांड देखने की सीख गणपित से लेने की आवश्यकता है। भाई और बहन पर आए संकट से निपटने का दायित्व भी लंबोदर से सीखा जा सकता है।

**कर्तव्यनिष्ठा का पालन**



## युवाओं ने कहा प्रथम पूज्य लंबोदर सिखाते हैं कर्तव्यनिष्ठा और एकाग्रता का पाठ

गजानन अपने काम को लेकर कर्तव्यनिष्ठ थे। उन्हें जो छोटा या बड़ा काम दिया जाता था, वे अपने मूसक दोस्तों के साथ अतिउत्साह से करते थे। यह सीख युवाओं को भी जीवन में अपनाने की जरूरत है।

**क्षमा करने की प्रवृत्ति अपनाना**

गणेश जी से पिता महादेव को शीष काटने और चंद्रमा को उनका उपहास करने के लिए माफ कर दिया था। आज के दौर में लोग छोटी-छोटी बातों का बदला लेने की फिराक में होते हैं। गजानन की यह सीख क्षमा प्रवृत्ति अपनाने की सीख देती है।

**वचनबद्ध और स्वाभिमानी रहना**

लंबोदर के जीवन से वचनबद्ध रहने और अपने स्वाभिमान के लिए डटे रहने की सीख लेने चाहिए। यदि कोई वादा आपने लिया है तो उसे हर हाल में पूरा करने की क्षमता आपने होनी चाहिए।

**हर सीख का करें अनुसरण**

गजानन की हर बात का युवाओं को अनुसरण करना चाहिए। उन्हें माता-पिता से इतना प्रेम था कि उन्होंने उनके चक्कर लगाकर पूरा ब्रह्मांड घूम लिया था।

गुड पैरेंटिंग की कमी के कारण बच्चे पैरेंट्स की बातों को अनसुना करते है। माता-पिता, भाई बहन और विशेषकर मां की आज्ञा का पालन करने का गुर युवाओं को गणपति से सीखने की आवश्यकता है।

- लंबोदर से एकाग्रता का पाठ सीखने मिलता है। वे हर मुश्किल परिस्थिति में भी कभी धैर्य नहीं खोते थे और अपने कार्य के लिए एकाग्र होते थे। वर्तमान में हम सभी युवाओं को एकाग्रता की कमी है। किसी काम में विफलता मिलने पर उसे छोड़ देते हैं, लेकिन हमें यह समझना होगा कि निरंतर अभ्यास से ही सफलता मिलती है।

**- सावनी अग्रवाल,** स्टूडेंट

- वर्तमान में लोग स्टैंडर्ड के हिसाब से लोगों से दोस्ती रखते हैं, लेकिन गणपति के दोस्त मूसक हुआ करते थे। इस समय युवा स्कूल और कॉलेज में उन्हीं लोगों से दोस्ती करते हैं, जो उनकी तरह हो। ऐसे में गणपति की सीख हमें यह सिखाती है कि हर उम्र और हर वर्ग के साथ अच्छे संबंध रखना चाहिए।

**- अंचल कोष्टा,** प्रोफेशनल



# रादुविवि के अतिथिजनों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर, देशबन्धु।** रादुविवि के अतिथिजनों ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से यूनिवर्सिटी हेलीपेड पर अतिथि विद्वान प्रतिनिधि मंडल डॉ अजय मिश्रा,डॉ एस पी त्रिपाठी एवम डॉ ज्योति चौबे ने भेंट कर ज्ञापन सौप।ज्ञापन सौपने के दौरान नगर अध्यक्ष प्रभात साहू एवं केंट विधानसभा विधायक अशोक रोहाणी चर्चा में शामिल रहे। अतिथि विद्वान डॉ अजय मिश्रा ने कहा कि म.प्र.शासन ने प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयो में कार्यरत अतिथि विद्वानों के मानदेय में किया गया बढ़ोतरी को यूनिवर्सिटी के अतिथि विद्वानों पर भी लागू किया जाए,एम पी पीएस सी परीक्षा में विश्वविद्यालय के अतिथि विद्वानों के अनुभव को जोड़ा जाए।मध्यप्रदेश के अलग अलग विश्वविद्यालयो में कार्यरत अतिथि विद्वानों के पदनाम परिवर्तीत किया जाए।। उक्त मांगो पर माननीय मुख्यमंत्री जी से चर्चा में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी ने कहा कि विश्वविद्यालय सीधे तौर पर उच्च शिक्षा विभाग के अन्तर्गत नही आते है इसलिए उक्त घोषणा में विश्वविद्यालय का नाम नही जोड़ा गया था। साथ ही वहां पर उपस्तिथित समस्त अतिथि विद्वानों को अस्वस्थ किया कि समश्या का यथा शीघ्र निराकरण किया जाएगा। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के अतिथि विद्वान डॉ अजय मिश्रा,डॉ एस पी त्रिपाठी,डॉ रिंकेश भट्ट,डॉ अनुज प्रताप सिंह,डॉ शैलेश प्रशाद, मो. जावेद खान,डॉ वाशिद खान,डॉ प्रदीप विश्वकर्मा,डॉ रेणु पाठक,डॉ निधि दरबारी,डॉ दीप्ती जैन,डॉ कपिला शर्मा,डॉ हरीश यादव, डॉ प्रवेश पांडेय,डॉ अभय सिंह,डॉ ज्योति चौबे,डॉ संजीव श्रीवास्तव,डॉ गरिमा प्रवेश पांडेय,डॉ रोहित पांडेय, श्री ,श्री कामता प्रशाद,दीपेश मिश्रा,श्री नरेश,डॉ धीरेन्द्र मौर्या,डॉ अखिलेश मिश्रा,डॉ दिब्या सिंह,डॉ देवांशु गौतम,ई महावीर त्रिपाठी,चंदन अहिरवार,डॉ दीपक रजक,अभिषेक पांडेय,डॉ राजेश आरवे,राहुल नायक,डॉ दीपेंद्र सिंह राजपूत,मो इमरान आदि अतिथि विद्वान उपस्तिथित थे।




# धारा 370 एवं 35 ए समाप्त करना भारतीय संसद का ऐतिहासिक फैसला : सांसद

**जबलपुर, देशबन्धु।** देश और दुनिया में अनेक अवसर होते हैं जो इतिहास के पन्नों पर अंकित होते हैं, और कुछ घटनाएं ऐसी होती हैं जो इतिहास में अंकित होने पर इतिहास भी जिन्हें सहेजना चाहता है, और जो घट रहा है उसे अवसर के रूप में बदलने वाले हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री को मैं संपूर्ण देशवासियों की तरफ से आभार प्रकट करना चाहता हूं, जिनके कारण भारत के महान लोकतंत्र की 75 वर्षों की संसदीय यात्रा पर गर्व करने का अवसर हमें मिला है यह बात लोकसभा के मुख्य सचेतक एवं जबलपुर सांसद राकेश सिंह ने संसद के विशेष सत्र के दौरान संविधान सभा से अब तक 75 वर्षों की संसदीय यात्रा- उपलब्धियां, अनुभव, स्मृतियाँ और सीख पर केंद्र सरकार की ओर से चर्चा करते हुए लोकसभा में कही।

साँसद श्री सिंह ने कहा यह सदन इतिहास की गलतियों को सुधारने वाले एक फैसले के लिए भी जाना जाएगा। इसी सदन में भारत का अटूट हिस्सा रहे जम्मू कश्मीर को लेकर चर्चाएं हुई है। इसी सदन में माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश के गृह मंत्री माननीय अमित शाह जी ने जब धारा 370 व 35 ए के खात्मे का बिल प्रस्तुत किया। तो इतिहास में दर्ज होने वाली बहस भी इसी सदन में हुई। जिसका जवाब देते हुए माननीय गृह मंत्री जी ने कहा था कि देश की एकता और अखंडता के लिए आवश्यकता पड़ी तो जान भी दे देंगे और धारा 370 और 35 ए की समाप्ति के साथ आज जम्मू कश्मीर विकास की इबारत लिख रहा है।

# विकास रथ से शहर एवं गांव के कोने-कोने में हो रहा है योजनाओं प्रचार

**जबलपुर, देशबन्धु।** राज्य शासन द्वारा संचालित जन कल्याण की विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने जिले के आठों विधानसभा क्षेत्र में विकास रथ चलाये जा रहे हैं। सोमवार को विधानसभा क्षेत्र जबलपुर केण्ट के अंतर्गत एकता मार्केट, बिलहरी, गोरा बाजार, पेंटीनाका, तिलहरी आदि क्षेत्र में विकास रथों से प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं व उपलब्धियों की फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इसी प्रकार पाटन एवं सिहोरा विधानसभा क्षेत्र में मझौली, हटौली, खबरा, सिहोरा रोड, दर्शनी, सिहोरा रोड के गांवों में भी विकास रथ के माध्यम से कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया गया। इसके अलावा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की विधानसभा में भी विकास रथों से प्रदेश सरकार की योजनाओं प्रचार किया जा रहा है।

जनहित की योजनाओं के प्रचार-प्रसार करने राज्य शासन द्वारा जबलपुर जिले में चार विकास रथ भेजे गये हैं। प्रत्येक विकास रथ जिले की दो विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण कर वीडियो फिल्म के माध्यम से लोगों को योजनाओं की जानकारी दे रहें है। इसके लिये विकास रथ में एलईडी लगाई गई है। योजनाओं के साथ-साथ विकास कार्यों का प्रदर्शन भी एलईडी पर किया जा रहा है।

# मटर की बोनी के मद्देनजर कृषि अधिकारियों ने आदान विक्रय प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले की मटर की बोनी की तैयारियां जोरों पर है । किसानों को अच्छी गुणवत्ता का बीज एवं अन्य आदान सामग्री प्राप्त हो सके इसके मद्देनजर कृषि विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को शहपुरा विकासखंड के ग्राम सहजपुर में कृषि आदान विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया एवं लायसेंस की जांच की गई।



अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन डॉ इंदिरा पाठक त्रिपाठी के नेतृत्व में किये गये निरीक्षण के दौरान देखा गया कि विक्रेताओं द्वारा लायसेंस के अनुसार बीज एवं अन्य कृषि आदान सामग्रियों का भण्डारण एवं विक्रय किया जा रहा है अथवा नहीं तथा किसानों को बिल दिये जा रहे हैं या नहीं । निरीक्षण में संस्कार कृषि केंद्र, राहुल कृषि केंद्र, आयुष कृषि केंद्र, अभिनव कृषि केंद्र, चण्डोक मशीनिरी एग्रो डिवीज़न आदि प्रतिष्ठानों की जाँच की गई एवं प्राप्त कमियों के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिवस में जबाब प्रस्तुत करने हेतु समय दिया गया । समय सीमा में जबाब नहीं दिये जाने पर एवं संतोषजनक जबाब नहीं पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही उपसंचालक कृषि को प्रस्तावित की जायेगी ।

निरीक्षण में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी शहपुरा मेघा अग्रवाल, विषय वस्तु विशेषज्ञ पंकज श्रीवास्तव एवं क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एस के परतेती भी शामिल थे । कृषि अधिकारियों द्वारा किसानों स्व अपील की गई कि ऐसे विक्रेताओं से आदान सामग्री क्रय करें जिनके पास लायसेंस हो एवं क्रय की गई सामग्री का पक्का बिल अवश्य प्राप्त करे । किसानों से कहा गया है कि उनके क्षेत्र में यदि बिना अनुमति के कोई उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक की कोई भी दुकान संचालित हो रही है अथवा अवैध रूप से कृषि आदानों की पैकिंग की जानकारी हो तो तुरंत कृषि विभाग के अधिकारियों को जानकारी दे। जिससे की नियमानुसार कार्यवाही की जा सके एवं किसानों को होने वाली धोखाधड़ी से बचाया जा सके ।

# क्राइस्ट चर्च के पूर्व विद्यार्थियों की एसो .ने जिलहरीघाट में खुशहाली की कामना की



**जबलपुर, देशबन्धु।** 150 साल पुरान क्राइस्ट चर्चा स्कूल के इतिहास में पहली बार क्राइस्ट चर्च स्कूल्स एलोमुनाई एसोसिएशन द्वारा विगत दिवस गौ सेवा एवं हवन का आयोजन शांति आश्रम जिलहरीघाट जबलपुर में संपन्न हुआ। भारत वर्ष व विदेश में एलोमुनाई छात्रों एवं वर्तमान छात्रों के सुख समृद्धि और विकास के लिए किया गया था, इस कार्यक्रम में पूनम कक्कड़, विभा मल्होत्रा संजव तिवारी, पंकज शुक्ला, करूणा, नवनीत खंडेलवाल अरूण ककड़ प्रवीण मल्होत्रा गौतम मल्होत्रा मोहन तामसकर,कमलेश राय एवं रोहित खन्ना का सहयोग सराहनीय था। एलोमनाई के अध्यक्ष यतिन पटेल, रविन्द्र सिंह रील नितिन निगौंधी,विपिन लूनावन,सत्यनारायण गुप्ता प्रदीप नायडू डॉ.वायसी चाउ,रामजी अग्रवाल, श्रीजीता विश्वास, प्रवीण दत्ता, सुनील मियानी, डॉ.सुनील बहल, निखिल गुप्ता, निखिल पवहा ने इस कार्यक्रम में शुभ कामनाऐं दी।

# जीएसटी ट्रिब्युनल स्थापना का आधार ही मनमानी पूर्ण

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट का प्रिंसिपल बेंच जबलपुर में होने के बावजूद भी यह शहर जीएसटी अपीलेट ट्रिब्यूनल के स्टेट या एरिया या सर्किट बेंच से वंचित हुआ है। क्योंकि इन न्यायपीठों के स्थापना बाबद् आधार पूर्णतः मनमानी पूर्ण हैं।

यह अपील नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ.पीजी नाजपांडे तथा एड.वेदप्रकाश अधौलिया ने उपाध्यक्ष नीति आयोग नई दिल्ली को भेजी है तथा आवश्यक निर्देश जारी करने का निवेदन किया ।

क्षेत्रफल तथा जनसंख्या की तुलना में मध्यप्रदेश से छोटे राज्य जैसे कि छत्तीसगढ़ हरियाणा, केरल, पंजाब राजस्थान गुजरात आदि अनेकों राज्यों में एक से ज्यादा स्थानों में इन न्यायपीठों की स्थापना की गई है। यदि फाईल की गई अपीलों की संख्या का आधार है तो छत्तीसगढ़ केरल तथा हरियाणा में मध्यप्रदेश की तुलना में कम संख्या में अपीलों की फाईल किया जाता है। फिर भी इन राज्यों में एक से ज्यादा स्थानों पर न्यायपीठ होंगे। लेकिन मध्यप्रदेश में केवल राजधानी के नाम पर भोपाल में स्टेट बेंच स्थापित कर जबलपुर को पूर्णतः वंचित किया गया है।

# रेलवे में हिंदी टिप्पण आलेखन और निबंध प्रतियोगिताओं आयोजित हुई

**जबलपुर, देशबन्धु।** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सेठ गोविंद दास हिंदी पुस्तकालय में आज सोमवार को राजभाषा विभाग द्वारा हिंदी टिप्पण आलेखन और हिंदी निबंध प्रतियोगिताओं आयोजन किया गया।

मंडल राजभाषा अधिकारी अरविन्द पण्डे ने बताया कि डी.आर.एम. विवेक शील के मार्गदर्शन में मंडल में राजभाषा मास का आयोजन किया जा रहा है जो कि 05 अक्तूबर तक चलेगा। इसके तहत सोमवार को सुबह 11 बजे से आयोजित हिंदी टिप्पण आलेखन प्रतियोगिता में 100 पूर्णांक का प्रश्नपत्र रेल कर्मचारियों ने हल किया तथा शाम- 04 बजे से आयोजित हिंदी निबंध प्रतियोगिता में कर्मचारियों ने, कार्यालयीन कार्य में राजभाषा का प्रयोग कैसे बढ़ाएं, इस विषय पर निबंध लेखन किया।

मंडल के राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित उक्त दोनों प्रतियोगिताओं में मंडल के विभिन्न स्टेशनों व मंडल कार्यालय के कर्मचारियों ने भाग लेकर सफल बनाया।

# जबलपुर सहित प्रमुख स्टेशनों पर चलाया गया लिटरिंग कैंपेन

**जबलपुर, देशबन्धु।** मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील के निर्देशानुसार जबलपुर मंडल में स्वच्छता पखवाड़े के तहत स्वच्छ रेल, स्वच्छ रेल परिसर बनाने का संकल्प के साथ मंडल के सभी स्टेशनों पर प्लेटफॉर्मों, स्टेशन एरिया, सर्कुलेटिंग एरिया, प्रसाधन, प्रतीक्षालय, एफओबी, रेलवे ट्रैक, स्टेशन यार्ड एरिया, शौचालयों आदि की गहन साफ-सफाई सुनिश्चिति हेतु दिनांक 16 सितम्बर से अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत आज सोमवार 18 सितम्बर को जबलपुर, मदन महल, नरसिंहपुर, कटनी आदि में रेलवे कर्मचारियों द्वारा स्टेशन पर स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत एंटी लिटरिंग कैंपेन चलाया गया एवं प्लास्टिक कचरे का उपयोग ना करने के सम्बंध में स्टेशन पर स्टाफ एवं यात्रियों को जागरूकता अभियान के अंतर्गत कॉउंसलिंग किया गया।



इस अवसर पर स्वच्छता जागरूकता , नुक्कड़ नाटक, साफ-सफाई कार्य कर आमजन को सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने में व्यक्तिगत योगदान देने हेतु प्रेरित किया गया।

# जबलपुर संस्कारधानी का विशालतम् महिला समागम



**जबलपुर, देशबन्धु।** संत निरंकारी मण्डल ब्रांच जबलपुर में बहिन चम्पा भाटिया संयोजक रांची के सनिध्य जोन लेवल का विशाल महिला समागम सम्पन्न हुआ, आपजी ने हजारों की संख्या में महिला साधसंगत व भाइयों को संबोधित हुये पवित्र गीता के ज्ञान का उदाहरण देते हुये समझाया की गीता में भी ज्ञान और कर्म को सर्वोपरि माना गया है जब तक ब्रहम्ज्ञान को नहीं प्राप्त किया जाता तब तक कर्म करना भी असंभव है जैसा कि सतगुरू माता जी ने कहा है, कि जन्म के बाद व्यक्ति अपने परिवार को ही समझता है जोकि सीमित अवस्था है लेकिन ब्रहम्ज्ञान ज्ञान के पश्चात पूरे विश्व को अपना परिवार मानता है, अतः व्यापक सोच प्राप्त होती है। महिला समागम में जबलपुर ब्रांच के अतिरिक्त लालमाटी, राँझी, गढ़ा, सिहोरा, धनपुरी, मंडला, बालाघाट, सिवनी, नैनपुर, नरसिंहपुर,करेली, कटंगी, पांडरवानी, मुंगापार आदि आदि जिलों व जबलपुर के आस पास निकटवर्ती ग्रामों से महिला साधसंगत ने समागम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बहिन खुशबू नागपाल जी, जोनल इंचार्ज नवनीत नागपाल जी, सेवादल के अधिकारी सतीश आसवानी, आनंद कोष्टा जी, अनिल नानवानी जी, सीमा कोष्टा जी, भावना जी व टीम के सभी भाई बहिन सेवादारों का विशेष योगदान रहा।

# रमनगरा जी.आर.पी. लाइन में लीकेज सुधार का कार्य प्रगति पर : महापौर



**जबलपुर, देशबन्धु।** रमनगरा जी.आर.पी. 1300 एम.एम. राइजिंग मेन लाइन में विगत दिवस लीकेज हो जाने के कारण कोतवाली, मोतीनाला एवं देवताल स्थित उच्चस्तरीय पानी की टंकियों को भरा नहीं जा रहा है, इन क्षेत्रों में महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' एवं जल प्रभारी एम.आई.सी. सदस्य एकता गुप्ता के निर्देशानुसार आम नागरिकों को टैंकरों के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है।

## टैंकरों के माध्यम से संबंधित क्षेत्रों में नागरिकों को की जा रही है जलापूर्ति

जलापूर्ति सामान्य रूप से जल्दी बहाल हो इसके लिए महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, जल प्रभारी श्रीमती एकता गुप्ता, पार्षद अनुपम जैन, एवं विधायक प्रतिनिधि कल्लन गुप्ता, कार्यपालन यंत्री जल कमलेश श्रीवास्तव, सहायक यंत्री राजेश खम्परिया के साथ लीकेज स्थल पर पहुँचे और कार्यो की प्रगति देखी। इस अवसर पर महापौर श्री अन्नू ने बताया कि लीकेज सुधार का कार्य बहुत तेजी से जलविभाग की टीम द्वारा कराया जा रहा है। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल्दी से लीकेज कार्य पूर्ण कराकर जलापूर्ति समान रूप से बहाल की जाये। पेयजल आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था की गई है तथा दो दिन के अंदर सुधार कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा तथा सभी प्रभावित क्षेत्रों में सामान्य रूप से जलापूर्ति कराई जायेगी।




**इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 के तहत् नगर निगम द्वारा रेल्वे स्टेशन पर श्रमदान, नुक्कड़ नाटक एवं सफाई अभियान चलाया गया**-निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े के निर्देशानुसार स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत अंडियन स्वच्छता लीग 2.0 में नगर निगम द्वारा अलग-अलग स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किये गए। इसी क्रम में रविवार 17 सितम्बर 2023 को रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म नं. 1 पर, रेड स्पॉट एलिमिनेशन मे पान, गुटके के लाल निशानों को साफ करके स्वच्छता का संदेश लिखा गया, इसके साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को साफ सफाई रखने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान एवं शहर में स्वच्छता की ब्राण्ड एम्बेस्डर सुश्री मधु यादव, वार्ड 65 के पार्षद श्याम कनौजिया, एवं जबलपुर टीम के कप्तान माउन्टेन मैन अंकित सेन ने श्रमदान किया एवं स्वयं कचरा उठाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।

# लेखिका संघ द्वारा नयन सम्मानित

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश लेखिका संघ दमोह द्वारा वर्ष 2023 में आयोजित साहित्य सम्मान अलंकरण का आयोजन केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन जयंत मलैया की अध्यक्षता में हुआ जिसमें देश भर के साहित्यकारों को श्रेष्ठ साहित्य सम्मान से अलंकृत किया गया इस वर्ष यह सम्मान नगर के वरिष्ठ साहित्यकार कवि शायर इंजी. विनोद नयन को आशुतोष तिवारी स्मृति अलंकरण एवं 2100/ की नगद राशि के साथ, श्रीमती पदमा विजेंद्र तिवारी द्वारा प्रदान किया गया।





## हरतालिका तीजः महिलाओं ने रखा निर्जल व्रत

**जबलपुर देशबन्धु।** सोमवार को विवाहित महिलाओं के साथ मनपसंद वर पाने की मनोकामना को लेकर युवतियों ने भी हरतालिका का उपवास रखा। इस व्रत को करने वाली महिलायें निर्जला रहती हैं। रात चार पहर में पूजन आरती करती हैं, जिसके चलते पूरी रात मंदिरों और घरो मे फुलहरा बांधा गया था। यहां पर भजन कीर्तन के कार्यक्रम आयोजित किये गये। धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान शंकर को पाने के लिये माता पार्वती ने इस व्रत को रखा था। जिसके बाद आज भी परंपरा जारी है और विवाहित महिलाएं अपने पति की दीर्घआयु के लिये इस व्रत को रखती हैं।

## श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर में दस दिवसीय गणेश पर्व

जबलपुर, देशबन्धु। श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर जबलपुर में 19 सितंबर से 28 सितंबर तक दस दिवसीय गणेश पर्व श्रद्धा पूर्वक बड़े ही हर्ष एवं उल्लास से सभी कष्टों को दूर करने वाले श्री गणेश जी की पूजन एवं धार्मिक उत्सव गणेश चतुर्थी से अनंत चतुर्दशी तक प्रतिदिन प्रातः पूजन, आरती, अभिषेक, माला अर्पण, वस्त्र अर्पण, अथर्वशीर्ष पाठ, भजन कीर्तन, श्री गणेश जाप, सायं 7:15 बजे महा आरती, प्रसाद एवं आशीर्वचन सायं 7:30 बजे से प्रतिदिन आयोजित है! 19 सितंबर मंगलवार को महामंडलेश्वर योगिनी गुरु माँ राधा सरस्वती जी द्वारा आशीर्वचन, समिति के भक्तों द्वारा सुंदरकांड पाठ एवं हनुमान चालीसा पाठ रात्रि 8.30 बजे से आयोजित है!श्री सुप्तेश्वर विकास समिति के अनिल सिंह, विजय चौधरी, एस सी तिवारी, अशोक जोशी, सीताराम नेमा, प्रदीप जानी, राकेश पटेल, लखन मिश्रा, अशोक शर्मा, राजेन्द्र राय रामेश्वर चौबे,श्री मोहन अग्रवाल, विनय खरे, दिनेश गुप्ता, पंकज वैद्य, संतोष द्विवेदी, श्रीमती रूकमणी जोशी,श्रीमती मुन्नी मिश्रा,श्रीमती वैशाली कार्णिक,श्रीमती अभिलाषा नेमा,श्रीमती सीमा सिंह,श्रीमती पुष्कल चौधरी,श्रीमती स्मिता चौधरी,श्रीमती मंजू पटेल,श्रीमती आशा शर्मा,श्रीमती विन्दनी चौबे,श्रीमती ललिता अग्रवाल,श्रीमती सीमा राय,श्रीमती ऊषा रघुवंशी,श्रीमती सुनीला खरे,श्रीमती अलका जानी, श्रीमती तृप्ती भल्ला,श्रीमती मंजु व्योहार, श्रीमती अनिता गुप्ता,कु.गरिमा विश्वकर्मा, श्रीमती अनिता वर्दे ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ, भगवान श्री गणेश जी की कृपा एवं संतों के आशीर्वचन का सुखद आनंद प्राप्त करें





## छात्रों ने निभाई सत्ता के पक्ष-विपक्ष की भूमिका

**जबलपुर, देशबन्धु।** विद्यार्थियों ने युवा संसद मंचन प्रतियोगिता में यह बताया कि लोकतंत्र की सफलता में विधायिका कार्यपालिका एवं न्यापालिका की क्या भूमिका होती है। संभाग स्तरीय राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन केवि खमरिया में किया गया। कार्यकम में केवि संगठन उपायुक्त सोमित श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त हीरालाल, प्राचार्य केवि 2 आकांक्षा सैम्युअल, रिटायर्ट टीचर एसपी सिंह, प्राचार्य अमित श्रीवास्तव, उपप्राचार्य राजेन्द्र कुमार विश्वकर्मा मौजूद थे। कार्यक्रम में केवि छिंदवाड़ा, केवि सागर, केवि रीवा, केवि जीसीएफ, केवि वीएफजे, केवि सीएमएम से टीमों ने हिस्सा लिया।

## टिश्यू कल्चर तकनीक से बढ़ा बांस उत्पादन

**जबलपुर, देशबन्धु।** बांस का उपयोग प्राचीन काल से हो रहा है। वर्तमान में बांस रोजगार का जरिया बन चुका है। यह बात ट्रिपलआईटीडीएम के निदेशक डॉ. भारतेंदु कुमार सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि बांस उत्पादन, हैंडीक्राफ्ट आइटम्स और अन्य उत्पाद रोजगार को दिशा दे रहे हैं। सोमवार को राष्ट्रीय बांस दिवस के उपलक्ष्य में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में व्यवसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास संस्थान तथा कृषि विज्ञान संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर छात्रों द्वारा निर्मित किए गए बांस से बने सजावटी उत्पाद की प्रदर्शनी लगाई गई।



**रोग मुक्त बांस प्रजाति-** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसएफआरआई के प्रमुख वैज्ञानिक शैलेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि टिश्यू कल्चर की तकनीक से रोग मुक्त करने वाली बांस की प्रजातियां उत्पादित की जा रही है। रिटायर्ड प्रो. डॉ. केके जैन ने बांस की विभिन्न प्रजातियां, उपयोग और व्यवसाय की जानकारी दी।

इस मौके पर रादुविवि कुलपति प्रो. केडी मिश्र, प्रो. एमएल केवट, डॉ. मुकेश राय, डॉ. सोनाली निगम, डॉ. दुर्गा, डॉ. भावना यादव, डॉ. श्वेता तिवारी, डॉ. राजेश आरवे, डॉ. अजय मिश्रा, इंजी. महावीर त्रिपाठी, डॉ. दीपेन्द्र सिंह राजपूत, डॉ. रोहित पाण्डे मौजूद रहे।

## 396 वी नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा का कार्यालय उद्घाटन आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** 396 नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा का अस्थाई कार्यालय का उदघाटन जमुना सभागृह गोल बाजार में 19 सितंबर स्वयं 3.30 बजे गणेश पूजन परिक्रमा संचालक भगवान श्री हनुमान जी महाराज के पूजन अर्चन के साथ किया जाएगा। कार्तिक पूर्णिमा 27 नवंबर सोमवार को हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से विशाल नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा निकाली जाएगी यह 396 वी परिक्रमा रहेगी जिसमें लाखों श्रद्धालु भक्त उपस्थित होते हैं। नर्मदा महाआरती के संस्थापक परिक्रमा संरक्षक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल अध्यक्ष योगाचार्य डॉक्टर शिव शंकर पटेल संकीर्तनचार्य पंडित मनमोहन दुबे ने भक्तों से शामिल होने अपील की है।

## उमराह यात्रियों का जत्था मक्का मदीना रवाना

**जबलपुर,देशबन्धु।** नगर के 92 उमराह यात्रियों का जत्था डुमना विमानतल से मुम्बई के लिए रवाना हुआ, जिन्हें उनके परिजनों द्वारा फूल माला पहनाकर विदाई दी गई अल मदीना टूर्स के संचालक हाजी मुस्ताक के नेतृत्व में समस्त उमराह यात्री पवित्र स्थलों का भ्रमण कर पन्द्रह दिन बाद लौटेगा। उमराह यात्रा पर जाने वालों में शौकत अंसारी, वाजिद खान, परवीन अंसारी, मोहम्मद नाशिर खान, मुतकीम उसमानी आदि प्रमुख है। इस अवसर पर हाजी फराज हाजी, अमर आलम हाजी सलीमुद्दीन, हाफिज अशफाक खालिद मुबीन, अजीज शाह उपस्थित थे।



## गणेश चतुर्थी मेला के अवसर पर सवाई माधोपुर-दुर्गापुरा के मध्य मेला स्पेशल ट्रेन का संचालन

**जबलपुर देशबन्धु।** श्री गणेश चतुर्थी मेला के अवसर पर सवाई माधोपुरद्धदुर्गापुरा-सवाई माधोपुर के मध्य मेला स्पेशल रेल प्रसाशन द्वारा दोनों दिशाओं में 03-03 ट्रिप चलाया जा रहा है। यह अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेन सवाई माधोपुर से 18, 19 एवं 20 सितम्बर को तथा दुर्गापुरा से 19, 20, एवं 21 सितम्बर को चलेगी।

सवाई माधोपुरद्धदुर्गापुरा-सवाई माधोपुर के मध्य चलने वाली इस मेला स्पेशल ट्रेन में 2 एसएलआरडी सहित कुल 11 सामान्य कोच होंगे। गाड़ी संख्या 09819 सवाई माधोपुरद्धदुर्गापुरा मेला स्पेशल सवाई माधोपुर से शाम 08: 35 बजे प्रस्थान कर देवपुरा, चौथ का बरवाडा, इसरदा, सिरस, बनस्थली निवाई, चंनानी, चाकसू, श्योदासपुरा एवं सांगानेर होते हुए रात 11: 40 बजे दुर्गापुरा पहुँचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 09820 दुर्गापुरा-सवाई माधोपुर मेला स्पेशल दुर्गापुरा से रात 01: 30 बजे प्रस्थान कर सांगानेर, श्योदासपुरा, चाकसू, चंनानी, बनस्थली निवाई, सिरस, इसरदा, चौथ का बरवाडा एवं देवपुरा होते हुए सुबह 04:30 बजे सवाई माधोपुर पहुँचेगी।

## गणेशोत्सव में वैध कनेक्शन से ही बिजली उपयोग में लाई जाएं

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने गणेशोत्सव के आयोजकों से उत्सव में वैध कनेक्शन के माध्यम से ही बिजली उपयोग की अपील की है। बिजली कंपनी ने कहा कि कनेक्शन वैध लिया जाए। तार पर हुकिंग कर सीधे बिजली उपयोग में न ले, यह बहुत ही खतरनाक होता है। साथ ही उत्सव, बारिश के दौरान अतिरिक्त सतर्कता भी बरती जाएं। जमीन पर कोई तार न ऱखा जाए। उत्सव आयोजक कटे, टूटे तारों के पांडाल व कार्यक्रम स्थल पर उपयोग से बचे। सुरक्षा और सावधानियों पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि अप्रिय स्थिति निर्मित न हो। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अनय द्विवेदी ने कहा कि उत्सव खुशी, उमंग के निमित्त होते है, उत्सवों पर आयोजक बिजली के वैध कनेक्शन लेकर कार्य करे एवं सावधानियों, सुरक्षा मापदंडों का पालन करे, ताकि उत्सव में विपरीत स्थिति निर्मित नहीं हो। बिजली संबंधी किसी भी मदद या कोई सूचना के लिए 1912 या जोन, वितरण केंद्र प्रभारी से संपर्क किया जा सकता हैं।




## छात्रों को डिग्री नही स्किल होल्डर बनाएं

**जबलपुर, देशबन्धु।** छात्र जीवन महत्वपूर्ण होता है। कॉलेज में प्रवेश के बाद उन्हें सिर्फ डिग्री प्राप्त करने के लिए नहीं, बल्कि स्किल हेल्डर के रूप में तैयार किया जाना चाहिए। गवर्नमेंट साइंस कॉलेज के आयोजित ओरिएंटेशन प्रोगाम में फैकल्टी मेंबर्स को यही जानकारी दी गई। प्राचार्य डॉ. एएल महोबिया ने कहा कि छात्रों को सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि प्रैक्टिकल बातों से अवगत करवाना है। इससे वे ना सिर्फ स्वरोजगार से प्रेरित होंगे, बल्कि विभिन्न विषयों के ज्ञान से रूबरू भी होंगे। इस मौके पर कार्यक्रम समन्वयक डॉ. आरके श्रीवास्तव, डॉ. ज्योति श्रीवास्तव, डॉ. मनीषा सक्सेना मौजूद रहीं।

## अंगदान है श्रेष्ठ दान

**जबलपुर, देशबन्धु।** जायंट्स ग्रुप ऑफ जबलपुर सहेली द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत अंगदान महादान विषय पर लेकर रानी दुर्गावती अस्पताल में परिचर्चा आयोजित की गई। इस दौरान अंगदान को श्रेष्ठ दान बताकर इसे आवश्यक रूप में करने की बात कही। इस मौके पर संस्थापक मीना पटेल, फेडरेशन ऑफिसर डॉ. जी के मल्होत्रा, डॉ. कावेरी शॉ, अध्यक्ष सुलेखा क्षत्रिय, सुधा यादव, मनोरमा स्वामी, गौरी राठौर, ज्योति जैन, माला सिंह, कृष्ण यादव, डॉ. सुषमा भाटिया मौजूद थे।



## दैनिक राशिफल

**मंगलवार 19 सितम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080,शक संवत 1945 हिजरी 1444। भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी, नक्षत्र- स्वाति ।**



### मेष

आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से आज का दिन लाभदायक रहेगा। लंबे समय का आर्थिक आयोजन पूरा कर सकेंगे।



### कर्क

आज काम की सफलता आपकी राह देख रही है। इस कारण आपका आनंद उत्साह दोगुना होगा। मानसिक ताजगी और खुशी का अनुभव होगा।



### वृषभ

परिश्रम की अपेक्षा कम परिणाम मिलने पर भी आप निष्ठापूर्वक काम को आगे बढ़ाएंगे। वाणी की मधुरता अन्य लोगों को प्रभावित करेगी।



### सिंह

आपका दिन मिश्रित फलदायी होगा। लंबी अवधि का आयोजन आपको दुविधा में डालेगा। काम में निर्धारित सफलता नहीं मिलेगी।



### मिथुन

आज आपका कुछ ज्यादा ही इमोशनल बना रहेगा। विशेष रूप से पानी वाली जगहों पर जाने से बचें। मन किसी बात को लेकर उलझन में रहेगा।



### कन्या

आपकी वाणी का माधुर्य नए संबंध स्थापित करने में उपयोगी साबित होंगे। वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। व्यापार- धंधे में लाभ के साथ सफलता मिलेगी।

क.



### तुला

आज आपको स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा। मानसिक स्वास्थ्य में भी कमी रहेगी। मनमाना व्यवहार आपको मुसीबत में डाल सकता है।



### मकर

आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। बौद्धिक कामों और व्यवसाय में नई विचारधारा अमल में लाएंगे।



### वृश्चिक

नौकरी-धंधा और व्यवसाय के क्षेत्र में आज आपको लाभ होगा। इसके साथ मित्रों, सगे- संबंधियों और बुजुर्गों से भी लाभ मिलेगा।



### कुंभ

नकारात्मक विचारों से मन में हताशा पैदा होगी। इस समय मानसिक उद्वेग और क्रोध की भावना का अनुभव करेंगे। खर्च बढ़ेगा।



### धनु

काम में सफलता का दिन है। नए काम की शुरुआत कर सकेंगे। व्यापारी अपने बिजनेस का आयोजन और विस्तार अच्छी तरह कर सकेंगे।



### मीन

दैनिक कामों से बाहर निकल कर आज आप घूमने- फिरने और मनोरंजन के पीछे समय व्यतीत करेंगे। स्वजनों तथा मित्रों के साथ पिकनिक पर जा सकते हैं।

मा.

## जबलपुर में पहली बार सामूहिक पितृ तर्पण कार्यक्रम का आयोजन

**जबलपुर,देशबन्धु।** हिन्दु धर्म में माता-पिता की सेवा को सबसे बड़ी पूजा माना गया है। इसलिए हिन्दु धर्म शास्त्रों में पितृों को उद्दार करने के लिए पुत्र की अनिवार्यता मानी गई है जन्मदाता माता पिता को मृत्यु उपरांत लोग विस्मृत न कर दें, इसलिए उनका श्राद्ध करने का विशेष विधान बताया गया है भाद्रपद पूर्णिमा से आश्विन कृष्णपक्ष अमावस्या तक के सोलह दिनों को पितृपक्ष कहते हैं जिससे हम अपने पूर्वजों की सेवा करते हैं।

पितृपक्ष भर में जो तर्पण किया जाता है उससे वह पितृप्राण स्वयं आप्यापित होता है पुत्र या उसके नाम से उसका परिवार जो जौ तथा चावल का पिण्ड देता है उसमें से अंश लेकर वह अम्भप्राण का ऋण चुका देता है ठीक आश्विन कृष्ण प्रतिपदा से वह चक्र उर्धवमुख होने लगता है 15 दिन अपना अपना भाग लेकर शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से पितर उसी ब्रम्हांडीय ऊर्जा के साथ वापस चले जाते हैं इसलिए इसके पितृपक्ष कहते हैं और इसी पक्ष में श्राद्ध करने से पित्तरों को प्राप्त होता है शास्त्रों के अनुसार पितृपक्ष में अपने पितरों के निमित जो अपनी शक्ति सामर्थय के अनुरूप शास्त्र विधि से श्रद्धापूर्वक श्राद्ध करता है उसके सकल मनोरथ सिद्ध होते हैं और घर परिवार व्यवसाय तथा आजीविका में हमेशा उन्नति होती है। संस्कारधानी में पितृपक्ष के अवसर पर सामूहिक पितृ तर्पण का आयोजन पहली बार किया जा रहा है यह आयोजन इसलिए किया जा रहा है कि हम अपने पितृों की तिथि पर घर पर श्राद्ध करते हैं पर हमारे पितृ पृथ्वीय पर 16 दिनों के लिए उनका आगमन होता है हम प्रार्थना कर पितृों को घर लाते हैं किन्तु श्राद्ध दिवस को छोड़कर अन्य दिन उनके तर्पण और भोजन की कोई व्यवस्था नहीं करते हैं जिससे शेष 15 दिवस हमारे पितृ भूखे प्यासे इस ब्रम्हाण्ड में विचरण करते हैं इसलिए 16 दिन पितृपक्ष में उनका शास्त्रसम्मत पंडित एवं आचार्यों द्वारा पूजन अर्चन कर एवं भोजन कराकर पितृों की तृप्ति का कार्य किया जाएगा। इस सार्वजनिक पितृ तर्पण कार्यक्रम में सभी सर्व जाति के नागरिक अपने पितृों से आर्शीवाद एवं सुख समृद्धि प्राप्त करने के लिए इसमें सम्मिलित हो सकते हैं इस कार्यक्रम के संबंध में पंडित पुरूषोत्तम तिवारी 6268520900 पंडित विष्णु शास्त्री 9589598695 पंडित जयप्रकाश मिश्रा 7089051232 एवं शुभकरण पाठक 91094779055 से संपर्क कर अपना पंजीयन करा सकते हैं इस आयोजन के संबंध में दिनांक 20 सितम्बर गुरूवार को सायंकाल 5 बजे लघु काशी, गढ़ा पचमठा मंदिर प्रांगण में एक आवश्यक बैठक रखी गई है जिसमें इस आयोजन में सम्मिलित होने वाले नागरिकों से उपस्थिति की अपील की गई है।

पंडित धीरेन्द्र शास्त्री के खिलाफ ज्ञापन कल

**जबलपुर,देशबन्धु।** पंडित धीरेन्द्र शास्त्री के खिलाफ समस्त वंशकार समाज द्वारा रैली के माध्यम से ज्ञापन सौंपने जा रहे हैं। 20 सितम्बर को उक्त कार्यक्रम आयोजित है।

**चित्रलतिका 21 को**

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्वर कोकिला की स्मृति में सुर साधक समर्पण ग्रुप, स्वर संगम और समर्पण ग्रुप द्वारा 21 से 28 सितम्बर तक विविध कार्यक्रम होंगे। इस दौरान जहां लता को समर्पित रामकृपाल नामदेव की एकल चित्र प्रदर्शनी लगाई जाएगी, वहीं देशभर से आए गायक कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। लता आराधना की कड़ी में 21 सितम्बर को चित्रलतिका से कार्यक्रम की शुरुआत होगी।

## राजा शंकरशाह, कुंवर शाह को पुष्पांजलि अर्पित की

**जबलपुर,देशबन्धु।** आदिवासी सेवा कल्याण महासंघ के द्वारा एल्गिन अस्पताल गौड़वाना चौक मालगोदाम पर स्थित अमर बलिदानी, गौडवाना साम्राज्य के अंतिम शासक राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ, बंदीगृह में अंग्रेजों कि जेल में पुष्पांजलि अर्पित की इस मौके पर आदिवासी कल्याण महासंघ के अध्यक्ष शंकर लाल गोटिया, राष्ट्रीय संरक्षक शैलेश सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक गोटिया, युवराज गोटिया, लीलाठाकुर, आनंदीलाल खलीफा, फूलबाई, रूकमणि, ज्योति मरकाम, राजेन्द्र गोटिया ने पुष्पांजलि बंदीग्रह में अर्पित की इस अवसर पर आदिवासी सेवा कल्याण महासंघ के अध्यक्ष शंकर लाल गोटिया ने कहा कि हमारे राजाशंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह कि शहादत बेकार नही जानी चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संभागीय अध्यक्ष किशोरी लाल भलावी द्वारा की गई जिसमें एड. बलिदान चौधरी, नेम सिंह मरकाम, राजेन्द्र चौधरी, अजय झारिया, डीएल कोरचे, एमएस मसकोले, गया प्रसाद धुर्वे, नन्हेलाल धुर्वे, नोखेलाल बरकड़े, बालकृष्ण तेकाम, घनश्याम यादव, जगदीश नन्हेअ, राकेश कुलस्ते, अंजना इनवाती, दिशा इनवाती, राजेन्द्र तेकाम, सुखदीन कटारे, मुक्तेश्वर राव, अनिल धनगर, राजेन्द्र कापसे, जय केवट आदि उपस्थित थे जिला प्रशासन के लिए विशेष धन्यवाद प्रेषित किया।



वहीं भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के शरद अग्रवाल ने भी अपने साथियों के साथ यहां पर अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुये महान बलिदान राजाओं को याद करते हुये उनका नमन किया।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्री राजेंद्र सिंह राणा-** कोल माईंस आफिस रोड गुप्तेश्वर निवासी श्री राजेंद्र सिंह राणा (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सोमवती बाई साहू-** दक्षिण मिलौनीगंज निवासी श्री द्वारका प्रसाद साहू की धर्मपत्नी श्रीमती सोमवती बाई साहू (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राम कंवल पांडे-** नीमखेड़ा खमरिया निवासी श्री राम कवंल पांडे (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजाराम मौर्य-** सेठ गोविंददास वार्ड लालमाटी निवासी श्री राजाराम मौर्य (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती हिना मुखर्जी-** तुलसी नगर रांझी निवासी श्री हीरा लाल मुखर्जी की धर्मपत्नी श्रीमती हिना मुखर्जी (94) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जगदीप कोरी-** भटौली ग्वारीघाट निवासी श्री जगदीप कोरी (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राकेश वैश्य-** बुचड़ी सदर निवासी श्री राकेश वैश्य (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री पूरनचंद कोचर- नव आदर्श कॉलोनी एमआर फोर निवासी श्री पूरनचंद कोचर (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती बूटी बाई कछवाहा-** सर्वोदय नगर रानीताल निवासी श्री राम कछवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती बूटी बाई कछवाहा (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुक्खो बाई गोंटिया-** चांदमारी तलैया लालमाटी निवासी श्री भाई लाल गोंटिया की धर्मपत्नी श्रीमती सुक्खो बाई गोंटिया का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गुलाब चंद रजक-** गली नं. 18, सदर निवासी श्री गुलाब चंद रजक (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मोनिका केवट-** सिद्धबाबा लालमाटी निवासी श्री आनंद केवट की धर्मपत्नी श्रीमती मोनिका केवट (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

# रामपुर आदिवासी हॉस्टल के सैकड़ों बच्चे दूषित भोजना खाते ही पड़े बीमार, कठहल की सब्जी खाते ही करने लगे उल्टी

## आनन फानन में कराया गया निजि व शासकीय अस्पतालों में भर्ती

**जबलपुर, देशबन्धु।** रामपुर स्थित आदिवासी एकलव्य हॉस्टल करीब 150 से ज्यादा बच्चों को मेडिकल और विक्टोरिया अस्पताल और निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। संभवत: बच्चों को दूषित खाना दिया गया जिसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ी और सभी फूड प्वाइजनिंग के शिकार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामपुर एकलव्य हॉस्टल में उस वक्त हड़कंप मच गया जब 150 बच्चों को अचानक उल्टी होने लगी और वह बेहोश होने लगे।

बताया जा रहा है कि बच्चों ने शाम को कठहल की सब्जी खाई थी जिसके बाद सभी तबीयत बिगड़ गई। जानकारी के अनुसार एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के बच्चों को रात के भोजन के बाद उल्टी एवं पेट दर्द होने प्राथमिक उपचार के लिये जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज एवं



निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। एसडीएम गोरखपुर पंकज मिश्रा ने बताया कि आवासीय विद्यालय के इन छात्र-छात्राओं को विद्यालय के स्टॉफ, स्थानीयजनों एवं पुलिस की मदद से उपचार के लिये अस्पताल भेजा गया। बालक एवं बालिका छात्रावास के इन बच्चों ने सयुंक्त मेस में भोजन किया था। उन्होंने उपचार के लिये भर्ती बच्चों की संख्या करीब 80 बताई है। श्री मिश्रा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अधिकारियों द्वारा भोजन का नमूना जांच के लिये लिया है। एसडीएम गोरखपुर के मुताबिक उपचार के लिये भर्ती सभी बच्चों की स्थिति स्थिर है । किसी के भी गम्भीर रूप से पीड़ित होने की सूचना प्राप्त नहीं हुई है। मामले की जांच जारी है। पीड़ित बच्चों की देखभाल के लिये प्रशासन, पुलिस एवं चिकित्सा अधिकारी मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि एकलव्य आवासीय विद्यालय में कुल अध्ययनरत बच्चों की संख्या 450 है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा ने बताया एकलव्य आवासीय विद्यालय के कुछ और बच्चों को उपचार के लिये मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। उन्होंने बताया कि अब अस्पतालों में उपचार के लिये भर्ती बच्चों की संख्या 101 हो गई है। इनमें 55 बच्चे मेडिकल कॉलेज में, 37 बच्चे जिला अस्पताल में एवं 11 बच्चे निजी अस्पतालों में भर्ती है । सभी बच्चों को हालत स्थिर है । चिंता जैसी कोई बात नहीं है। सतर्कता के बतौर बच्चों को रात भर अस्पतालों में ही रखा जायेगा।

# घर में घुसकर महिला के साथ सामुहिक दुष्कर्म, दो आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** खमरिया थाना क्षेत्र में रहने वाली आदिवासी महिला के साथ गांव के ही दो लोगों ने गैंगरेप किया। इसके बाद दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। घटना से डरी सहमी महिला ने दो दिन बाद खमरिया थाना पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी। जिसपर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार खमरिया क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली आदिवासी महिला को खिलन व जय यादव घूर-घूर कर देखते थे। घर से निकले तो अश्ळील ताने मारते थे। महिला इनकी दोनों बदमाशों की बातों पर ध्यान न देते हुए चली जाती थी। दो दिन पहले महिला अपने घर में अकेली थी, इस दौरान जय व खिलन यादव पहुंच गए। जिन्होंने बारी-बारी महिला के साथ बलात्कार किया। इसके बाद धमकी दी कि किसी को कुछ भी बताया तो जान से मार दिया जाएगा। धमकी से घबराई महिला दो दिन तक तो चुप रही, इसके बाद बीती शाम किसी तरह हौसला दिखाकर खमरिया थाना पहुंची और पुलिस को आपबीती बतायी। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर जय व खिलन यादव को सरगर्मी से तलाश करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।



# दुकान संचालक के साथ मारपीट कर एक लाख से अधिक रकम लेकर बदमाश फरार

**जबलपुर, देशबन्धु।** लार्डगंज थाना अंतर्गत कछपुरा के नजदीक तीन युवकों ने हेयर कटिंग सेलून के संचालक के साथ मारपीट कर दी और करीब 1 लाख 20 हजार रुपए लेकर फरार हो गए। घटना बीती रात की बतायी जा रही है। जहां युवक ने सोमवार को यादव कॉलोनी चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई है। दुकान संचालक मुकेश सराठे का कहना है कि दुकान में रिनोवेशन के लिए रुपए रखे हुए थे। इसी दौरान तीन युवक आए और बेवजह की मारपीट करने लगे। युवकों ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में तोड़फोड़ की और डीवीआर लेकर भी भाग गए। पीड़ित के मुताबिक तीन बदमाश शनि, आकाश और दीपेश कछपुरा की ओर से दुकान में आए थे। इस दौरान दुकान का काम चल रहा था। तभी तीनों दुकान के अंदर घुसे। जबकि उनके कुछ सदस्य दुकान के बाहर थे। तीनों ने मारपीट करना शुरू कर दी। दुकान में लगे कैमरे भी तोड़े और दुकान में रेनोवेशन के रखे करीब 1 लाख 20 हजार रुपए लेकर फरार हो गए। जब उन्हें रोकने की कोशिश की तब उन्होंने मारपीट भी की। इस दौरान पीड़ित के हाथ-पैर और कमर में चोटे भी आई है। पीड़ित की रिपोर्ट के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

पुलिस ने घटना स्थल के स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिये हैं। जिससे आरोपियों का पता चल सके। साथ ही आरोपियों को पकड़ने के लिये संदिग्ध स्थानों पर दबिश दे रही है। इसके अलावा पुलिस ने अपने मुखबिर तंत्रों को अलर्ट कर दिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों को जल्द पकड़ लिया है। इसके लिये क्षेत्र में पूछताछ की जा रही है।



# डिफेंस इस्टेट कार्यालय की बड़ी कार्रवाई, नर्मदा रोड सर्वे नंबर 82 के अतिक्रमणों पर चला बुल्डोजर

**जबलपुर, देशबन्धु।** नर्मदा रोड स्थित सर्वे नंबर 82 (स्काउट डेम) पर लंबे समय से जमे अतिक्रमणों को हटाने सोमवार को डिफेंस ईस्टेट ऑफिस (डीईओ) के अमले ने बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया है। आर्मी क्यूआरटी, पुलिस बल और केंट बोर्ड अमले के साथ अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम ने यहां अवैध रूप से बनाए गए मकान को धराशाई कर दिया। वहीं मेनरोड पर रखी गुमटियां भी तोड़ी गई।

केंट बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष अभिषेक चौकसे ने इस पूरी कार्रवाई को लेकर गंभीर आरोप भी लगाए हैं। उनका कहना है कि जब सुबह उनके निवेदन करने पर अतिक्रमण की कार्रवाई त्योहार को देखते हुए की गई थी तो फिर दोबारा अमले को पुलिस बल मुहैया करा कर किसने भेजा। उन्होंने ने आरोप लगाया कि केंट विधायक के इशारे पर भरी बरसात में मकान तोड़े जा रहे हैं। कांग्रेस नेता अमरचंद बावरिया और राहुल रजक ने भी बरसात में हो रही कार्रवाई का विरोध किया। बताया जाता है कि सर्वे नंबर 82 का उक्त भूखंड की लीज गुरू गोविंद सिंह एजुकेशन सोसाइटी के पास है। लेकिन वहां कुछ अवैध मकान बन जाने पर डीईओ कार्यालय के द्वारा पीपीई एक्ट की कार्रवाई की गई थी। जिसके बाद 2017 में मकानों को तोड़ने के आदेश जारी किए गए थे। लेकिन अलग-अलग कारणों के चलते कार्रवाई टलती रही। जिसको लेकर लीज धारक एमपी हाईकोर्ट पहुंच गए। जिसके बाद कोर्ट ने डीईओ कार्यालय को उक्त अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे।

# भाई से झगड़ा कर घर से निकली बहनों ने हिरन नदी में कूदकर की आत्महत्या

**जबलपुर, देशबन्धु।** कटंगी स्थित बजरिया क्षेत्र से दो दिन पहले लापता हुई दो बहनों की लाश सोमवार को बेलखेड़ा में हिरन नदी में मिली। लाश मिलने की खबर पाते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने शवों को स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकलवाया। देखा तो दोनों बहनों के हाथ बंधे मिले।

पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाकर मर्ग कायम कर लिया है। कटंगी टीआई पूजा उपाध्याय ने बताया कि कटंगी के बजरिया क्षेत्र में रहने वाली नाबालिग चचेरी बहन काजल व निशा (परिवर्तित नाम) को घरेलू बात पर झगडा होने पर भाई ने डांट दिया। भाई द्वारा डांटे जाने से व्यथित दोनों बहनें 15 सितम्बर को घर से निकली और एक दूसरे का हाथ



बांधकर उफनाती हिरन नदी में कूदकर आत्महत्या कर ली।

वहीं दूसरी ओर दोनों बहन काजल व निशा के अचानक लापता होने से परिजन चितिंत हो गए। जिन्होंने अपने स्तर पर दोनों नाबालिग बहनों को सहेलियों से लेकर रिश्तेदारों के घर तक तलाश किया। लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। सोमवार को काजल व निशा की बेलखेड़ा में हिरन नदी के कटिया घाट पर लाश उतराते मिली। गांव के लोगों ने देखा तो हड़कम्प मच गया, मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकलवाया। देखा तो दोनों के बंधे है, जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि एक दूसरे का हाथ बांधकर ही आत्महत्या की है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाकर मर्ग कायम कर लिया है। कटंगी थाना प्रभारी पूजा उपाध्याय का कहना कि प्रथम दृष्टया यही जानकारी मिली है कि दोनों चचेरी बहने नाबालिग है, जो भाई द्वारा डांटने के कारण घर से निकल गई थी। मर्ग जांच में और जो भी तथ्य सामने आएगें उस आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# जेल में गणेश प्रतिमा बनाने वाले कैदियों को इनाम के साथ मिलेगी सजा में माफी

**जबलपुर, देशबन्धु।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस केंद्रीय जेल जबलपुर में कैदियों द्वारा इको फ्रेंडली भगवान गणेश की प्रतिमा का निर्माण किया गया है। प्रतिमा का निर्माण गोबर, मिट्टी और तुलसी के बीज से किया गया है। प्रतिमा निर्माण में वॉटर कलर का उपयोग किया गया है। प्रतिमा निर्माण करने वाले कैदियों को गणेश चतुर्थी के दिन इनाम के साथ सजा में माफी प्रदान की जाएगी। जेलर मदन कमलेश ने बताया, आजीवन कारावास की सजा से दंडित कांच घर निवासी निक्की नामक कैदी के मार्गदर्शन में 12 कैदियों की टीम ने इको फ्रेंडली गणेश प्रतिमाओं का निर्माण किया है। कैदियों द्वारा जर्जेस कॉलोनी, जेल के अंदर तथा मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के लिए चार बड़ी प्रतिमाओं को निर्माण किया गया है। इसके अलावा 300 छोटी प्रतिमाओं का निर्माण किया गया है। कैदियों द्वारा तैयार की गई प्रतिमाएं पूरी तरह से इको फ्रेंडली हैं। प्रतिमाओं का निर्माण गोबर, मिट्टी तथा तुलसी के बीज से किया गया



है। केमिकल रंग का उपयोग नहीं किया गया है। वॉटर कलर का उपयोग किया गया है। कैदियों द्वारा निर्माण प्रतिमा लोगों के घरों तक पहुंच सके, इसके लिए मुख्य गेट के बाहर एक स्टॉल भी लगाया गया है। कैदियों द्वारा निर्माण गणेश प्रतिमाओं की निछावर स्वेच्छा से लेकर आम लोग प्रतिमाओं को लेकर जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि गणेश चतुर्थी के दिन गणेश प्रतिमा का निर्माण करने वाली कैदियों की टीम को जेल अधीक्षक द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा और उन्हें सजा में माफी भी प्रदान की जाएगी।

# शातिर बदमाशों से 2 लाख 61 हजार का माल बरामद

## गाडरवारा जीआरपी की कार्रवाई



**जबलपुर, देशबन्धु।** ट्रेनों में लगातार बढ़ती चोरियों को जीआरपी ने गंभीरता से लेते हुए ऐसे तीन शातिर बदमाशों को सलाखों के पीछे करने में गाडरवारा आरपी को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिसमें तीन आरोपियों से सोने चांदी के जेवराज सहित आठ मोबाइल बरामद किए जिसका कुल मशरूका 261000 है।

इस संबंध में जीआरपी ने जानकारी देते हुए बताया कि जीआरपी गाडरवारा में थाना स्टाफ के द्वारा स्पेशल चेकिंग के दौरान गाडरवारा के शातिर बदमाश शाहरुख उर्फ बुटना एवं उसके साथी शैंकी उर्फ विकास एवं आयुष घोषी को पकड़कर थाना के अपराध पंजीबद्ध कर मामले क मशरूका दो मोबाइल एवं सोने-चांदी के जेवर कीमती करीब 111000 रूपये का जप्त किया तथा आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एवं इटारसी-जबलपुर के मध्य चलने वाली यात्री ट्रेनों में यात्रियों के चोरी के मोबाइल आरोपी शाहरुख और बुटना से 8 नग अलग-अलग कंपनियों के कीमती 150000/- के जप्त करने में सफलता मिली है। उक्त कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सिमाला प्रसाद के नेतृत्व में थाना प्रभारी प्रकाश श्रीवास्तव के निर्देशन में गठित टीम सउनि सुशील सिंह, सउनि रामपाल इवने, आरक्षक रवि पुरोहित, भानुप्रताप सिंह, विमलेश ठाकुर के द्वारा की गई एवं आरोपियों को न्यायालय पेश किया। जहां से आरोपियों को केंद्रीय जेल नरसिंहपुर में दाखिल किया गया है। कुल करीब 261000/- का माल बरामद करने में सफलता मिली है।

# हस्तक्षेपकर्ताओं से हाईकोर्ट ने मांगा स्पष्टीकरण

## प्राथमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा से जुड़ा मामला

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने प्राथमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा से जुड़े मामले में हस्तक्षेपकर्ताओं द्वारा तथ्य छिपाने के मामले को गंभीरता से लिया। जस्टिस शील नागू व जस्टिस अमरनाथ केसरवानी की युगलपीठ ने मामले में हस्तक्षेपकर्ताओं से पूछा है कि सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप आवेदन पेश किये जाने की जानकारी क्यों नहीं बतायी गई। युगलपीठ ने इस संबंध में हस्तक्षेपकर्ताओं को स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिये है। युगलपीठ ने मामलों की सुनवाई 4 अक्टूबर को निर्धारित की है, इसके साथ ही पूर्व के उस आदेश को बरकरार रखा है, जिसमें नियुक्तियां याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन की गई थी।

उल्लेखनीय है कि जबलपुर निवासी रोहित चौधरी सहित प्रदेश के अलग-अलग जिलों के दर्जनों डीएलएड छात्रों ने याचिका दायर कर एनसीटीई द्वारा 26 अगस्त 2018 की अधिसूचना को चुनौती दी है। जिसके तहत प्राथमिक शिक्षक भर्ती के लिए बीएड डिग्रीधारकों को भी पात्र माना है। उनके लिए यह शर्त रखी गई है नियुक्ति के दो वर्ष के भीतर ऐसे शिक्षकों को एक ब्रिज कोर्स करना होगा। आवेदकों की ओर से तर्क दिया गया कि प्रदेश में प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 के तहत नियुक्ति के लिए काउंसलिंग जारी है। इसमें सैकड़ों बीएड डिग्री वालों को भी नियुक्ति दी जा रही है, जबकि अभी तक एनसीटीई ने ब्रिज कोर्स का सिलेबस भी निर्धारित नहीं किया है। ऐसे अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी जाती है तो 6 वर्ष से 14 वर्ष के छात्रों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होगा। आवेदकों की ओर से कहा गया कि शिक्षा के अधिकार के तहत छोटे बच्चों को पढ़ाने के लिए डीएलएड डिग्रीधारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है। जबकि बीएड डिग्री धारियों को उच्च कक्षा में अध्यापन कार्य का प्रशिक्षण दिया जाता है। प्राथमिक शिक्षक भर्ती में बीएड वालों को नियुक्ति देने से डीएलएड डिग्रीधारकों का हक मारा जाता है। याचिकाकर्ताओं की आर से अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने तर्क दिया कि हाल ही में राजस्थान हाईकोर्ट, नई दिल्ली व हिमाचल हाईकोर्ट ने बीएड डिग्रीधारियों की प्राथमिक शिक्षकों के रूप में की गई नियुक्तियों को निरस्त किया है। मामले में विगत दिवस हुई सुनवाई दौरान आवेदकों की ओर से कहा गया कि जिन उम्मीदवारों ने हाईकोर्ट में हस्तक्षेप आवेदन प्रस्तुत किए हैं, उन्होंने




सुप्रीम कोर्ट में भी आवेदन लगाए हैं और यह तथ्य यहां छिपाया है। जिस पर न्यायालय ने स्पष्टीकरण मांगा है।

## चार साल बाद जारी चार्जशीट को हाईकोर्ट ने किया खारिज

**जबलपुर, देशबन्धु।** शासकीय आयुर्वेद कॉलेज जबलपुर के सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य को हाईकोर्ट से राहत मिली है। मंत्री मंडल के अनुमोदन तथा राज्यपाल की अनुशंसा के बाद जारी की गयी चार्जशीट हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। जस्टिस जीएस अहलूवालिया की एकलपीठ ने पाया कि घटना के चार साल पूरे होने के दो दिन बाद चार्जशीट जारी की गयी है।

यह मामला डॉ. जीएल टिटोनी की ओर से दायर किया गया था। जिसमें कहा गया था कि वह जबलपुर स्थित शासकीय आयुर्वेद कॉलेज से 31 अक्टूबर 2013 को प्रभारी प्राचार्य के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उन पर आरोप था कि उन्होनें 19 अगस्त 2013 को आयोजित कार्य परिषद की बैठक में जिन बिन्दुओं पर चर्चा नही हुई उन्हें अनुमोदन के लिए भेजा था। मंत्रीमंडल ने 7 अक्टूबर 2017 को विभागीय कार्यवाही की अनुशंसा करते हुए सहमति के लिए प्रस्ताव राज्यपाल को भेज दिया। राज्यपाल की अनुशंसा के बाद उन्हें 10 अक्टूबर 2017 को चार्जशीट जारी कर दी गई। याचिकाकर्ता की तरफ से तर्क दिया गया कि प्रभारी प्राचार्य रहते हुए याचिकाकर्ता ने कार्य समिति की बैठक के प्रस्ताव की रिपोर्ट 8 अक्टूबर 2013 को भेजी थी। घटना के चार साल दो दिन बाद उन्हें चार्जशीट जारी की गई। जबकि एमपी सिविल सर्विस रूल्स के अनुसार चार साल के बाद विभागीय कार्यवाही के लिए चार्जशीट जारी नहीं कर सकते। एकलपीठ ने अपने आदेष में कहा कि सरकार की तरफसे दो दिन की देरी होने के संबंध में कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया गया। एकलपीठ ने सुनवाई के बाद जारी चार्जशीट को निरस्त कर दी याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता धर्मेन्द्र सोनी ने पैरवी की।

## छह माह का विरामकाल माफ, दंपत्ति को राहत

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने एक दंपत्ति के बीच चल रहे विवाद में छह माह का विरामकाल माफ किया है। जस्टिस जीएस आहलूवालिया की एकलपीठ ने इसी के साथ दंपत्ति को स्वतंत्र जीवन जीने की राहत प्रदान कर दी। महिला पक्षकार प्रिया (बदला हुआ नाम) की ओर से अधिवक्ता आनंद चावला ने पक्ष रखा।

जिन्होंने बताया कि उनकी पक्षकार का विवाह 10 मार्च 2015 को दमोह में हुआ था। विवाह के बाद पति के साथ गंभीर मतभेद सामने आ गए। जिसके चलते दंपति ने दमोह व जबलपुर में वैवाहिक विवाद के प्रकरण दायर कर दिए। फैमिली कोर्ट ने दोनों की अलग रहने की इच्छा का सम्मान करते हुए आदेश पारित कर दिया। हालांकि बाद में दोनों ने परस्पर सहमति से वैवाहिक विवाद खत्म कर साथ रहने का निर्णय ले लिया। इसके बावजूद मतभेद दूर नहीं हुए। इसलिए नए सिरे से हिंदू विवाह को विघटित करने का प्रकरण दायर किया, लेकिन फैमिली कोर्ट ने इस मामले में छह माह के विरामकाल को आधार बनाकर त्वरित निर्णय नहीं दिया। इसलियें पक्षकारों ने हाईकोर्ट की शरण ली। पक्षकारों की ओर से न्यायालय को बताया गया कि दोनों के बीच सात साल से विवाद जारी है। दोनों कोर्ट-कचहरी के चक्कर काट रहे हैं, इतना ही नहीं दोनों साथ में भी रहना नहीं चाहते है और निस्संतान हैं। पति ने पत्नी को आठ लाख 75 हजार स्त्रीधन एकमुश्त प्रदान कर दिया है। यह एकमुश्त भरण-पोषण राशि है। मामले में राहत चाही गई कि छह माह का विरामकाल क्षमा कर स्वतंत्र जीवन जीने का आदेश पारित किया जाए। जिसे हाईकोर्ट ने स्वीकार कर लिया।

# अनंत काल तक जीवित रहेंगे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चंद्रभान राय

## समाज के वातावरण में चांद की तरह चमकेंगे श्री राय, कलचुरी महासभा ने ने दी श्रद्धांजलि

**जबलपुर, देशबन्धु।** बाल अवस्था 13 साल की उम्र में सिलौडी, जबलपुर के गांव से देश सेवा का जज़्बा लिए गोवा को पुर्तगालियों से आजाद कराने अपना घर छोड़कर आंदोलन में कूदने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चंद्रभान राय न केवल कलचुरी समाज के बल्कि राष्ट्र की धरोहर थे और हमारे समाज के गौरव थे। श्री राय ने पूरे जीवन काल में समाज को नई दिशा दी और अंत समय तक सादगी के मार्ग पर चलकर एक आदर्श स्थापित किया। आज उनका स्थूल शरीर हमारे बीच में नहीं है। किंतु उनके विचार अनंत काल तक हमारे बीच में उनको जीवित रखेंगे। कल्चरी महासभा जबलपुर द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अध्यक्ष मनोहर चौकसे ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चंद्रभान राय समाज के वातावरण में चंद्र की तरह चमकेंगे। हम सभी को उनके बताएं मार्ग पर चलना चाहिए। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में स्वर्गीय स्वर्गीय राय जी के परिवार से सदन राय, मदन राय एवं मनोज राय का सपत्नीक उपस्थित हुए।



इस अवसर पर कलचुरी महासभा जबलपुर के संरक्षक प्रोफेसर जीएस चौकसे, डॉ. वीके गुप्ता, महामंत्री इंजी वीडी राय, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. राजेश जायसवाल, दिनेश शिवहरे, उपाध्यक्ष केएस राय, संयुक्त महामंत्री इंजी. सुरेश चौकसे, राजीव चौकसे, रिटायर्ड डिप्टी कलेक्टर रविंद्र सिंह, उमाभारती जायसवाल, अपर्णा चौकसे, आरसी राय, आनंद बिहारी जायसवाल, इंजी. सतीश राय, दिनेश चौकसे सहित अनेक स्वजातीय उस्थित रहे।

# बुढ़ानसागर तालाब का शरारती तत्वों ने खोला मोघा

## रोज लाखों गैलन पानी बहकर हो रहा बर्बाद, 10 साल बाद बारिश में भरा था तालाब, पंचायत और प्रशासन को भनक तक नहीं

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** जबलपुर जिले के सबसे बड़े तालाबों में शुमार बुढ़ान सागर तालाब वर्तमान नाम (व्यवहार सरोवर) की सुध लेने वाला कोई नहीं है, इस साल की तेज बरसात वह वर्तमान में हुई बरसात के कारण तालाब का जलस्तर अच्छा बढ़ गया है किंतु कुछ शरारती तत्वों द्वारा तालाब के मोघे को तोड़कर पानी लगातार बहाया जा रहा है लगभग तीन-चार दिनों से लगातार पानी बहने के कारण तालाब खाली होने की संभावना जताई जा रही है आशंका व्यक्त की गई है कि इस कार्य में भू माफिया वा तालाब की भूमि पर अवैध तरीके से जमे कब्जा धारी कि यह हरकत हो सकती है।मालूम हो कि पिछले 48 घंटे से ज्यादा समय हो गया मगर शासन प्रशासन को इसकी कोई खबर नहीं है कि हर मिनट में तालाब से कितने गैलन पानी बेकार बह गया है! इस तरह बेतहाशा लाखों गैलन पानी बहने से जहां आसपास के किसानों पशुपालकों एवं पर्यावरण प्रेमियों के माथे पर बल पड़ गए हैं, उन्हें आने वाली भीषण गर्मी में होने वाले सूखे की चिंता सताए जा रही है।



रहवासी बस्ती से नहर जैसे बह रहा मोघा का पानी..मगर प्रशासन है कि इतना बेपरवाह है कि उसे कुछ पता ही नहीं है, जहां शरारती तत्वों ने मौघा की मेड फोड़ी है वहां पर रहवासी बस्ती है यहां दिनभर नोनीहाल खेलते हैं और पानी लगभग 6 से 7 फुट की गहराई से इतनी तेज धार में बह रहा है कि पानी की तेज धार के सामने भारी भरकम गाय भैंस जैसी मवेशी भी नहीं टिक पा रहे हैं।

ऐसे में अगर कोई बच्चा उस नहर नुमा मौत की खाई में गिर गया तो कितने मिनट घंटे जिंदा रह पाएगा, यह कहना बहुत मुश्किल है और फिर उसकी छत विक्षत लाश कितने मील दूर मिलेगी इसकी चिंता किसी को नहीं है!/जिले के इस सबसे बड़े तालाब जो कि लगभग 550 एकड़ के विशाल भूभाग पर फैला है और जिसके भरने से 25 से 30 गांव का जलस्तर बढ़ जाता है। आज वही तालाब अपनी बर्बादियों की दास्तां बयां कर रहा है। जिसकी हिफाजत के लिए स्थानीय समाजसेवी एवं नेताओं को आगे आना चाहिए था। वही तथाकथित भू माफिया बनकर उसे बेचकर खुर्दबुर्द कर चांदी काटने में लगे हैं। आबाद करने वाले हाथ ही जब बर्बादी पर उतारू हो जाए तो फिर उसे चमन को वीरान होने से भला कौन बचा सकता है।

### फैक्ट फाइल

1. तालाब के लगभग 100 हेक्टेयर एरिया में सिंघाड़े की खेती होती है यह जिले का सबसे बड़ा सिंघाड़ा उत्पादक तालाब है जिसमें 100 से अधिक बर्मन परिवारों की रोजी-रोटी चलती है।

2. तालाब के पानी से लगभग 100 पान बरेजों की सिंचाई होती है।

3 . तालाब के लगभग 50 एकड़ से अधिक कैचमेंट एरिया में मोबाइल टावर धर्म कांटे कोयला डंपिंग यार्ड आवासीय एवं व्यवसायिक होटल ढाबे वेयरहाउस आदि बन गए हैं जिससे वर्तमान तालाब का कैचमेंट एरिया कम हो गया है।

4. वर्ष 2013 के बाद 10 वर्षों में अब जाकर भरा है पूरा तालाब!

### इनका कहना है

कुछ शरारती तत्वों द्वारा तालाब से पानी निकालने के लिए नहर खोदने की जानकारी मिली है, जिसे शीघ्र ही बंद कराया जाएगा!

**श्रीमती राधा विवेक चौरसिया,** सरपंच
ग्राम पंचायत गांधीग्राम

गांव के कुछ शरारती तत्वों द्वारा तालाब से मनमाने ढंग से जल निकासी हेतु अवैध तरीके से नहर खोदने की जानकारी मिली है मैं शीघ्र ही राजस्व एवं सिंचाई अधिकारियों को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दे दूंगा!

**धीरेन्द्र सिंह**
अनुविभागीय अधिकारी सिहोरा

## सार-समाचार



### विश्वकर्मा जयंती पर तिरुपति फिलिंग स्टेशन में कार्यक्रम आयोजित

**गोसलपुर, देशबन्धु।** विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर ट्रक ड्राइवरों के लिए इंडियन ऑयल के अधिकारियों की उपस्थिति में मेसर्स तिरूपति फिलिंग स्टेशन, गोसलपुर (इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप) में ड्राइवर दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का अयोजन किया गया।

इंडियन ऑयल द्वारा उपस्थित सभी ड्राइवरों के लिए स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। केक काटा गया और ड्राइवरों को उपहार वितरण भी किया गया। इस अवसर पर हेड सुनील विक्रम, फील्ड आफीसर विनीत कुमार, डी ओ यशश्वी गुप्ता, पेट्रोल पंप मालिक अजय कृष्ण भारतद्वाज, मैनेजर शुभम दुबे उपस्थिय रहे।

### 1857 की क्रांति के नायक राजाशंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह को किया नमन



**पाटन, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश आदिवासी संगठन पाटन, अजाक्स संघ पाटन एवं आदिवासी विकास परिषद पाटन के तत्वाधान में 18 सितम्बर 2023 को प्रात: 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के शुरुआत में गोंड़वाना राज्य के महानायक वीर राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण करके तिलक वंदन किया गया। 166वें बलिदान दिवस पर गोंड़ी संस्कृति के द्वारा आदिवासी छात्राओं ने पारंपारिक नृत्य प्रस्तुत किया बलिदान दिवस के अवसर अनेकों वक्ताओं ने अपने-अपने विचारों से समाज की कृरीतियों पर अपना उद्बोधन देकर समाज को जाग्रत करने के लिये अपने विचार रखे। कार्यक्रम में पाटन परिक्षेत्र से आये हुये समस्त आदिवासियों ने बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में भाग लिया इस दौरान उपस्थित रहे प्रकाश करपेती, बसंत तेकाम, किशोरी मरकाम, पप्पू करपेती,नीकराम धुर्वे, दुर्जन सिंह,गोविन्द, महेन्द्र, जगदीश गप्पू,राजाराम धुर्वे, अर्जुन सिंह, पंचम सिंह, महेन्द्र सिंह, सोनेसिंह, दिलीप सिंह, नरेश सिंह, उत्तम सिंह, लालसिंह, सुकरत सिंह, नीतू सिंह, मुन्नालाल, उदयराज, संदीप सिंह, भोला बल्देव सिंह, सुरेन्द्र सिंह,लखन सिंह, धन्नूसिंह, केशव सिंह, मुकेश सिंह, रंजीत पार्षद, नीरज, मनोज, दन्नूसिंह, राजकुमार, सुखदेव, सुखलाल,प्रीतम सिंह, मनीष सिंह, छन्नू, लक्ष्मन सिंह सहित बड़ी संख्या में आदिवासियों की उपस्थिति रही।


### घर-घर विराजे प्रथम पूज्य श्रीगणेश

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** ज्ञान, बुद्धि और सौभाग्य के प्रतीक भगवान गणेश का जन्मोत्सव भाद्रपद मास की चतुर्थी को मनाया गया प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश जी की आराधना का महापर्व गणेश उत्सव 18 सितंबर से प्रारंभ होकर 28 सितंबर तक मनाया जाएगा। गणेश चतुर्थी के अवसर पर गांधीग्राम में मानस भवन, मेन रोड, पौराणिक मार्ग,बरम बाबा स्थल, बंजारी माता मंदिर वा घर घर में सोमवार को गणपति बप्पा विराजे। त्यौहार को लेकर धर्म प्रेमी भक्तों की तैयारी हो गई है,सोमवार को बस स्टैंड गांधीग्राम में बाजार कई प्रकार की गणेश प्रतिमाओं से सजा रहा,बच्चों व बड़ों ने मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं को विधिवत श्रद्धालुओं द्वारा घर घर मे पूजा अर्चना कर विघ्नहर्ता श्री गणेश को विराजित किया। गणेश चतुर्थी पर्व पर गणपति बप्पा मोरिया की गूंज के साथ गजानन की मूर्ति स्थापित की गई। पौराणिक राघवेंद्र त्रिपाठी ने कहा है कि वैसे तो बाजार में कई आकारों में भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा मिल जाती है, लेकिन इन सभी में बैठे हुए गणेश जी की प्रतिमा लेना शुभ माना गया है। मान्यता है कि ऐसी मूर्ति की पूजा करने से स्थाई धन लाभ होता है और वास्तु दोष भी दूर होता है। इसी प्रकार धर्म ग्रंथों में भगवान श्रीगणेश के अनेक नाम बताए गए हैं।

# घर-घर में विराजेंगे विघ्नहर्ता

## नगर में जगह-जगह सजे गणेश पंडाल

**पाटन, देशबन्धु।** 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी पर गौरी पुत्र गणेश नगर एवं ग्रामीण इलाकों के घर-घर में विराजमान होंगे.कहते हैं कि भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि के दिन ही माता पार्वती ने अपने मैल से एक पुतला बनाकर उसमें प्राण डाले थें और इन्हें गणेश का नाम दिया गया था यही वजह है कि हर साल इस दिन रिद्धि सिद्धि के दाता, बुद्धि, ज्ञान के कारक गणपति का जन्मोत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया जाता है इसे कलंक चतुर्थी या पत्थर चतुर्थी के नाम से भी जाना जाता है। ये त्यौहार 10 दिन तक यानी गणेश चतुर्थी से चतुर्दशी तिथि तक नगर एवं ग्रामीण इलाकों में चलता है। आज नगर एवं ग्रामीण इलाकों के अनेक पंडालों में पूरे विधि विधान से गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना की जाएगी। वही घरों में भी विघ्नहर्ता आज विराजमान होगे इस दौरान बच्चों में अधिक उत्साह देखा जा रहा है क्योंकि साज सज्जा की पूरी जवाबदारी बच्चों पर रहती है। नन्हे मुन्नों के द्वारा सुंदर लाईट एवं रंग बिरंगी झालर लगाकर गणेश स्थापना वाले स्थान का डेकोरेशन किया जा रहा है। आज से पूरे दस दोनों तक नगर एवं ग्रामीण इलाका गणेश जी की भक्ति में लीन होगा।



# कमलनाथ के आगमन को लेकर कांग्रेस की में बैठक आयोजित

**गोसलपुर, देशबन्धु।** गोसलपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मे पाटन मे होने जा रही 21 सितम्बर को पूर्ब मुख्यमंत्री प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ जी कि विशाल सभा एवं नगर आगमन को लेकर जिला ग्रामीण अध्यक्ष डॉ नीलेश जैन, महिला जिला ग्रामीण अध्यक्ष अलका डेंगरे, किसान कांग्रेस के महामंत्री राजीब तिवारी, संगठन मंत्री राजकिशोर पटेल, प्रभारी लोकेश मिश्रा, आदि के द्वारा मण्डलम, सेक्टर, बूथ अध्यक्ष, पन्ना प्रभारी , सेवादल, बाल कांग्रेस, कांग्रेस कार्यकर्ताओ कि बैठक संपन्न हुई जिसमे नगर अध्यक्ष नन्द किशोर अग्रवाल, कृष्णा कुमार सैनी, महामंत्री मुकेश तिवारी, वीरेंद्र खरे, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद पटेल, प्रमोद शुक्ला, ज्योति रवि श्रीवास्तव, रश्मि खटीक, मोहन शुक्ला, अशोक विश्वकर्मा, उदय श्रीवास,सचिन विश्वकर्मा, मोहित पटेल, अमोल पटेल, लायक खान, अज़ीम खान, जय चौधरी, जागे चौधरी, अशोक विश्वकर्मा,सुरेंद्र बैरागी, अशोक गोटिया, राजेश पटेल, दीपक खटीक,जमीला बानो,गणेश पटेल, शुभम पटेल आदि बड़ी संख्या मे कांग्रेस जन उपस्थित थे!बैठक उपरांत गोसलपुर कि वार्ड कि 2 पंच महिला ज्योति रवि श्रीवास्तव, रश्मि खटीक अपने समर्थको के साथ बीजेपी को छोड़ कर आज जिला अध्यक्ष के सामने कांग्रेस कि सदस्य्ता ली सभी के द्वारा यह प्रण लिया गया इस बार सिहोरा विधानसभा से कांग्रेस विधायक बड़े भारी मतो से जीत दर्ज कर सिहोरा को जिला बनाया जायेगा।



# अरहर बीज ग्राम का अधिकारियों ने किया निरीक्षण किसानों को दी सलाह

**गोसलपुर, देशबन्धु।** सिहोरा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत कछपुरा के पोषित ग्राम एवं गोसलपुर के निकटवर्ती ग्राम धोराकोनी में सोमवार को कृषि विभाग सिहोरा की अनुविभागीय अधिकारी मनीषा पटेल वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी जे.एस राठौर ग्रामीण क्षेत्र विस्तार अधिकारी अदिति सिंह राजपूत द्वारा घोराकोनी अरहर बीज ग्राम में किसानों के खेतों में लगी अरहर की फसल का निरीक्षण किया ज्ञात हो की मध्य प्रदेश शासन के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा पूसा 16 अरहर बीज ग्राम योजना के तहत बीज उपलब्ध कराया गया था।

उक्त फसल को देखने कृषि विभाग के अधिकारियों की टीम घोराकोनी गांव पहुंची यहां पर उन्होंने खेतों में जाकर बारीकी से फसल का जायजा लिया कीट व्याधि इत्यादि की जानकारी ली एवं शासन द्वारा वितरित किए गए सोयाबीन मक्का टेन टेन धान का भी अवलोकन किया।इस मौके पर कृषक कमल पालीवाल हेमचंद तुषार पालीवाल सतीश बर्मन अशोक दहायत घसीटा कोल पुरूषोतम असाटी तीरथ दाहिया शेख जुम्मन सहित अनेक किसान मौजूद थे अधिकारियों द्वारा किसानों को अनेक जानकारियां भी उपलब्ध कराई गईं।



# पनागर वृहताकार शाख समिति की 4 दुकानों की नीलामी स्थगित कराने सौंपा ज्ञापन, दी आंदोलन की चेतावनी

**पनागर, देशबन्धु।** वृहताकार पनागर में पिछले 1 साल से चल रहा खेल अब जनता के बीच जाकर उजागर हुआ है मामला पनागर वृहताकार सोसायटी परिसर का है जिसमे जिला सहकारी बैंक किराए पर था भवन जर्जर होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से उसे खाली कराया गया किसान यूनियन सर्व के प्रदेश अध्यक्ष सम्मति सैनी ने ज्ञापन देते हुए बताया कि वृहताकार सोसायटी की 4 दुकानों को आपसी सहमति के कुल 5 लाख रुपये की रकम लेकर दे दी गई और जरूरत मंद व्यापारियों के साथ छलाबा किया गया 25 - 25 लाख की दुकानों को कम रकम में बिना नीलामी के बेच दिया गया जो कि जांच का विषय है एवम अनुविभागीय अधिकारी डी आर सहकारिता को दुकानों को स्थगित करने एवम पुन: नीलामी प्रक्रिया में लाने के लिए ज्ञापन ओर जिला कलेक्टर के नाम सोपे ज्ञापन में निराकरण नही हुआ तो उग्र आंदोलन की चेतावनी किसान यूनियन सर्व एवम ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने की है।

भवन तोड़ने का निकाला था टेंडर- जिस भवन की दुकानों को चालकी से बेचा गया है उसे तोड़ने के लिए कम सर्कुलेशन वाले अखबार में निविदा जारी की थी एवम नगर पालिका अभियंता टीम द्वारा उसे जर्जर करार दिया था राजनैतिक दवाव के चलते नगर पालिका अभियंता के निरीक्षण में फिर उसे सही करार दिया पूर्व प्रबंधक अब्दुल खान ने बताया था कि भवन को तोड़कर पुन: उसमे दुकानों और भवन का निर्माण कर उन्हें उचित कार्यवाही से नीलाम किया जएगा। अखिलेश निगम डी आर जिला ने बताया कि ज्ञापन प्राप्त होते ही जांच कर दुकानों को स्थगित किया जावेगा एवम दुकानों की नीलामी को प्रक्रिया पूर्ण तारीखे से पूर्ण कराया जएगा। सम्मति सैनी ने बताया कि दुकानों पर पजेशन दे दिया गया है ये पनागर की जनता के साथ बहूत बड़ा धोखा है ऊपरी रकम लेकर शासन को प्राप्त होने वाली लाखो की रकम को आपसी सहमति से कम रुपयों में दुकानों को दिया जो सरासर नियम विरुद्ध है।



# ब्रिटिश पार्लियामेंट लंदन की सुर्खियों में छाए अनिरुद्धाचार्य महाराज

**सिहोरा, देशबन्धु।** हिन्दी दिवस के अवसर पर सनातन धर्म की अलख जगाकर घर घर तक मानवता और भक्ति को पहुंचाकर बिना किसी से भेदभाव किए सैकड़ों वृद्ध माताओं की अद्भुत सेवा, साथ ही गौ माताओं,संतों,भक्तों और अन्य जीवों पर मानवता की करुणा दिखाते हुए जो कार्य पूज्य महाराज अनिरुद्धाचार्य जी कर रहे हैं उसके लिए ब्रिटिश पार्लियामेंट लंदन (यूके) में सर्वोच्च सम्मान वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड लंदन द्वारा सम्मानित किया गया। जो कि हमारे क्षेत्र के लिए बड़े गौरव की बात है।वहीं पूज्य अनिरुद्धाचार्य के सम्मान को लेकर लंदन स्थित अंतरास्ट्रीय सिद्ध आश्रम शक्ति सेंटर के संचालक धर्मगुरु राज राजेश्वर गुरु जी ने कहा कि ब्रिटिश योरोपियन राज्य में अनिरुद्धाचार्य जी जैसे पूज्य का सम्मान भारत की बढ़ती लोकप्रियता और गौरव को प्रदर्शित करता है।

# महिलाओं ने पति की लम्बी उम्र के लिए रखा निर्जला व्रत

**गांधीग्राम,देशबन्धु।**भादों की तीज को मनाया जाने वाला हरतालिका त्योहार गांधीग्राम में धार्मिक व पारंपरिक रूप से मनाया गया। विवाहित महिलाओं व कुवांरी कन्याओं ने भगवान शिव और माता पार्वती का पूजा-अर्चना किया। अखंड सौभाग्य की कामना को लेकर महिलाओं ने दिन भर निर्जला व्रत रखा। सुबह सूर्योदय के पूर्व महिलाओं,कन्याओं ने स्नान किया। दिन भर निर्जला व्रत रखने के बाद शाम से पूजन का सिलसिला शुरू हुआ।

फुलहरा के नीचे बैठकर महिलाओं व कन्याओं ने मिट्टी के बनाए भगवान शिव और माता पार्वती तथा पार्थिव शिवलिंग का पूजन किया।धूप, दीप, फल, मेवा, मिष्ठान से भगवान शिव की रात्रि के पहर में भी आरती की। रात भर घरों में मंगल गीत चलते रहे। ढोलक की थाप पर महिलाएं रात भर गाती रहीं। जिसकी गूंज सर्वत्र तक सुनाई देती रही। पति की दीर्घायु की कामना के लिए सुहागिन महिलाओं ने अपने सुहाग को अखंड बनाये रखने और अविवाहित युवतियां मन इच्छित पर पाने के लिए हरितालिका तीज का व्रत किया।



**धार्मिक अनुष्ठान व रतजगा-** पौराणिक ग्रंथों, देवी पुराणों के अनुसार भगवती पार्वती ने भोलेनाथ को वर स्वरूप प्राप्त करने के लिए हर तालिका तीज व्रत किया था। हर तालिका तीज पर व्रतधारी सुहागिनें और कन्याओं ने रात्रि जागरण किया। पुरोहितों ने भी घरों में राजेंद्र भवन,पौराणिक निवासों पर धार्मिक अनुष्ठान कराए।भगवान शिव को धतुरा, बेलपत्र और आक का फूल चढ़ाया वहीं जगदम्बा पार्वती को वस्त्र व श्रंगार अर्पित किया गया।व्रतधारी महिलाओं कन्याओं में वन्दना मिश्रा, अनुराधा तिवारी, रश्मि मिश्रा, नम्रता तिवारी, वर्षा असाटी, साधना असाटी,सुनीता असाटी, कृष्णा तिवारी, सुधा असाटी, मनीषा असाटी , ममता असाटी , कन्याओं में अंजली असाटी, साक्षी तिवारी,निशि मिश्रा सहित अनेक महिलाओं ने रतजगा कर पूजन में उपस्थित रहीं।

## टेक्सास के अटॉर्नी जनरल पैक्सटन भ्रष्टाचार के आरोपों से बरी

**टेक्सास, (एजेंसियां)।** अमेरिका के टेक्सास प्रांत के अटॉर्नी जनरल केन पैक्सटन को महाभियोग प्रक्रिया के बाद भ्रष्टाचार के आरोपों से बरी कर दिया गया है। बीबीसी ने रविवार को बताया कि श्री पैक्सटन से जुड़े मामले ने अमेरिकी राज्य पर शासन करने वाले रिपब्लिकन को विभाजित कर दिया था। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सहयोगी श्री पैक्सटन मई में निलंबित होने के बाद अपने कार्यालय में फिर से अपने काम शुरू कर सकते हैं। श्री पैक्सटन ने कहा, सच्चाई को कीचड़ उछालने वाले राजनेताओं या उनके शक्तिशाली संरक्षकों द्वारा दबाया नहीं जा सकता। राज्य सीनेट में हुए मतदान में उन्हें 16 मतों से बरी कर दिया गया। गत मई में टेक्सास हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में 60 से अधिक रिपब्लिकन ने भ्रष्टाचार, न्याय में बाधा, रिश्वतखोरी और सार्वजनिक विश्वास के दुरुपयोग के मामले में राज्य के शीर्ष वकील पर महाभियोग चलाने के लिए राजनीतिक दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एक साथ आ गये थे।पर राज्य की सीनेट में – जिसमें पार्टी का वर्चस्व भी है – केवल दो रिपब्लिकन ने किसी भी मामले में उन्हें पद से हटाने के लिए मतदान किया।

# भारत पर परमाणु हमले की धमकी देने वाला पाकिस्तान का पूर्व मंत्री गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पीटीआई चीफ इमरान खान के बाद अब उनके सहयोगी दलें के नेताओं पर भी गाज गिरी है है।

इसी कड़ी में उनकी सरकार में रेल मंत्री रहे अवामी मुस्लिम लीग के नेता शेख राशिद को रविवार शाम रावलपिंडी में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस राशिद को उनके ही घर से अरेस्ट कर किसी अज्ञात स्थान पर ले गई। पाकिस्तान के अखबार डॉन ने उनके वकील सरदार अब्दुल रज्जाक खान के हवाले से इसकी पुष्टि की है।

72 साल के शेख राशिद पर भ्रष्टाचार में शामिल होने के आरोप हैं। ये वही राशिद खान हैं, जिन्होंने 2019 में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने पर भारत के खिलाफ जहर उगला था और बाद में भारत पर परमाणु हमले की धमकी दी थी। तब के रेल मंत्री राशिद ने कहा था कि पाकिस्तान के पास आधे पाव से लेकर एक पाव तक के एटम बम हैं। इससे पाकिस्तान सेना का दुनियाभर में मजाक उड़ा था। उन्होंने 2020 में भारत पर परमाणु हमले की धमकी दी थी और कहा था कि अगर भारत पाकिस्तान पर हमला करता है, तो यह परमाणु युद्ध में बदल जाएगा।

पूर्व मंत्री के वकील ने बताया है कि सादी वर्दी में आए पुलिसकर्मियों ने शेख राशिद के साथ उनके भतीजे शेख राशिद शफीक और उनके सहायक को भी गिरफ्तार किया है। एक वीडियो संदेश में शेख राशिद के भतीजे शफीक ने कहा कि उनके चाचा को पंजाब पुलिस ने रावलपिंडी के बहरिया टाउन फेज III से गिरफ्तार कर लिया है और उनका वर्तमान ठिकाने का कोई अता-पता नहीं है। शफीक ने ऊपरी अदालतों से भी अनुरोध किया कि वह गिरफ्तारी पर ध्यान दें और पता लगाएं कि उसके चाचा को कहां ले जाया गया है।

उन्होंने कहा, हम कानूनी लड़ाई लड़ेंगे।इस साल की शुरुआत में जून में शेख राशिद ने आरोप लगाया था कि इस्लामाबाद पुलिस ने उनके घर में घुसकर उनके नौकरों की पिटाई की है। उन्होंने यह भी दावा किया था कि एक इसी तरह की दूसरी घटना में सादे कपड़े पहने पुलिसकर्मियों ने रावलपिंडी में उनके लाल हवेली आवास पर उनके कर्मचारियों पर अत्याचार किया था।

इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने भी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट जारी कर शेख राशिद की गिरफ्तारी की आलोचना की है।राशिद की गिरफ्तारी 9 मई को सरकारी और सैन्य प्रतिष्ठानों पर हुई बर्बरता की घटनाओं के बाद पीटीआई और उसके समर्थकों पर हो रही कार्रवाई के बीच हुई है।

जब इमरान खान को पहली बार इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के परिसर से गिरफ्तार किया गया था, तब देशभर में इमरान समर्थकों ने 9 मई को हंगामा किया था।

## आज का इतिहास

1891 – विलियम शेक्सपीयर के प्रसिद्ध नाटक 'मर्चेंट ऑफ वेनिस' का मैनचेस्टर में पहली बार मंचन किया गया।
1893 – स्वामी विवेकानंद ने शिकागो (अमेरिका) के विश्व धर्मसंसद में ऐतिहासिक भाषण दिया।
1893 – न्यूजीलैंड में निर्वाचन अधिनियम 1893 के तहत सभी महिलाओं को मतदान का अधिकार दिया गया।
1955 – अर्जेंटीना की सेना और नौसेना ने विद्रोह कर राष्ट्रपति जुआन पेरोन को पद से हटाया।
1957 – अमेरिका ने नेवादा के रेगिस्तान में पहला भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
1962 – भारत की उत्तरी सीमा पर चीन द्वारा आक्रमण।
1982 – स्कॉट फाहमैन ऑनलाइन संदेश का इस्तेमाल करने वाले पहले व्यक्ति बने।
1983 – ब्रिटिश उपनिवेश कैरीबियन द्वीप, सेंट किट्स एवं नेविस स्वतंत्र।
1988 – इस्राइल ने परीक्षण उपग्रह होरिजोन-आई का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया।
1996 – एलिजा इजेत्बोगोविक युद्धोत्तरकालीन बोस्निया के प्रथम राष्ट्रपति बने।
1996 – ग्वाटेमाला और वामपंथी विद्रोहियों की सरकार ने लंबे समय से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए एक शांति संधि पर हस्ताक्षर किए।

## सुडोकू 6321

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | | | 7 | 6 | 4 |
| | | | | | | | 8 | 3 |
| 6 | | | | 8 | | | 2 | |
| | | 4 | | 3 | | | | 9 |
| | | | 5 | | 7 | | | |
| 2 | | | | 6 | | 5 | | |
| | 4 | | | 2 | | | | 7 |
| 1 | 3 | | | | | | | |
| 7 | 8 | 6 | | | 5 | 3 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गो का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

### दुर्घटनावश गोली चलने से सेना के जवान की जान गई

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में दुर्घटनावश गोली चलने से सेना के एक जवान की जान चली गई और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि हथियार से दुर्घटनावश गोली चल गयी, जिसके परिणामस्वरूप एक घातक दुर्घटना हुई और सेना के दो जवान घायल हो गये। इनमें से एक ने बाद में दम तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि इस मामले में एक सैन्यकर्मी को हिरासत में लिया गया है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### मोदी ने लेखिका गीता मेहता के निधन पर जताया दुख

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को प्रसिद्ध लेखिका और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की बहन गीता मेहता के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा, मैं प्रसिद्ध लेखिका गीता मेहता के निधन से दुखी हूं। वह बहुमुखी व्यक्तित्व की धनी थीं, जो अपनी बुद्धिमता और लेखन के साथ-साथ फिल्म निर्माण के प्रति जुनून के लिए प्रसिद्ध थीं। वह प्रकृति और जल संरक्षण के प्रति भी समर्पित थीं। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं ओडिशा नवीन जी और पूरे परिवार के साथ हैं। ओम शांति।

### लोडिंग वाहन पलटने से चार लोगों की मौत

**भिंड।** मध्य प्रदेश के भिंड जिले के गोहद चौराहा थाना क्षेत्र के जैतपुरा के पास तेज रफ्तार एक लोडिंग वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उसमें सवार चार लोगों की मौत हो गई है। उप्र के जालौन जिले कोंच चौराहा तोपखाना मोहल्ला निवासी नाजिम अपने लड़के निहाल, भांजे अबू बकर और चाचा के लड़के अली के साथ ग्वालियर से बक्से बनाने का सामान लेकर उदी मोड़ के पास कुंडेश्वर मेला में जा रहा था। इसके लिए उन्होंने लोडिंग वाहन किराए पर लिया था। गाड़ी राजू निवासी मोहल्ला तोपखाना पेट्रोल पंप मंदिर के पीछे जालौन चला रहा था। भिण्ड-ग्वालियर रोड पर जैतपुरा के पास पहुंचे ही थे तभी तेज रफ्तार लोडिंग वाहन हाइवे किनारे पलट गया।

### प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर पटेल ने किया वृक्षारोपण

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 73वें जन्म दिवस पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने रविवार को अहमदाबाद महानगर पालिका द्वारा गोता वॉर्ड में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में धार्मिक मंत्रोच्चार के साथ वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर गोता वॉर्ड में सोला गांव तालाब के निकट 73 पेड़ लगाए गए। मोदी के जन्म दिवस पर अहमदाबाद महानगर पालिका द्वारा समग्र अहमदाबाद में कुल 1,01,000 पेड़ लगाए जाएंगे। गोता में आयोजित इस कार्यक्रम में अहमदाबाद की महापौर श्रीमती प्रतिभा जैन, उप महापौर जतिन पटेल, अहमदाबाद मनपा की स्थायी समिति के अध्यक्ष देवांग दाणी, अहमदाबाद मनपा आयुक्त एम. थेन्नारसन, मनपा में शासक पक्ष के नेता गौरांग प्रजापति तथा मनपा के पदाधिकारी एवं अधिकारी सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## अमेरिका का नामी फाइटर जेट एफ-35 ही गायब हो गया, अब जनता से करनी पड़ी मदद की अपील

**नई दिल्ली।** संयुक्त राज्य अमेरिका की नेवी का एक नामी फाइटर जेट स्न-35 दुर्घटना के बाद लापता हो गया है। इसके बाद अमेरिकी सैन्य अधिकारियों ने करोड़ों डॉलर के लापता जेट का पता लगाने में मदद करने के लिए आमलोगों से अपील की है।

सेना के अधिकारियों ने बताया है कि इस विमान को उड़ा रहे पायलट ने विमान से कूदकर अपनी जान बचा ली है। अधिकारियों के मुताबिक, मरीन कॉप्स पायलट रविवार की दोपहर उत्तरी चार्ल्सटन के ऊपर स्न-35 लाइटनिंग ढ्ढ्ढ जेट से खुद को सुरक्षित बचाने में कामयाब रहे।

नेवी बेस के अधिकारियों ने कहा है कि वे चार्ल्सटन शहर के उत्तर में दो झीलों के आसपास, संघीय विमानन नियामकों के साथ फाइटर जेट के लिए सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। ज्वाइंट बेस प्रमुख ने चार्ल्सटन के स्थानीय निवासियों से इसमें मदद करने की अपील की है।



नेवी ज्वाइंट बेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में नंबर जारी कर कहा, यदि आपके पास कोई जानकारी है जो हमारी टीमों को एफ-35 का पता लगाने में कुछ मदद कर सकती है, तो कृपया बेस डिफेंस ऑपरेशंस सेंटर को कॉल करें। बेस चार्ल्सटन के सीनियर मास्टर सार्जेंट हीथर स्टैंटन ने बताया कि खराब मौसम साफ होने के बाद दक्षिण कैरोलिना कानून प्रवर्तन प्रभाग का एक हेलीकॉप्टर स्न-35 जेट की खोज में लगाया गया है। मेजर सेलिनास ने बताया है कि एफ-35 फाइटर जेट का पायलट संयुक्त बेस चार्ल्सटन में सुरक्षित लौट आया है। लड़ाकू विमान के इस तरह लापता होने से सोशल मीडिया पर काफी चर्चा है।

इस पर लोग कड़ी पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। स्थानीय कांग्रेस सदस्य नैन्सी मेस ने एक्स पर लिखा, आखिर आप एफ-35 फाइटर जेट को कैसे गंवा सकते हैं? उसमें कोई ट्रैकिंग डिवाइस कैसे नहीं है और हम जनता से पूछ रहे हैं कि एक जेट को ढूंढने में मदद करें और उसे फिर से हासिल करें।

## किम जोंग के जाते ही रूस पहुंच रहे चीनी विदेश मंत्री

**50 साल पुरानी तिकड़ी की केमिस्ट्री से उड़ी पश्चिमी देशों**

**नई दिल्ली।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन के रूस दौरे से वापस लौटते ही अगले दिन चीन के विदेश मंत्री वांग यी चार दिनों की यात्रा पर रूस पहुंच रहे हैं। इस दौरान चीनी विदेश मंत्री और रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के बीच यूक्रेन युद्ध पर चर्चा होने की उम्मीद है। उम्मीद ये भी जताई जा रही है कि दोनों देशों के नेता आपसी राजनीतिक विश्वास को गहरा करने की दिशा में द्विपक्षीय बातचीत करेंगे। चीनी विदेश मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, वांग 18 से 21 सितंबर तक रूस का दौरा करेंगे। पिछले सप्ताह रूसी विदेश मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, द्विपक्षीय सहयोग के व्यापक मुद्दोंपर चर्चा के लिए चीनी विदेश मंत्री के रूसी विदेश मंत्री लावरोव से मिलने की उम्मीद है।

बयान में कहा गया है कि दोनों नेता यूक्रेन युद्ध और उससे जुड़े समझौते से संबंधित मुद्दों पर भी बातचीत करेंगे। चीनी विदेश मंत्री का चार दिवसीय दौरा एक तरफ रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के संभावित बीजिंग दौरे से पहले हो रहा है और दूसरी तरफ उत्तर कोरिया के तानाशाह और पुतिन की बैठक के तुरंत बाद हो रहा है। इससे पश्चिमी देशों की नजरें टेढ़ी हो गई हैं।

**पश्चिमी देश क्यों चिंतित**

संयुक्त राज्य अमेरिका ने पहले ही चेतावनी जारी की है कि पुतिन और किम की मुलाकात के बाद प्योंगयांग यूक्रेन युद्ध के लिए मास्को को युद्ध सामग्री की आपूर्ति कर सकता है। रूस में किम जोंग का जहां रेड कार्पेट बिछाकर स्वागत किया गया, वहीं भव्य विदाई भी दी गई। विदा होने से पहले किम ने रूस के कई सामरिक ठिकानों का भी मुआयना किया है। इसी से पश्चिमी देशों की चिंता बढ़ गई हैं। अब चीनी विदेश मंत्री के रूस दौरे से पश्चिमी देशों की आशंका को बल मिला है कि कहीं तीनों पुराने मित्र युक्रेन युद्ध की आड़ में कोई गुप्त चाल और हथियारों के लिए कोई समझौता तो नहीं कर रहे। अगर ऐसा होता है तो एक बार फिर दुनिया की बड़ी शक्तियों के बीच तनाव पैदा हो सकता है।

## मोदी डेंग जियाओपिंग हैं, भारत को दी ऊंचाई ग्लोबल मंच पर प्रधानमंत्री की चीन के दिग्गज नेता से तुलना

**नई दिल्ली।** अमेरिकी अरबपति और निवेशक रे डेलियो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल की तारीफ करते हुए कहा है कि भारत की संभावित विकास दर दुनिया के बाकी देशों से सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि उनके पास भारत समेत दुनिया के शीर्ष 20 देशों के अगले 10 साल की विकास दर का अनुमान है और उनमें सबसे बेहतर भारत का स्थान है। अमेरिका के लॉस एंजिल्स में ष्ठरुकैम्पस के रॉयस हॉल में ऑल-इन समिट 2023 में रे डेलियो ने कहा, मुझे लगता है कि भारत आज वहीं खड़ा है, जहां चीन था, जब मैंने 1984 में वहां जाना शुरू किया था। इसलिए, यदि आप प्रति व्यक्ति आय के स्वरूप को देखेंगे, तो मुझे लगता है कि मोदी डेंग जियाओपिंग हैं। उनके पास बड़े पैमाने पर सुधार और रचनात्मक विकास है। भारत बहुत महत्वपूर्ण है। मुझे नहीं लगता कि कोई भी मुद्दा भारत को रोक पाएगा।

डेलियो ने कहा, इतिहास में जो देश तटस्थ थे, उन्होंने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। दूसरे शब्दों में वैसे देश युद्धों में विजेताओं से बेहतर रहे हैं। चूंकि हमारे देश अमेरिका का चीन और उसके सहयोगियों, रूस और इसी तरह के अन्य देशों के साथ एक तरह का संघर्ष है, लेकिन जो देश जैसे भारत बीच -बीच की स्थिति में हैं, वे इससे लाभान्वित होने जा रहे हैं। डेंग जियाओपिंग चीन के एक क्रांतिकारी और सुधारवादी नेता थे, जिन्होंने माओत्से तुंग के निधन के बाद चीन को बाजारवादी अर्थव्यवस्था की तरफ आगे बढ़ाया था। उन्होंने दिसंबर 1978 से नवंबर 1989 तक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के सर्वोपरि नेता के रूप में काम किया था।

1976 में माओत्से तुंग के निधन के बाद डेंग धीरे-धीरे चीन के सर्वोच्च नेता बन गए थे। तब माओ की मौत के बाद चीन राजनीतिक और आर्थिक संकटों से घिर गया था। माओ के महान सर्वहारा सांस्कृतिक क्रांति और उसके बाद की गुटीय लड़ाई ने देश को बहुत अधिक गरीब, कमजोर और अलग-थलग कर दिया था लेकिन जब डेंग जियाओपिंग ने देश की बागडोर संभाली तो उन्होंने बाजार और अर्थव्यवस्था में सुधार की एक लंबी श्रृंखला की शुरुआत की। इससे चीन आर्थिक रूप से फिर से सक्षम हो सका। डेंग को इसी वजह से आधुनिक चीन का वास्तुकार भी कहा जाता है

## वर्ग पहेली 6321

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. विभिन्न राष्ट्रों का एक समूह
३. तलवार के कब्जे में होने वाला सोने आदि का काम (उर्दू)
५. एक विषैला पौधा या उसका फल
६. जल्दबाजी
७. निर्बल
९. दफ़न करना
१०. आकारहीन
१२. पीड़ित, बीमार, अशक्त, उत्सुक, अधीर
१३. जानने की इच्छा
१४. परिवर्तित करना
१६. स्वाद लेना
१८. स्वदेश, मातृभूमि (उर्दू)
२०. जिसका दमन करना कठिन हो
२१. कपटी, मक्कार
२३. कपोलकल्पित

**ऊपर से नीचे:-**

१. राजाओं की जिद
२. पुस्तकालय (उर्दू)
३. काट छीलकर सुडौल बनाना (उर्दू)
४. ममता रहित, निष्ठुर
५. कोषालय
८. नगरवासी
१०. संख्या, अंक (उर्दू)
११. टुकड़े करना, व्यतीत करना
१२. लक्षण (उर्दू)
१३. अपमानित, बेइज्जती, दुर्गति (उर्दू)
१४. वीर (उर्दू)
१५. सबसे छोटा
१७. सारा, समस्त
१८. माह, साल का एक भाग
१९. झुका हुआ
२२. मेरूदंड

### वर्ग पहेली-6320

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ज | न्म | २ दि | व | ३ स | ■ | ४ वि | डं | ५ ब | ना |
| म | ■ | शा | ■ | ६ म | स्त | क | ■ | टो | ■ |
| ७ द | बा | व | ■ | झ | ■ | ८ ल | ज्जा | ही | ९ न |
| ग्नि | ■ | का | ■ | १० दा | स | ता | ■ | ■ | य |
| ■ | ११ अं | श | १२ ध | र | ■ | ■ | १३ दु | र्ज | न |
| ■ | ग | ■ | र | ■ | १४ जी | वा | श्म | ■ | ज |
| १५ कु | द | १६ र | ती | ■ | व | ■ | १७ न | १८ के | ल |
| र्क | ■ | ज | ■ | १९ कं | ट | २० क | ■ | व | ■ |
| २१ ना | दा | नी | ■ | च | ■ | २२ ब | दौ | ल | २३ त |
| ला | ■ | २४ श | ब | न | म | ■ | ■ | ■ | था |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**मरहम** *मणिपुर अधिकार निकाय ने युद्धरत समुदायों के घावों पर लगाया मरहम*

# हिंसा में विभिन्न समुदायों के 70 हजार से अधिक हुए विस्थापित

**इंफाल, (एजेंसियां)। जब मणिपुर के जातीय दंगों ने राज्य को तबाह कर दिया, जिसमें 175 लोगों की मौत हो गई, 1108 घायल हो गए, विभिन्न समुदायों के 70 हजार से अधिक लोग विस्थापित हो गए, मणिपुर मानवाधिकार आयोग (एमएचआरसी) गैर-आदिवासी मेइतेई और आदिवासी कुकी के लिए रक्षक बन गया।**

मणिपुर के मूल निवासियों के अलावा, न्यायमूर्ति उत्पलेंदु बिकास साहा (सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता वाला एमएचआरसी पूर्वोत्तर राज्य में हिरासत केंद्र में बंद म्यांमार के लोगों के मानवाधिकारों की भी देखभाल करता है, जो म्यांमार के साथ लगभग 400 किमी लंबी बिना बाड़ वाली सीमा साझा करता है। गौहाटी और त्रिपुरा उच्च न्यायालयों के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति साहा ने



■ **अभी तक ज्यादा प्रगति नहीं कर पाया तीन सदस्यीय जांच आयोग**

इस साल फरवरी में एमएचआरसी के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के बाद, 375 लंबित मामलों में से 192 मामलों का निपटारा किया और सात महीने से भी कम समय में 199 नए पंजीकृत मामलों में से 180 का निपटारा किया। आयोग के सूत्रों ने कहा कि 2018 से 2022 के बीच 614 मामले दर्ज किए गए, लेकिन केवल 96 मामलों का निपटारा किया गया।

मणिपुर में जातीय हिंसा की जांच के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा गठित तीन सदस्यीय जांच आयोग अभी तक ज्यादा प्रगति नहीं कर पाया है। गौहाटी हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश अजय लांबा 3 मई को हुए जातीय संघर्ष की जांच का नेतृत्व कर रहे हैं। केंद्रीय जांच ब्यूरो भी कई मामलों की जांच कर रहा है, लेकिन प्रगति ज्यादा नहीं है।

मैतेई समुदाय की सर्वोच्च संस्था, मणिपुर इंटीग्रिटी पर समन्वय समिति सहित विभिन्न गैर सरकारी संगठन और नागरिक समाज संगठन, मणिपुर में असम राइफल्स के स्थान पर कुछ अन्य केंद्रीय बलों को नियुक्त करने के लिए आंदोलन कर रहे हैं। इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम, कुकी इंपी मणिपुर (केआईएम) और कमेटी ऑन ट्राइबल यूनिटी, सदर हिल्स कांगपोकपी सहित कई आदिवासी संगठन अक्सर मणिपुर पुलिस और मणिपुर कमांडो फोर्स और रैपिड एक्शन फोर्स के खिलाफ विरोध प्रदर्शन आयोजित करते हैं। जबकि मणिपुर घाटी और पहाड़ी क्षेत्रों के लोगों के बीच तेजी से विभाजित है, एमएचआरसी आदिवासी कुकी, नागा और गैर-आदिवासी मैतेई लोगों तक पहुंच रहा है और उनकी शिकायतों का निवारण कर रहा है और उनके मानवाधिकारों की रक्षा कर रहा है। न्यायमूर्ति साहा के हस्तक्षेप से, मणिपुर सरकार ने हाल ही में विशेषज्ञ डॉक्टरों और अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को फॉरेनर्स डिटेंशन सेंटर, सजीवा में प्रतिनियुक्त किया है, जहां 24 महिलाओं सहित 136 विदेशियों, ज्यादातर म्यांमार के लोगों को रखा गया है। इस केंद्र की स्थापना इस वर्ष 16 फरवरी को की गई थी।

# खेल जगत

## चोटिल खिलाड़ियों को लेकर रोहित का दावा अश्विन भी वर्ल्ड कप प्लान का हिस्सा

**कोलंबं।** भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने टीम के विश्व कप की तैयारियों को लेकर अपने कई साथियों के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने पूरा विश्वास जताया कि टीम टूर्नामेंट से पहले सभी पूरी तरह फिट हो जाएंगे। एशिया कप फाइनल में श्रीलंका के लिए काफी मजबूत होने के बावजूद कप्तान को कई प्रमुख खिलाड़ियों की कमी खल रही थी। इसके अतिरिक्त, घरेलू विश्व कप अभियान के लिए टीम कॉम्बिनेशन अब तक तय नहीं हुआ है।

टीम के कप्तान 8 अक्टूबर को विश्व कप के पहले मैच से पहले ऑलराउंडर अक्षर पटेल और बल्लेबाज श्रेयस अय्यर के पूरी तरह से ठीक होने को लेकर आश्वस्त हैं। हालांकि, उन्होंने स्वीकार किया कि स्पिन-गेंदबाजी ऑलराउंडर कुछ समय के लिए टीम से बाहर रह सकते हैं। रोहित के हवाले से कहा गया, ऐसा लगता है कि उनके ठीक होने में शायद एक सप्ताह या दस दिन लगेंगे।



# हैरी ब्रूक वो बल्लेबाज हैं जिसकी इंग्लैंड को वर्ल्ड कप के लिए तलाश थी : मोंटी पनेसर






**नई दिल्ली।** इंग्लिश टीम के पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर मोंटी पनेसर का मानना है कि जेसन रॉय की जगह हैरी ब्रूक को विश्व कप टीम में देर से शामिल किया गया क्योंकि यह युवा खिलाड़ी, वो बल्लेबाज है, जिसकी डिफेंडिंग चैंपियन को तलाश थी। रविवार को इंग्लैंड ने विश्व कप के लिए ब्रुक को अपनी अंतिम 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया, जबकि रॉय को शामिल नहीं किया गया। ब्रुक पिछले महीने नामित इंग्लैंड की अस्थायी 15 सदस्यीय टीम से बाहर हो गए थे। हालांकि, कई दिग्गजों ने छोटे प्रारूपों में उनके जबरदस्त फॉर्म के आधार पर उन्हें शामिल करने की मांग की थी।

पनेसर ने स्काई स्पोर्ट्स न्यूज से कहा, हैरी ब्रूक जब अस्थायी विश्व कप टीम में नहीं थे तो उनका रवैया वास्तव में अच्छा और पॉजिटिव था। उन्होंने द हंड्रेड टूर्नामेंट में 100 रन बनाए, न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 मैच के दौरान उन्होंने 50 रन बनाए, जो उनका सही रवैया दिखाता है। मुझे लगता है कि उनका खेल स्पिन की तुलना में तेज गेंदबाजी के लिए अधिक उपयुक्त है और भारत में पिचों की धीमी प्रकृति के साथ, वह शीर्ष छह में कहीं भी बल्लेबाजी कर सकते हैं।

33 वर्षीय रॉय अपनी आक्रामक पारियों से घरेलू धरती पर 2019 विश्व कप जीतने वाले इंग्लैंड के महत्वपूर्ण सदस्य थे। पिछले दो वर्षों में, उन्हें खराब फॉर्म का सामना करना पड़ा और महत्वपूर्ण बात यह है कि वह पीठ की ऐंठन के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड की हालिया वनडे सीरीज के सभी चार मैचों में नहीं खेल पाए। पनेसर का मानना है कि इंग्लैंड भारत में अपने वनडे विश्व कप की रक्षा के लिए हरसंभव कोशिश कर रहा है। इंग्लैंड अपने विश्व कप 2023 अभियान की शुरुआत न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में करेगा। दस टीमों का टूर्नामेंट फाइनल के साथ समाप्त होगा। फाइनल 19 नवंबर को अहमदाबाद में आयोजित होगा।

## जोफ्रा आर्चर वर्ल्ड कप के लिए इंग्लैंड की टीम में होंगे रिजर्व खिलाड़ी : ल्यूक राइट

**लंदन।** तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भारत में विश्व कप के रिजर्व के रूप में इंग्लैंड टीम के साथ यात्रा करेंगे। टीम के मुख्य चयनकर्ता ल्यूक राइट ने इसकी पुष्टि की है। चोटिल जोफ्रा आर्चर का नाम रविवार को घोषित इंग्लैंड की अंतिम 15 खिलाड़ियों की विश्व कप टीम में शामिल नहीं है। हालांकि, इस मामले में एक बड़ा अपडेट यह है कि वो टीम के साथ यात्रा करेंगे। ईसीबी के बयान के अनुसार, जोफ्रा के लिए सबसे अच्छी बात यह है कि वह टीम के साथ यात्रा करें। अपने पुनर्वास के साथ काम करते रहें। फिजियो और टीम के आसपास रहें। वो इस तरह अपनी फिटनेस पर काम कर सकेंगे और सबसे बड़ी बात की टीम के साथ रहेंगे, जिससे उन्हें वापसी करने में मदद मिलेगी। आर्चर उस टीम का हिस्सा थे, जिसने 2019 में लॉर्ड्स में न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे विश्व कप जीता था, जहां उन्होंने प्रतियोगिता में टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज होने के अलावा एक रोमांचक सुपर ओवर फेंका था। वह वर्तमान में चोट के बाद अपने पुनर्वास पर काम कर रहे हैं, तब से उनका करियर ज्यादा अच्छा नहीं रहा। उन्होंने साउथ अफ्रीका टी20 लीग के अलावा इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के दौरे पर इंग्लैंड के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वापसी की थी। लेकिन, लगातार कोहनी और पीठ की चोटों से उबरने के बाद उन्हें बार-बार मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। यही कारण है कि उन्हें आईपीएल 2023 का कार्यकाल जल्दी समाप्त कर दिया था। इंग्लैंड अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में करेगा। दस टीमों का यह मेगा टूर्नामेंट 5 अक्टूबर को अहमदाबाद में होने वाले फाइनल के साथ समाप्त होगा।

# प्रशंसको का जुनून विश्व कप जीतने के इरादे को करता है मजबूत : विराट कोहली

**कोलंबो।** भारत के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली ने कहा कि देश में क्रिकेट के प्रति जुनून और समर्थन एक बार फिर विश्व कप ट्राफी घर लाने के भारतीय टीम के इरादे को मजबूती प्रदान करता है।

क्रिकेट विश्व कप टूर्नामेंट पांच अक्टूबर से 19 नवंबर के बीच भारत में खेला जायेगा। कोहली ने कहा, हमारे प्रशंसकों का जुनून और अटूट समर्थन ही विश्व कप जीतने के हमारे दृढ़ संकल्प को बढ़ावा देता है। पिछले विश्व कप जीत की यादें, विशेष रूप से 2011 की जीत, हमारे दिलों में अंकित हैं, और हम अपने प्रशंसकों के लिए नई यादें बनाना चाहते हैं। मैं इस अविश्वसनीय अभियान का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। हम अपने प्रशंसकों के सपनों को साकार करने के लिए अपना सब कुछ देने के लिए तैयार हैं। हरफनमौला रवींद्र जड़ेजा ने कहा, एक क्रिकेटर के रूप में यह जानने से अधिक प्रेरणादायक कुछ भी नहीं है कि लाखों प्रशंसक आपके पीछे खड़े हैं, आपकी सफलता के लिए जयकार कर रहे हैं। यह अभियान टीम इंडिया को जीतते देखने के लिए हमारे प्रशंसकों के गहरे जुनून और जुनून को दर्शाता है। यह एक यात्रा है हम पूरे देश के साथ मिलकर आगे बढ़ रहे हैं, और हम मैदान पर अपने प्रदर्शन से अपने प्रशंसकों को गौरवान्वित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।टीम इंडिया ने अपने वनडे विश्व कप अभियान की शुरुआत आठ अक्टूबर को प्रतिष्ठित एमए चिदंबरम स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक महा मुकाबले से करेगी। इसके बाद मेजबान टीम नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में अफगानिस्तान से भिड़ेगी। भारत अपने चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के साथ 14 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में से भिड़ेगा। कपिल देव की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने पहली बार विश्व कप ट्राफी 1983 में वेस्टइंडीज को हरा कर उठायी थी जबकि आखिरी बार महेन्द्र सिंह धोनी के लड़ाकों ने भारत को एक बार फिर विश्वकप जिता कर भारत को क्रिकेट का सिरमौर बनाया था।



**हमारे प्रशंसकों का जुनून और अटूट समर्थन ही विश्व कप जीतने के हमारे दृढ़ संकल्प को बढ़ावा देता है। पिछले विश्व कप जीत की यादें, विशेष रूप से 2011 की जीत, हमारे दिलों में अंकित हैं, और हम अपने प्रशंसकों के लिए नई यादें बनाना चाहते हैं : विराट कोहली**

## वर्ल्ड कप के पहले हाफ से ट्रेविस हेड बाहर, लाबुशेन की वापसी

**जोहान्सबर्ग।** ऑस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में 2-3 से हार के बाद कहा कि इन फॉर्म बल्लेबाज ट्रेविस हेड चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट के पहले हाफ से बाहर हो गए हैं। शुक्रवार को चौथे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलियाई पारी के दौरान बल्लेबाजी करते हुए हेड की उंगली में चोट लग गई थी। बताया जा रहा है कि उनकी उंगली में फ्रैक्चर है, जिससे उबरने में उन्हें करीब एक महीने का समय लगेगा। ऑस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने इसकी पुष्टि की। एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने बताया कि चौथे वनडे के दौरान हेड के बाएं हाथ के उंगली में फ्रैक्चर है, हालांकि उन्हें सर्जरी की आवश्यकता नहीं होगी। इसलिए, वो भारत में खेले जाने वाले वर्ल्ड कप के पहले भाग में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि उसे ठीक होने में करीब एक महीना लगेगा। मैकडॉनल्ड ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह फ्रंट हाफ के लिए उपलब्ध नहीं होंगे, इसलिए अंतिम 15 खिलाड़ियों के लिए हमें निर्णय लेना होगा। लेकिन मैं आपको सटीक समय सीमा नहीं दे सकता। हेड की जगह मार्नस लाबुशेन को टीम में शामिल किया गया है जो इन दिनों शानदार फॉर्म में हैं। मैकडॉनल्ड्स ने लेबुशेन की विश्व कप उम्मीदों के बारे में कहा, मैं चयन पैनल की ओर से बात नहीं कर सकता और उसे विश्व कप 15 में शामिल नहीं कर सकता, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि इसकी संभावना दिख रही है। टीमें 28 सितंबर की समयसीमा तक अपनी विश्व कप टीम में बदलाव कर सकती हैं।

## भारत की हॉकी टीम एफआईएच रैंकिंग में तीसरे स्थान पर

नई दिल्ली। भारतीय (2771 अंक) पुरुष हॉकी टीम बीते महीने अपने घर चेन्नै में अजेय रह कर एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी 2023 खिताब जीत इंग्लैंड (2745 अंक) को पीछे छोड़ छोड़ एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व रैंकिंग में मई 2022 के एक बरस से भी बाद फिर वापस तीसरे नंबर पहुंच गई है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने फाइनल सहित छह मैच जीते बस एक मैच जापान के खिलाफ मैच ड्रॉ खेला। एफआईएच ने पुरुष और महिला हॉकी विश्व रैंकिंग की घोषणा सोमवार को की,

वहीं भारत (2325 अंक) की महिला हॉकी टीम स्पेन (2173 अं) को एक पायदान पीछे छोड़ एफआईएच महिला विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गई जबकि नीदरलैंड(3422 अंक) की महिला हॉकी टीम यूरो महिला हॉकी चैंपियनशिप जीत शीर्ष पर है जबकि ऑस्ट्रेलिया(2818 अंक) की महिला टीम दूसरे और अर्जेंटीना (2767 अंक) तीसरे स्थान पर है। (जर्मनी (2574 अंक) की महिला हॉकी टीम चौथे और बेल्जियम (2609)पांचवें स्थान पर है। न्यूजीलैंड(2001 अंक) नौवें और जापान (1900 अंक) दसवें स्थान और चीन(1894 अंक) अंक 11 वें स्थान पर है।

इंग्लैंड की पुरुष हॉकी टीम यूरो हॉकी चैंपियनशिप में नीदरलैंड से फाइनल में 1–2 से हार गई । नीदरलैंड (3113 अंक) की पुरुष हॉकी टीम यूरो हॉकी खिताब बरकरार रख कर शीर्ष पर बरकरार है ही उसने इससे पहले एफआईएच पुरुष हॉकी प्रो लीग खिताब खिताब जीता ही उसने भारत में एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप में कांसा भी जीता था। वहीं पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 की उपविजेता बेल्जियम (2989 अंक) के साथ दूसरे स्थान पर है। भारत के तीसरे स्थान पर छलांग लगाने से इंग्लैंड की पुरुष टीम चौथे स्थान पर खिसक गई। विश्व कप चैंपियन जर्मनी (2689 अंक) की पुरुष टीम पांचवें, ऑस्ट्रेलिया (2544 अंक) छठे स्थान पर बरकरार हैं जबकि अर्जेंटीना (2350 अंक) स्पेन (2347 अंक) से एक पायदान उपर सातवें स्थान र है। वहीं फ्रांस (2052अंक ) की टीम नौवें और मई ,2022 के बाद बाद पुरुष वर्ग मे दसवें स्थान पर पहुंच गई। मलयेशिया (2041)की पुरुष टीम एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भारत से फाइनल में हार कर दसवें स्थान पर बरकरार है। दक्षिण कोरिया (1932) की टीम 12 वें तथा न्यूजीलैंड (1938 अंक) टीम 11वें स्थान पर है।


## कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी जिला सिवनी (म.प्र.)

E-mail-deo.mpedsni@mp.gov.in

सिवनी, दिनांक 13.09.2023

### विज्ञप्ति

सर्वसाधारण की जानकारी के लिये सूचना की जाती है कि सिवनी जिले में मदिरा के अवैध परिवहन में जप्तशुदा, राजसात किये गये वाहनों के नीलाम के लिये सीलबंद निविदाएं जिला आबकारी अधिकारी, कार्यालय सिवनी पर आमंत्रित की जाती है। राजसात किये गये वाहन उनके नाम के सम्मुख दर्शाये स्थान पर वर्तमान में जिस हालत में हैं, उसी हालत में नीलाम किये जायेंगे। नीलाम निविदा की शर्तें एवं निविदा फार्म तथा अन्य जानकारी अवकाश के दिनों को छोड़कर अन्य किसी भी दिन कार्यालयीन समय में विज्ञप्ति जारी होने के दिनांक से दिनांक 27/09/2023 को समय दोपहर 03.00 बजे तक प्राप्त कर दोपहर 3.30 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी सिवनी में जमा की जा सकती है। निर्धारित दिनांक एवं समय में प्राप्त निविदाएं दिनांक 27/09/2023 को समय सायं 4.00 बजे आबकारी नियंत्रण कक्ष, बरघाट रोड सिवनी में उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके वैध प्रतिनिधियों के समक्ष कलेक्टर द्वारा गठित समिति द्वारा खोली जावेगी। निर्धारित समय पश्चात प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। निविदादाताओं/उनके वैध प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति निविदा खोलने की प्रक्रिया में बाधक नहीं होगी।

राजसात वाहनों का प्रकार एवं उनका आफसेट प्राईज निम्नानुसार है :-

| क्रं. | राजसात आदेश क्रमांक | दिनांक | थाना का नाम | अपराध क्रमांक/दिनांक | वाहन का नाम | वाहन क्रमांक | माडल | आफसेट प्राइस | वाहन जहां खड़ा है |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 0041/B/121 2021-22 | 17.08.21 | थाना कुरई | 221/19 09.08.19 | टी.व्ही.एस. स्टार मोटर साइकल | CG-13E-4094 | 2007 | 1400/- | थाना कुरई |
| 2 | 198/B/121 2016-17 | 07.09.21 | थाना घंसौर | 244/17 14.07.17 | बुलेरो कार | KA-02MA-1902 | 2005 | 93000/- | थाना घंसौर |
| 3 | 62/B/121 2020-21 | 18.01.21 | थाना छपारा | 181/20 04.07.20 | टाटा सफारी डिकोर | MP-22BA-0149 | 2006 | 65000/- | थाना छपारा |
| 4 | 0114/B/121 2021-22 | 07.12.21 | वृत्त लखनादौन | 475/18 09.01.18 | बजाज डिस्कवर मोटर साइकल | MP-22MB-8378 | 2011 | 9000/- | वृत्त लखनादौन |
| 5 | 0115/B/121 2020-21 | 07.12.21 | थाना लखनादौन | 132/21 09.03.21 | टाटा इंडिगो कार | MP-20CE-5889 | 2014 | 90000/- | थाना लखनादौन |
| 6 | 0186/B/121 2021-22 | 10.03.22 | थाना केवलारी | 312/21 21.06.21 | बजाज प्लेटिना मोटरसाकल | MD2A18AZ2 FPK23809 | - | 6000/- | थाना केवलारी |
| 7 | 0021/B/121 2022-23 | 25.04.22 | थाना धूमा | 213/21 14.07.21 | मारूति 800-कार | MP2O-CA-2194 | 2006 | 29000/- | थाना धूमा |
| 8 | 0030/B/121 2022-23 | 09.05.22 | थाना बरघाट | 661/21 15.12.21 | याम्हा क्रक्स मोटर साइकल | MP22-F-8849 | 2004 | 8000/- | थाना बरघाट |
| 9 | 009/B/121 2022-23 | 12.04.22 | थाना बरघाट | 343/21 10.07.21 | हीरोहाण्डा स्पले. प्लस मोटर साइकल | MP22-MA-5576 | 2009 | 9000/- | थाना बरघाट |
| 10 | 0010/B/121 2022-23 | 12.04.22 | थाना घंसौर | 157/18 13.06.18 | होण्डा ड्रीमयुगा मोटर साइकल | MP51-MD-5217 | 2015 | 24000/- | थाना घंसौर |
| 11 | 0019/B/121 2022-23 | 25.04.22 | थाना कान्हीवाड़ा | 193/21 30.06.21 | मारूति-800 कार | MH31-AH-3108 | - | 30000/- | थाना कान्हीवाड़ा |
| 12 | 0020/B/121 2022-23 | 25.04.22 | थाना कोतवाली | 120/21 13.02.21 | बजाज डिस्कवर मोटर साइकल | MP22-MB-6701 | 2011 | 7000/- | थाना कोतवाली |
| 13 | 0053/B/121 2022-23 | 21.07.22 | थाना धनौरा | 10/22 06.01.22 | बजाज सी.टी.-100 मोटर साइकल | MH40-BA-9464 | 2016 | 18000/- | थाना धनौरा |
| 14 | 0052/B/121 2022-23 | 21.07.22 | थाना अरी | 322/21 09.11.21 | बजाज प्लेटिना मोटर साइकल | MP-22MK-7031 | 2019 | 28000/- | थान अरी |
| 15 | 55/B/121 2010-11 | 15.12.16 | थाना केवलारी | 195/10 10.10.10 | टी.व्ही.एस. स्टारसिटी मो.सा. | MP-28BB-5469 | 2005 | 6000/- | आ.नियंत्रण कक्ष सिवनी |
| 16 | 0165/B/121 2022-23 | 19.01.23 | थाना कान्हीवाड़ा | 0165/B/121 2022-23 | हीरो पेशन प्रो. मोटर सायकल | MP-20MH-5696 | 2009 | 5200/- | थाना कान्हीवाड़ा |
| 17 | 0168/B/121 2022-23 | 25.01.23 | थाना छपारा | 0168/B/121 2022-23 | अर्टिंगा कार | MP-15CA-6008 | 2012 | 135000/- | थाना छपारा |

प्राप्त निविदा खोले जाने पर उसमें प्रस्तुत किये गये समस्त कागजात जांच में सही पाये जाने पर, निविदादाताओं द्वारा दिये गये उच्चतम ऑफर की घोषणा मौके पर समिति द्वारा की जायेगी। निविदा में प्राप्त राशि यदि निर्धारित ऑफसेट मूल्य अथवा मूल्य से अधिक है तो निविदा मौके पर स्वीकृत की जा सकती है। अपूर्ण निविदिओं पर समिति द्वारा विचार नहीं किया जायेगा । यदि किसी वाहन हेतु प्राप्त निविदा ऑफसेट मूल्य से कम हो तो कलेक्टर जिला सिवनी के अनुमोदन उपरांत पुन: विज्ञप्ति जारी की जायेगी। इस संबंध में वाहनों की नीलामी हेतु गठित समिति का निर्णय अंतिम रहेगा।

नीलामी की शर्त एवं नियम निम्नानुसार रहेंगे-

1. वाहन जिस हालत में / जहां रखा है / उसी हालत में नीलाम किया जाएगा एवं सफल निविदादाता को वहीं से उक्त वाहन को प्राप्त करना होगा।
2. निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्रस्तुत निविदा मान्य नहीं होगी।
3. निविदा फॉर्म रूपये 500/- ( पांच सौ रूपये मात्र) प्रोसेडिंग शुल्क जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय सिवनी में ऑनलाईन सायबर चालान ( आबकारी आनलाईन हेड 0039-800-0761 ) के माध्यम से जमा कर अवकाश के दिनों को छोड़कर कार्यालयीन समय में दिनांक 27.09.2023 को समय दोपहर 03.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
4. प्रत्येक वाहन की निविदा के साथ वाहन की ऑफसेट प्राईज की 50 प्रतिशत राशि (धरोहर राशि) का बैंक ड्राफ्ट किसी राष्ट्रीयकृत / अधिसूचित / क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के बैंकर्स चेक / बैंक केस आर्डर / सायबर चालान जिला आबकारी अधिकारी जिला सिवनी के नाम का निविदा फॉर्म के साथ संलग्न कर प्रस्तुत करना होगा। इसी प्रकार निविदादाता को 100 रूपये का शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज भी निविदा फॉर्म के साथ प्रस्तुत करना होगा। शपथ पत्र में उसके द्वारा घोषणा की जावेगी कि ''मैंने निविदा से संबंधित सारी शर्तें एवं उपबंध पढ़ एवं समझ लिये हैं जो कि मुझे स्वीकार है'' प्रस्तुत करना होगा। बैंक ड्राफ्ट अथवा सायबर चालान से जमा राशि के अभाव में प्रस्तुत किये जाने वाली निविदा मान्य नहीं होगी।
5. टेण्डरदाताओं की व्यक्तिगत पहचान के प्रमाणीकरण हेतु निम्न में से कोई एक दस्तावेज मान्य होगा
◎ पासपोर्ट ◎ स्थायी आयकर लेखा संख्या (पेन) कार्ड । ◎ निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत मतदाता पहचान पत्र (ईपिक कार्ड) ◎ ड्राईविंग लायसेंस। ◎ फोटोयुक्त वर्तमान बैंक बचत / चालू लेखा पुस्तिका। ◎ आधार कार्ड।
◎ निवास स्थान के पते के प्रमाणीकरण हेतु निम्न में से कोई एक दस्तावेज मान्य होगा।
◎ अधिकतम तीन माह पुराना बिजली भुगतान का बिल ◎ अधिकतम तीन माह पुरानी एल पी जी गैस रि-फिलिंग की रसीद ◎ किसी वित्तीय संस्थान द्वारा जारी फोटो युक्त क्रेडिट कार्ड ◎ स्त्रोत पर आयकर कटौती का अघतन जारी फार्म 16 में प्रमाण पत्र ◎ बैंक की वर्तमान बचत / चालू लेखा पुस्तिका / आधार कार्ड
6. निविदा दाता द्वारा प्रस्तुत प्रत्येक सीलबन्द निविदा के उपर शब्द ''वाहन क्रय संबंधी निविदा एवं वाहन कमांक'' अंकित किया जाना अनिवार्य होगा।
7. असफल निविदाकारों की धरोहर राशि वांछित आवश्यक कार्यवाही पश्चात वापस कर दी जावेगी। किन्तु टेण्डर फार्म की कीमत वापसी योग्य नहीं होगी।
8. सफल निविदाकारों की धरोहर राशि का समायोजन स्वीकृति राशि के विरुद्ध किया जावेगा तथा निविदाकारों को उनकी निविदा स्वीकृत होने के 07 दिवस के अन्दर स्वीकृति अनुसार समस्त राशि का भुगतान जिला आब अधिकारी जिला सिवनी के पक्ष में करना होगा। इस संबंध में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। समयावधि में राशि जमा नहीं कराने की स्थिति में निविदाकार की धरोहर राशि कलेक्टर द्वारा राजसात कर ली जावेगी ।
9. निविदा के किसी भी बिन्दु पर अंतिम निर्णय लेने का अधिकार इस हेतु कलेक्टर सिवनी द्वारा गठित समिति को होगा।
10. सफल निविदादाता द्वारा वाहन के परिवहन, नामांतरण, टैक्स जमा करना आदि समस्त कार्यवाही हेतु शुल्क स्वयं ही वहन करना होगी। इस संबंध में नीलामी पश्चात कोई आपत्ति विभाग को मान्य नहीं होगी।
11. उपरोक्त वाहनों के रजिस्ट्रेशन संबंधी कोई भी अभिलेख उपलब्ध नहीं है तथा न ही उपलब्ध कराने का विभाग का उत्तरदायित्व होगा ।
12. वाहन पर किसी संस्थान, बैंक अथवा निजी व्यक्ति के फायनेंस बावत किसी प्रकार का उत्तरदायित्व विभाग का नहीं होगा।
13. प्राप्त निविदाए खोलने की कार्यवाही के दौरान निविदा दाता की उपस्थिति अनिवार्य नहीं होगी।
14. निविदाकार उल्लेखित वाहनों का अवलोकन नीलामी के पूर्व वाहन के उपलब्ध स्थल पर जाकर कर सकते है । नीलामी पश्चात इस संबंध में कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी ।
15. दिनांक 27/09/2023 को दोपहर 03.00 बजे के पश्चात कोई भी फार्म विक्रय नहीं किया जावेगा।
16. किसी वाहन पर प्राप्त एकल निविदा भी विचार योग्य होगी।
17. प्रत्येक निविदादाता को वर्तमान में संधारित ई-मेल आई.डी. एवं मोबाइल नं. भी फार्म एवं शपथ पत्र में भरकर देना होगा। सफल होने पर ई-मेल आई.डी. एवं व्हाट्स नं. पर दी गई सूचना को विधिक पत्राचार माना जावेगा।

( कलेक्टर द्वारा अनुमोदित )

(शैलेश जैन )
जिला आबकारी अधिकारी
जिला सिवनी

G-19892/23 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।


## एशियाई खेलों में कामयाब होने के लिए हम मौकों को पूरी भुनाने के मकसद से उतरेंगे : शॉपमैन

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली। शुएर्ड मराइन के मार्गदर्शन में भारतीय महिला हॉकी टीम के 2020 के टोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद अपना पद छोडने् के बाद नीदरलैंड की ही यांकी शॉपमैन ने टीम के चीफ कोच की जिम्मेदारी संभाली। अब शॉपमैन पर भारतीय महिला हॉकी टीम को अपने मार्गदर्शन में हांगजू(चीन) में होने वाले एशियाई खेलों स्वर्ण पदक जिता सीधे 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने की जिम्मेदारी है। शॉपमैन ने हॉकी ते चर्चा के दौरान हांगजू एशियाई खेलों के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम की तैयारियों, दबाव , उम्मीदों और संभावनाओं की बाबत चर्चा करते हुए कहा, मेरा मानना है कि एशियाई खेलों में हमारी खिलाडियों की बतौर खिलाड़ी और टीम जेहनी सोच बड़ा फर्क पैदा करेगी। मैं इन एशियाई खेलों में भारतीय टीम के साथ पहली बार बतौर कोच जा रही हूं। मैंने अपनी टीम की खिलाडियों को यही समझाने पर जोर दिया है कि आप किसी भी टूर्नामेंट इस सोच के साथ उतरते हैं यह सबसे अहम है अथवा यह एक महज टूर्नामेंट हैं। इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह आपका यह पहला टूर्नामेंट है या आखिरी। बतौर खिलाड़ी आपके लिए अहम यह है कि आप जब टूर्नामेंट में खेलने उतर रहे हैं तो आपको मौकों को पूरी तरह भुनाना होगा और अपनी कूवत दिखानी होगी। एशियाई खेलों में कामयाब होने के लिए हम मौकों को पूरी भुनाने और अपनी कूवत दिखाने के मकसद से उतरेंगे। हम हांगजू एशियाई खेलों स्वर्ण जीत सीधे 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना चाहते हैं।

## सुडोकू 6321 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 | 4 |
| 4 | 2 | 7 | 6 | 5 | 1 | 9 | 8 | 3 |
| 6 | 9 | 3 | 7 | 8 | 4 | 1 | 2 | 5 |
| 5 | 1 | 4 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 | 9 |
| 3 | 6 | 9 | 5 | 1 | 7 | 2 | 4 | 8 |
| 2 | 7 | 8 | 4 | 6 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 9 | 4 | 5 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 3 | 2 | 9 | 7 | 8 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 4 | 5 | 3 | 9 | 2 |


## भारतीय स्टेट बैंक

शाखा– आर.ए.सी.पी.सी. फर्स्ट फ्लोर, एसबीआई मेन ब्रांच, सिविल लाईन, जबलपुर फोन: 0761-2627217, 2624654

### चल सम्पत्ति (वाहन) के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निम्नलिखित वाहन का जहां है, जैसा है, जो है के आधार पर विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

ई-नीलामी की तिथि- 03.10.2023 समय: प्रातः11.00 से सायं 3.00 बजे तक, प्रत्येक 10 मिनिट के असीमित विस्तार के साथ

| क्रं. | ऋणी | चल सम्पत्ति ( वाहन ) का विवरण | आरक्षित मूल्य | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ऋणी - श्री सचिन टोले<br>पता- फ्लेट नं. 201, कौशल्या धाम, सेंट अलॉयशियस स्कूल के सामने, कटंगी बायपास रोड, जबलपुर 482002<br>वर्तमान पता- IRIS - 81, चौहान ग्रीन वैली, दुर्ग | निर्माता: General Motors<br>मॉडल- Chevrolet Beat LS Petrol<br>रजिस्ट्रेशन नं. - MP20CG5561<br>इंजन नं. - Z1160866HLUX0075<br>चेसिस नं.- MAGBFBD2GGT004520<br>निर्माण वर्ष- 2016, कलर- S Grey<br>प्रोप. आईडी - SBIN200022731741 | रू. 1,20,000/- | रू. 12,000/- |

वाहन निरीक्षण स्थल- भारतीय स्टेट बैंक, शाखा- आर.ए.सी.पी.सी., फर्स्ट फ्लोर, एस. बी. आई. मेन ब्रांच, सिविल लाईन, जबलपुर

नियम एवं शर्तें:– (1) विक्रय सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम व शर्तों के अधीन होगा तथा निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा। (2) सम्पत्ति की बिक्री ''जहाँ है जैसा है एवं जिस अवस्था में है'' के आधार पर होगी। (3) ऊपर वर्णित सम्पत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी को प्राप्त जानकारी के आधार पर है । किन्तु प्राधिकृत अधिकारी किसी भी त्रुटि, गलत जानकारी, घोषणा में चूक के लिये जिम्मेदार नहीं होगा । (4) विक्रय से संबंधित नियम और शर्तों के ब्यौरे के लिए वेबसाइट https://www.mstcecommerce.com /auctionhome/ibapi/index.jsp पर देखें। (5) इच्छुक बोलीकर्ता को यूजर आई-डी व पासवर्ड स्वयं बनाना है जिसे बनाने में न्यूनतम 2 दिन का समय लगता है अतः बोलीकर्ता से निवेदन है कि यूजर आई-डी अंतिम तिथि से पूर्व ही बना लें। (6) उपरोक्त निविदा सूचना में से सभी को अथवा किसी एक सम्पत्ति की निविदा को बिना कोई कारण बताए निरस्त करने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित है।

नोट- यह सूचना उपरोक्त ऋण के कर्जदार/गारंटरों /बंधककर्ताओं को उपरिवर्णित तिथि को इस बिक्री के आयोजन और अन्य विवरण के बारे में नोटिस भी है।

दिनांक - 19/09/2023 स्थान - जबलपुर

प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक, आर.ए.सी.पी.सी., सिविल लाईन्स, जबलपुर

SENSEX | BSE 67596.84 ▼ 241.79 | NSE 20133. 30 ▼ 59.05 | MCX Gold 59120 ▲ 127 silver 72228 ▲ 74

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

## रुपया 7 पैसे की बढ़त के साथ खुला

**नई दिल्ली।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को रुपया शुरुआती कारोबार में सीमित दायरे में रहा। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और अमेरिकी मुद्रा में मजबूती के साथ ही घरेलू बाजार के नकारात्मक रुख का असर रुपये पर पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.09 प्रति डॉलर पर खुला जो पिछले बंद भाव से सात पैसे की बढ़त है। शुरुआती कारोबार में रुपया 83.13 प्रति डॉलर पर भी पहुंच गया था। शुक्रवार को रुपया 83.16 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।



## गोल्ड ईटीएफ में अगस्त के दौरान 1,028 करोड़ रुपये का निवेश, पिछले 16 महीने में सबसे ज्यादा

**नई दिल्ली।** अमेरिका में ब्याज दरों में वृद्धि जारी रहने के बीच गोल्ड ईटीएफ (गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) में अगस्त में 1,028 करोड़ रुपये का निवेश आया है, जो इसका 16 माह का उच्चस्तर है। अमेरिका में ब्याज दर बढ़ने से आर्थिक वृद्धि की रफ्तार प्रभावित हुई है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया के आंकड़ों के अनुसार, इसके साथ ही इस श्रेणी में सालाना आधार पर प्रवाह 1,400 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। समीक्षाधीन अवधि में गोल्ड ईटीएफ में प्रवाह के अलावा इसका संपत्ति आधार और निवेशक खातों (फोलियो) की संख्या में भी वृद्धि हुई है। आंकड़ों के अनुसार, गोल्ड ईटीएफ में अगस्त में 1,028 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। इससे पहले जुलाई में इसमें 456 करोड़ रुपये का निवेश मिला था। इससे पहले, गोल्ड ईटीएफ में लगातार तीन तिमाहियों की बिकवाली के बाद अप्रैल-जून की अवधि के दौरान 298 करोड़ रुपये का निवेश देखा गया था। मार्च तिमाही में इस श्रेणी से 1,243 करोड़ रुपये, दिसंबर तिमाही में 320 करोड़ रुपये और सितंबर तिमाही में 165 करोड़ रुपये की निकासी हुई थी। अप्रैल, 2022 के बाद से अगस्त, 2023 में गोल्ड ईटीएफ में सबसे अधिक मासिक प्रवाह देखा गया। अप्रैल, 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण इस श्रेणी में 1,100 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था।

# हवाई किराया इस त्यौहारी और सर्दियों में भर सकता है ऊंची उड़ान

*__नई दिल्ली।__ त्यौहारी सीजन दस्तक दे रहा है। कई यात्री फ्लाइट से घर जाने की प्लानिंग कर रहे होंगे। लेकिन इस साल त्यौहार में घर जाना या सर्दियों में फ्लाइट से सफर करना महंगा भी पड़ सकता है। किराये में बढ़ोतरी होने के आसार हैं। इसके पीछे की बड़ी वजह है गो फर्स्ट एयरलाइन कंपनी।*

एयरलाइन अधिकारियों ने कहा कि गो फर्स्ट के अंतरराष्ट्रीय उड़ान अधिकारों पर कोर्ट द्वारा लगाई गई रोक भारतीय एयरलाइन्स को पॉपुलर रूट पर ज्यादा फ्लाइट्स तैनात करने से रोक रही है। माना जा रहा है कि आने वाले समय में खासकर आगामी त्यौहार सीजन और सर्दियों के मौसम में हवाई यात्रा करने के लिए ज्यादा पैसा देना पड़ सकता है।

**लिमिट से ज्यादा फ्लाइट का ऑपरेशन नहीं**– उड़ान अधिकार सरकारों की तरफ से अपने देशों की एयरलाइनों को द्विपक्षीय पारस्परिक आधार पर अलॉट किए जाते हैं।



इकोनॉमिक टाइम्स की खबर के मुताबिक, कोई भी एयरलाइंस अलॉट किए गए लिमिट से ज्यादा फ्लाइट का ऑपरेशन नहीं कर सकतीं। एविएशन इंडस्ट्रीज एग्जिक्यूटिव के मुताबिक, घरेलू एयरलाइन गो फर्स्ट ने अपने दिवालिया होने को लेकर एप्लीकेशन फाइल करने से पहले कई इंटरनेशनल रूट के लिए फ्लाइंग राइट्स हासिल कर लिए थे।

**गो फर्स्ट के नाम अलॉट की हुई हैं ये सीटे**– खबर के मुताबिक, गो फर्स्ट ने प्रति सप्ताह थाईलैंड के लिए 8000 सीट्स, मलेशिया के लिए 3000 सीट्स, अबू धाबी के लिए 9000 सीट्स, सिंगापुर के लिए 1200 सीट्स अलॉट करा लिया था। इसमें बताया गया कि भारतीयों के लिए ये एयर रूट्स काफी पॉपुलर रहे हैं और इनके डिमांड में भी बड़ा उछाल देखने को मिला है। लेकिन सरकार अब दूसरी एयरलाइन कंपनियों को गो फर्स्ट के राइट्स को रीलोकेट करने पर सहमत नहीं है। नतीजा यह है कि एयरलाइन कंपनियां इन रूट्स पर अपनी फ्लाइट्स तैनात नहीं कर पा रही हैं।

**ये फैक्टर भी बढ़ा सकते हैं एयर फेयर**– हवाई किराए में बढ़ोतरी की और वजह है एयर टर्बाइन फ्यूल यानी एटीएफ की कीमत में उछाल का आना। बता दें, एयरलाइन कंपनियों के ऑपरेशन में सबसे ज्यादा लागत में एटीएफ की हिस्सेदारी होती है। मासिक आधार पर एटीएफ की कीमत में 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिली है। एग्जिक्यूटिव का कहना है कि अगले महीने भारत में आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप होने जा रहा है। ऐसे में डिमांड और सप्लाई में मिसमैच होगा।

# शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी का दौर थमा, सेंसेक्स व निफ्टी में रही गिरावट

*__मुंबई।__ वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच निवेशकों के सतर्क रहने से स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को रिकॉर्ड तेजी का सिलसिला थम गया और दोनों प्रमुख सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 241.79 अंक यानी 0.36 प्रतिशत कमजोर होकर 67,596.84 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी में भी गिरावट रही।*



कारोबार के दौरान एक समय यह 305.8 अंक तक गिरकर 67,532.83 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 59.05 अंक यानी 0.29 प्रतिशत घटकर 20,133.30 अंक पर बंद हुआ। इसके साथ ही बीएसई में पिछले 11 कारोबारी सत्रों से जारी तेजी का सिलसिला थम गया। यह अक्टूबर, 2007 के बाद इसमें तेजी का सबसे लंबा दौर है। इस दौरान सेंसेक्स बीते शुक्रवार को अपने उच्चतम स्तर 67,838.63 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी ने भी पिछले कारोबारी सत्र में 20,192.35 का अपना नया शिखर हासिल किया था। सेंसेक्स की कंपनियों में एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, इन्फोसिस, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील, विप्रो, कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा और जेएसडब्ल्यू स्टील में प्रमुख रूप से गिरावट रहीं। दूसरी तरफ पॉवर ग्रिड, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एनटीपीसी के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू बाजारों ने अपनी रफ्तार गंवा दी, क्योंकि इस सप्ताह कई देशों के केंद्रीय बैंक नीतिगत दरों पर फैसला करेंगे। उन्होंने कहा कि निवेशकों का भरोसा कच्चे तेल की आपूर्ति में कटौती के साथ चीन में मांग फिर से बढ़ने की उम्मीदों से भी प्रभावित हुआ। अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल बढ़ने से एक बार फिर फेडरल रिजर्व द्वारा नीतिगत दर में बढ़ोतरी की आशंका बढ़ गई है। इस संदर्भ में बाजार को प्रमुख केंद्रीय बैंकों से स्पष्टीकरण का इंतजार है। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए जबकि चीन के शंघाई कम्पोजिट में तेजी रही। यूरोपीय बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार नकारात्मक दायरे में बंद हुए थे। इस बीच अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.39 प्रतिशत चढ़कर 94.30 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

# सोने के भाव में 180 रुपये का इजाफा, चांदी में 400 रुपये की मजबूती



*__नई दिल्ली।__ विदेशी बाजारों में पीली धातु की कीमतों में तेजी के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना 180 रुपये की तेजी के साथ 60,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 60,020 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। इस दौरान चांदी भी 400 रुपये उछलकर 74,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।*

एचडीएफसी सिक्युरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, विदेशी बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने का हाजिर भाव 180 रुपये की तेजी के साथ 60,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। वैश्विक बाजार में सोना और चांदी की कीमत तेजी के साथ क्रमशः 1,927 डॉलर प्रति औंस और 23.10 डॉलर प्रति औंस हो गई। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज में कमोडिटी रिसर्च के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवनीत दमानी ने कहा, पिछले सप्ताह के अंत में देखी गई रिकवरी के बाद सोने में स्थिरता जारी है, क्योंकि निवेशकों ने फेडरल रिजर्व की ओर से इस सप्ताह होने वाली नीतिगत बैठक में ब्याज दरों की वृद्धि में ठहराव की उम्मीद में कीमतों को स्थिर रखा हुआ है।

# एबी डीविलियर्स, पूजा हेगड़े ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र में नवीनतम प्रवेश सुपरविन के चेहरे बने

*__मुंबई/जबलपुर, देशबन्धु।__ एबी डी विलियर्स और पूजा हेगड़े अब ऑनलाइन गेमि गं क्षेत्र में नवीनतम प्रवेश, सुपर विन के चेहरे बन गए हैं। इस वि शाल साझेदारी को शुरुआत में ही सुपर विन के लि ए एक अद्वितीय पहला कदम माना जा रहा है, जो पि छले महीने लॉन्च हुआ था। ऑनलाइन गेमिगं धीरे-धीरे लोगों के खेल में मजा लेने के तरीके का अभिन्न हिस्सा बन रहा है, जो पूरी दुनिया में प्रसिद्ध हो रहा है।*




अब प्रशंसकों को महसूस होता है कि वह मैदान पर क्या हो रहा है, उसमें असली हिस्सेदार हैं, बजाय इसके कि वे सिर्फ दर्शक हों एबीडी, जिन्हें पूरी दुनिया में मिस्टर 360 के रूप में जाना जाता है, वह एक प्रसिद्ध क्रिकेटर हैंऔर वे सुपरविन के साथ अपनी साझेदारी पर उत्साहित हैं और उम्मीद है कि यह ब्रांड भारत में किस प्रकार स्थान पकड़ेगा। डीविलियर्स ने 2004 से 2018 तक दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रीय टीम के केंद्र में हर प्रारूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वह भारतीय प्रीमियर लीग के सबसे चमकते सितारों में से एक भी बन गए, जहां उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए कई यादगार पारियां खेलीं, अक्सर अपने सहयोगी और मित्र, विराट कोहली के साथ।

हर पेशेवर खिलाड़ी के लिए जीत, खेल का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है, और वही उम्मीद हर खिलाड़ी को अपने आप में पालनी चाहिए। सुपरविन के साथ मेरा संबंध बनाने में मुझ`गर्व महसूस हो रहा है, क्योंकि मुझे पूरा यकीन है कि यह ब्रांड खेल की सच्ची भावना, समुदाय में शामिल होना और बड़ी जीत की उम्मीद को सच में महसूस कराएगा। ऐसा कहते हुए एबी डी विलियर्स ने अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। पूजा हेगड़े वह अभिनेत्री हैं जिन्होंने अपने अद्वितीय काम से सिर्फ दक्षिण भारत ही नहीं, बल्कि पूरे देश का मन मोह लिया है और वर्तमान में वे फिल्म उद्योग की सबसे चमकती सितारों में से एक हैं। हेगड़े को उनके प्रदर्शन के लिए 'अला वैकुंठपुर्रमुलू' (2020) और 'मोस्ट एलिजिबल बचैलर' (2021) में तेलुगु की सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के रूप में सिम्मा परुस्कार मिला। उन्हें 'ओका लैला कोसम' 'अला वैकुंठपुर्रमुलू' और अरविंदा समेथा वीरा राघव (2018) के लिए तेलुगु की सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के रूप में फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया था। उनकी अन्य सार्थक फिल्मे में 'दुव्वाडा जगन्नाधम' (2017), 'महर्षि ' (2019), 'गड्डुलकोंडा गणेश' (2019), 'हाउसफुल 4' (2019), 'सर्कस' (2022), और कि सी का भाई किसी का जान (2023) शामिल हैं।


## महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 12000-13000, मीडियम बोल्ड 13000-14000, फाइन 14000-15000, एकस्ट्रा बोल्ड 14500-15000, चना दाल एवरेज 6300-6500 चना दाल मार्का 6600-6800, मसूर दाल एवरेज 7000-7200, मसूर दाल फाइन 7400-7500, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9000, उड़द धुली 9000-9500, फाइन 10000-11000, मूंग दाल छिलका 8500-9000, मूंग दाल फाइन 9000-9500, मूंगदाल धुली 9000-9500,फाइन 9500-10000।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3800-4000, फाइन 4200-4500,एचएमटी-4500-4900 फाइन-5200-5400 दुबराज भाटापारा 5000-5500, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5500-5600, बासमती कनकी चालू 2500-2800, बासमती कनकी मीडियम 3200-3600, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-7500, बासमती 8000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4000-4200, फाइन 4400-4600, मुरमुरा-5000-5500, फाइन- 6800-7200, रु.।

## सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095

सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-60700 चांदी टंच-72800 चांदी रिफाइन -74200

## दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-

मो. 9425860998,9826307100

सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-60700 चांदी टंच-72800

चांदी रिफाइन -74500


# सितंबर के पहले पखवाड़े में घटी डीजल की बिक्री, पेट्रोल की मांग बढ़ी

*__नई दिल्ली।__ भारत में डीजल की बिक्री सितंबर के पहले पखवाड़े में घटी है। बारिश के कारण मांग घटने और देश के कुछ हिस्सों में औद्योगिक गतिविधियां धीमी होने से इस सबसे ज्यादा इस्तेमाल वाले ईंधन की मांग लगातार दूसरे माह गिरावट आई है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। सार्वजनिक क्षेत्र की तीन पेट्रोलियम कंपनियों की डीजल बिक्री में सितंबर के पहले पखवाड़े में सालाना आधार पर गिरावट आई, जबकि पेट्रोल की मांग में मामूली वृद्धि हुई है।*

देश में सबसे अधिक इस्तेमाल वाले ईंधन डीजल की खपत सालाना आधार पर एक से 15 सितंबर के बीच 5.8 प्रतिशत गिरकर 27.2 लाख टन रह गई। अगस्त के पहले पखवाड़े में भी खपत में इसी अनुपात में गिरावट आई थी। मासिक आधार पर डीजल की बिक्री 0.9 प्रतिशत बढ़ी है। अगस्त के पहले पखवाड़े में डीजल की बिक्री 27 लाख टन रही थी। डीजल की बिक्री आमतौर पर मानसून के महीनों में गिर जाती है क्योंकि बारिश के कारण कृषि क्षेत्र में मांग कम हो जाती है। सिंचाई, कटाई और परिवहन के लिए इस ईंधन का इस्तेमाल किया जाता है। इसके अलावा बारिश के कारण वाहनों की आवाजाही भी कम होती है। अप्रैल और मई में डीजल की खपत क्रमशः 6.7 प्रतिशत और 9.3 प्रतिशत बढ़ी थी। इसकी वजह यह है कि उस समय खेती के लिए डीजल की मांग में उछाल आया था। इसके अलावा गर्मी से बचाव के लिए वाहनों में एयर कंडीशनर का इस्तेमाल बढ़ा था। हालांकि, मानसून के आगमन के बाद जून के दूसरे पखवाड़े से डीजल की मांग घटने लगी थी। जुलाई के पहले पखवाड़े में इसमें गिरावट आई थी, लेकिन उस महीने के दूसरे पखवाड़े में इसमें तेजी रही थी। पेट्रोल की मांग भी सितंबर के पहले पखवाड़े में पिछले साल की समान अवधि से 1.2 प्रतिशत बढ़कर 13 लाख टन रही। अगस्त के पहले पखवाड़े में इसमें आठ प्रतिशत की गिरावट आई थी। जुलाई के पहले पखवाड़े में पेट्रोल की खपत में 10.5 प्रतिशत की गिरावट आई थी, लेकिन दूसरे पखवाड़े में बिक्री में सुधार आया था। आंकड़ों के अनुसार, मासिक आधार पर सितंबर में पेट्रोल की बिक्री 8.8 प्रतिशत बढ़ी है।



भारत की अर्थव्यवस्था ने उल्लेखनीय जुझारू क्षमता का प्रदर्शन किया है और 2023 की पहली छमाही में इसके ज्यादातर प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं से बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद है। इससे ईंधन की मांग बढ़ रही है। सितंबर के पहले पखवाड़े में पेट्रोल की खपत कोविड महामारी से प्रभावित अवधि यानी 1-15 सितंबर, 2021 की तुलना में 29.2 प्रतिशत अधिक रही है। वहीं महामारी-पूर्व की अवधि यानी सितंबर, 2019 की तुलना में 20.8 प्रतिशत अधिक है। डीजल की खपत 1-15 सितंबर, 2021 की तुलना में 26 प्रतिशत और 1-15 सितंबर, 2019 की तुलना में 36.4 प्रतिशत अधिक रही है। हवाई यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इससे विमान ईंधन यानी एटीएफ की मांग सितंबर के पहले पखवाड़े में 6.8 प्रतिशत बढ़कर 2,92,500 टन पर पहुंच गई है। सितंबर, 2021 के पहले पखवाड़े की तुलना में यह 53.9 प्रतिशत अधिक रही है। हालांकि, सितंबर, 2109 से यह पांच प्रतिशत कम है। मासिक आधार पर जेट ईंधन की बिक्री 1.8 प्रतिशत घटी है। एक से 15 अगस्त, 2023 के दौरान एटीएफ की बिक्री 2,98,000 टन रही थी।

रसोई गैस या एलपीजी की बिक्री समीक्षाधीन अवधि में सालाना आधार पर 10.2 प्रतिशत बढ़कर 13.6 लाख टन पर पहुंच गई। सितंबर, 2021 के पहले पखवाड़े की तुलना में यह 15.5 प्रतिशत तथा कोविड-पूर्व की सितंबर, 2019 की समान अवधि की तुलना में यह 35 प्रतिशत अधिक है। मासिक आधार पर एलपीजी की मांग 12 प्रतिशत बढ़ी है। अगस्त के पहले पखवाड़े में एलपीजी की बिक्री 12.1 लाख टन रही थी।

## रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83. 26 |
| एक यूरो | 88. 79 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 103. 09 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53. 50 |
| एक जापानी येन | 00. 56 |


## परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने

फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 136 प्रति कि.

जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 136 प्रति कि.

जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-138 प्रति कि.

जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 75 नेट प्रति किलो

जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160रु. किलो

(जिंदा थोक फार्म रेट)

## अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070

भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 6000, 10 एम एम 5800,12 एम एम, 5 ]00 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।


# अरबपति निवेशक मार्क क्यूबन को क्रिप्टो घोटाले में 8.70 लाख डॉलर का नुकसान

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिकी व्यवसायी, निवेशक, फिल्म निर्माता और टेलीविजन हस्ती मार्क क्यूबन को 15 सितंबर की देर रात एक क्रिप्टो घोटाले में लगभग 8,70,000 डॉलर का नुकसान हुआ।ऑन-चेन जासूस वाज़ ने सबसे पहले ईथरस्कैन पर 'मार्क क्यूबन 2' लेबल वाले मेटामास्क क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट में असामान्य लेनदेन को देखा। क्रिप्टोस्लेट की रिपोर्ट के अनुसार, वॉलेट पांच महीने से अधिक समय से निष्क्रिय था। वाज़ ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया, माओ, क्या मार्क क्यूबन का बटुआ अभी खाली हो गया? बटुआ 160 दिनों के लिए निष्क्रिय था और सभी संपत्तियां बस चली गईं। क्यूबन ने पुष्टि की कि उसने पांच एथेरियम (ईटीएच) टोकन खो दिए हैं, जिनकी कीमत मौजूदा कीमतों पर लगभग 8,170 है। इसके अलावा उनके वॉलेट से कई यूएसडी कॉइन (यूएसडीसी), पॉलीगॉन (मैटिक), लिडो स्टेक्ड एथेरियम (एसटीईटीएच), और सुपररेअर और एथेरियम नेम सर्विस के टोकन भी गायब हो गये हैं।

हालांकि, अरबपति आने वॉलेट से कॉइनबेस कस्टडी में लगभग 20 लाख यूएसडीसी स्थानांतरित करने में सफल रहे, जिससे अधिकांश संपत्ति चोरी होने से बच गई। क्यूबन का दावा है कि उसे पूरा यकीन है कि उसने मेटामास्क का एक दुर्भावनापूर्ण संस्करण डाउनलोड किया है, जिसके परिणामस्वरूप हैक हुआ। उन्होंने कहा, मैं कई महीनों में पहली बार मेटामास्क पर गया। वे अवश्य देख रहे होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उनका मेटामास्क एप्लिकेशन दो बार क्रैश हुआ, जिसके बाद उन्होंने ओपनसी पर अपने नॉन-फंजीबल टोकन (एनएफटी) को लॉक कर दिया और अपने सभी मैटिक को खाते से हटा दिया। यह पहली बार नहीं है जब क्यूबन को क्रिप्टोकरेंसी में नुकसान हुआ है।

# डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 23.51 प्रतिशत बढ़कर 8.65 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष में सितंबर मध्य तक नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 23.51 प्रतिशत बढ़कर 8.65 लाख करोड़ रुपये हो गया है। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि कंपनियों की ओर से अधिक अग्रिम कर भुगतान की वजह से नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है।




मंत्रालय ने बयान में कहा कि 16 सितंबर तक 8,65,117 करोड़ रुपये के नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में 4,16,217 करोड़ रुपये का कॉरपोरेट आयकर और प्रतिभूति लेनदेन कर सहित 4,47,291 करोड़ रुपये का व्यक्तिगत आयकर शामिल है।

बयान के अनुसार, चालू वित्त वर्ष के लिए 16 सितंबर तक नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 23.51 प्रतिशत से अधिक बढ़ा है। चालू वित्त वर्ष में सितंबर मध्य तक अग्रिम कर संग्रह 21 प्रतिशत बढ़कर 3.55 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 2.94 लाख करोड़ रुपये था। अग्रिम कर संग्रह 16 सितंबर तक 3.55 लाख करोड़ रुपये रहा, जिसमें सीआईटी 2.80 लाख करोड़ रुपये और पीआईटी 74,858 करोड़ रुपये है। समीक्षाधीन अवधि में आयकर विभाग ने करीब 1.22 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया है। मंत्रालय ने कहा कि कुल मिलाकर वित्त वर्ष 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष कर संग्रह 18.29 प्रतिशत बढ़कर 9.87 लाख करोड़ रुपये है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 8.34 लाख करोड़ रुपये था।


## देशबन्धु

### ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

**टेलर्स वारिस**

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596

मो.-9424392281, 9425152707

देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

बिना ऑपरेशन

**डॉ. विश्वास**

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे

मो: 9827042596

देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार )
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# रेलवे में यसमैन की प्रमोशन में बल्ले-बल्ले

## जो लेवर 16 में रिजेक्ट हुई उसे 17 में फिट कर दिया गया

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे बोर्ड मुख्यालय दिल्ली में बैठे उच्च अधिकारी भले ही बड़ी बड़ी बाते करते हों, परंतु अनुशासन हीनता का ग्राफ दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है।

सूत्रों से प्राप्त खबर के अनुसार आईआरएमएस की आड़ में यसमैन करने वालों को उच्च पद पर प्रमोशन और पदस्थ करने का सिलसिला लगातार धड़ल्ले से चल रहा है। आईआरएमएस में पारदर्शिता और सभी के लिए समान अवसर दिये जाने का अभाव है। इसकी पूरी प्रक्रिया भी इस बात को प्रमाणित करती है जिन लोगों को पहले इसके चमन रिजेक्ट कर दिया गया था वह पहले रिव्यू में भी रिजेक्ट सिफारिश और जुगाड़ करके न केवल सफल हो रहे हैं और उच्च पद पर पदस्थ भी हो रहे हैं। जबकि अनुभवी योग्य कर्मण निष्ठावान अधिकारी इससे बुरी तरह से प्रभावित हुए है। विभाग की इस प्रकार की कार्यप्रणाली को देखते हुए लगता है कि जान बूझकर यह सभी कुछ किया जा रहा है।

रेलवे बोर्ड मुख्यालय में ऐसी चर्चा है कि पूर्व मे पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल में मंडल रेल प्रबंधक के पद पर पदस्थ सीमा कुमार इंडियन रेलवे ट्रैफिक सर्विस आईआरटीएस जो कि वर्ष 1986 बैच की है को लेवल 17 में फिट करते हुए सदस्य ऑरेशन एंड बिजनेस डेवलमेंट में पदस्थ किये जाने इनके नाम की अनुशंसा करते हुए इकलौता नाम पीएमओ के पास एसीसी को भेजा गया है।

पश्चिम मध्य रेलवे के मुख्यालय जबलपुर में भी यह चर्चा जोरों से है चुनावी कई तरह की शंकाओं को जन्म दे रही है। इस प्रकार की गतिविधियों और भर्राशाही के चलते विभाग का कोई भला होगा इसकी संभावना नहीं है। लेवल 16 में महाप्रबंधक के पद पर प्रमोशन किये जाने को लेकर मेन में बायपास हुई थी और दोनों अपील रिव्यू में भी रिजेक्ट किया गया था। परंतु अभी ऐसी क्या विशेष योग्यता या क्षमता इनमें देखी गई और कैसे जी 17 में शामिल किया गया । बताया जा रहा है कि रिव्यू किये जाने पर 80 नम्बर ही आए हैं जबकि कटऑफ 90+ का है।

इतना सभी कुछ होने के बावजूद इनको बोर्ड मेंबर बनाए जाने के लिए एकलौता प्रस्ताव भेजा गया है। जबकि लेवल 17 के बहुत से अधिकारी अपनी पदस्थापना अपने भविष्य को लेकर चिंतित भी हैं।

सूत्रों का कहना है कि आईआरएमएस व्यवस्था पूरी तरह से अव्यवहारिक और अपारदर्शी है, जिसके कारण सभी के लिए समान अवसर उपलब्ध ही नहीं है यह व्यवस्था पूरी तरह से मनमर्जी पर आधारित बतायी जा रही है। इस प्रकार की अव्यवस्था विभाग के लिए घातक मानी जा रही है।

स्मरणीय है कि वर्तमान बोर्ड भी जब पुरानी प्रणाली से चल रहा था तो फिर आईआरएमएस प्रणाली को लागू किये जाने का क्या औचित्य है यह एक सीधी और दिलचस्प उदाहरण है कि एक अपात्र इंडियन रेलवे ट्रैफिक सर्विस आईआरटीएस अधिकारी को पदस्थ किये जाने की तैयारी लगभग पूर्ण हो चुकी है। रेलवे बोर्ड मुख्यालय दिल्ली में यह चर्चा जोरों से है कि जब यह अधिकारी दिल्ली के जोन कार्यालय में पदस्थ थी और 19 अक्टूबर को अमृतसर में एक बड़ी रेल दुर्घटना घटित हुई उस दौरान तत्कालीन महाप्रबंधक नई दिल्ली और कई विभागाध्यक्ष हवाई मार्ग से अमृतसर गए थे। महाप्रबंधक और अन्य विभागाध्यक्ष तो घटनास्थल पर जाकर पीड़ित यात्रियों से मिल रहे थे परंतु इस अधिकारी का अता पता ही नहीं था। इस घटना का एक वीडियो भी उन दिनों वायरल हुआ था जब इतनी बड़ी घटना पर इन्होंने संवेदनशीलता नहीं दिखायी तो इस प्रकार के कार्य संपादित करने वाले अधिकारी को क्यों प्रमोशन दिए जाने की तैयारी की जा रही है। यहां इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि रेलवे भारत शासन का सबसे बड़ा और उपयोगी विभाग है। इस विभाग में पार्ट टाइम मंत्री है जिन्हें विभाग की ओर देखने का समय ही नहीं है इसी के कारण यह सब कुछ मनमर्जी से चल रहा है।



## आज से विराजित होंगे विघ्नहर्ता गणपति जी

**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर में आज मंगलवार से पार्वती नंदन भगवान गणेश की प्रतिमा विराजित की जाएंगे। विभिन्न पंडालों और घरों मं दस दिनों तक बुद्धि एवं सुख-समृद्धि के अधिष्ठाता लंबोदर का पूजन-अर्चन में संस्कारधानी के भक्तगण सराबोर रहेंगे।

# निवास को जिला बनाने की मांग तेज, जनपद उपाध्यक्ष ने दी आत्मदाह की चेतावनी

**मंडला, देशबन्धु।** मंडला जिले में निवास को जिला बनाने को लेकर जिला बनाओ संघर्ष समिति ने अब आंदोलन तेज कर दिया है। संघर्ष समिति के दो दिवसीय निवास बंद के आह्वान को स्थानीय स्तर पर भरपूर समर्थन मिला।

इसके चलते रविवार सुबह से ही निवास के बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है। साथ ही निवास तिराहे पर राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह स्मारक के नजदीक समिति का धरना-प्रदर्शन भी जारी है। सोमवार को बंद के दूसरे दिन सभा एवं मशाल जुलूस निकाला गया। मशाल जुलूस के दौरान प्रदर्शनकारियों ने सड़क किनारे खड़ी बाइक में आग लगा दी। मौके पर मौजूद पुलिस ने वाटर केनन की मदद से आग पर काबू पाया।

वहीं प्रदर्शन का समर्थन कर रहे जनपद उपाध्यक्ष घनश्याम सूर्यवंशी ने आत्मदाह की चेतावनी भी दी है।वहीं धरना स्थल पर पूर्व विधायक रामप्यारे कुलस्ते सहित सभी दलों के जनप्रतिनिधी पहुंचे। सभी ने निवास को जिला बनाये जाने की मांग का



समर्थन किया। प्रदर्शकारियों ने रैली निकालकर एसडीएम को सीएम के नाम जिला बनाये जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है।

निवास जिला बनाओ संघर्ष समिति के जारी आंदोलन को स्थानीय लोगों सहित विभिन्न राजनैतिक,सामाजिक, व्यवसायिक संगठनों का भरपूर समर्थन एवं सहयोग मिल रहा है। दो दिवसीय बंद और धरना प्रदर्शन को सभी राजनैतिक दल के स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने अपना समर्थन दिया है। इसके कारण व्यापारियों ने अपने व्यापारिक प्रतिष्ठानों को बंद रखा है।

# हाईकोर्ट में प्रकरण नियमानुसार नहीं हो रहे सूचीबद्ध

## सीजेआई और सीजे को ओबीसी एडवोकेट वेलफेयर ने भेजी शिकायत

**जबलपुर, देशबन्धु।** ओबीसी एडवोकेट वेलफेयर एसोसिएशन ने देश के प्रधान न्यायाधीश और मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को शिकायत भेजकर आरोप लगाया है कि मप्र उच्च न्यायालय में प्रकरणों को नियमानुसार सूचिबद्ध नहीं किया जा रहा है। इतना ही नहीं हाईकोर्ट नियम 2008 का पालन भी नहीं किया जा रहा है। एसोसिएशन की ओर से अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने पत्र में कहा गया कि इस कारण पक्षकार न्याय से वंचित हो रहे हैं। पत्र में कहा गया कि प्रकरणों को दाखिल किए जाने की तिथि से छह माह तक प्रकरणों का रजिस्ट्री द्वारा परीक्षण नहीं किया जा रहा है। पत्र में उदाहरण देकर कहा गया कि न्यायिक सेवा में किये संशोधन को चुनौती देने वाली याचिकाएं मई तथा जून माह में दायर की गई थीं, लेकिन अभी तक रजिस्ट्री से चेक नहीं की गई हैं। इस मुद्दे को लेकर एसोसिएशन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दाखिल की गई है।

# शहडोल के बीएमओ की डॉक्टर बेटी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

## रीवा मेडिकल कॉलेज में करना था ज्वॉइनिंग

**शहडोल, देशबन्धु।** शहडोल जिले के बुढ़ार खंड चिकित्साधिकारी डॉक्टर आर के वर्मा की चिकित्सक बेटी ने सोमवार सुबह अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी।

मृतका डॉक्टर कृतिका वर्मा का एमबीबीएस करने के बाद इस वर्ष पीजी एमडी मेडिसिन रीवा मेडिकल कॉलेज के लिए सिलेक्शन हुआ था। सोमवार को वहां ज्वाइन करने के कुछ घंटे पहले ही लेडी डॉक्टर का फांसी पर लटकता शव उनके घर के बाथरूम में मिला। घटना की जानकारी लगते ही क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गयी। परिवार के लोगों का कहना है कि रीवा जाने के लिए सुबह से कृतिका तैयारी कर रही थी, बाथरूम में नहाने के लिए गई और काफी देर तक वह नहीं निकली जब दरवाजा खोला तो देखा कि फांसी पर शव लटका था।

पुलिस को मामले की खबर दी गई घटना की जानकारी लगते ही थाना प्रभारी सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई है। जानकारी के अनुसार अपने बीएमओ पिता के अधीन ही डॉक्टर कृतिका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ार में काफी समय से ड्यूटी कर रही थी।



इस संबंध बुढ़ार थाना प्रभारी संजय जायसवाल ने बताया कि कृतिका वर्मा बुढ़ार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ थी, प्रथम दृष्टया मर्ग कायम कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।

# गुना हाईवे पर तेंदुए का शव मिलने से सनसनी, जांच में जुटा वन विभाग

## पीएम रिपोर्ट खोलेगी मौत का राज



**गुना, देशबन्धु।** गुना हाईवे पर सोमवार को तेंदुए का शव मिलने से सनसनी फैल गई। वन विभाग की टीम ने फिलहाल तेंदुए के शव को पीएम के लिए भेजा है।

माना जा रहा है कि सड़क पार करते समय किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से तेंदुए की मौत हुई है। जानकारी के अनुसार गुना में हाईवे क्रमांक 46 पर तेंदुए का शव मिलने से सनसनी फैल गई।

शव की जानकारी वन विभाग की टीम को दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंची टीम ने शव को उठाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना को लेकर वन विभाग के अधिकारी सौरभ द्विवेदी ने बताया कि तेंदुए के शव की हाईवे पर पड़े होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद मौके पर पहुंचकर शव बरामद किया है।

उल्लेखनीय है कि गुना के बीनागंज इलाके के गांव में जंगली इलाका होने से वन्य जीवों की आवाजाही बनी रहती है। इसी के चलते यहां तेंदुआ होने की जानकारी भी विभाग को मिली थी। अब इसका शव मिला है, जिसे लेकर कहा जा रहा है कि इस तेंदुए को सड़क पार करते समय किसी वाहन ने टक्कर मारी है।

# बांधवगढ़ टाइगर स्टेट के मानपुर वन परिक्षेत्र में बाघ का सिर कटा शव मिला

**उमरिया, देशबन्धु।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के मानपुर वन परिक्षेत्र में टाइगर की मौत का मामला सामने आया है। वन विभाग को बाघ का बिना सिर का शव मिला है। बाघ की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी जांच जारी है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व अंतर्गत मानपुर परिक्षेत्र के ग्राम पटेहरा में टाइगर के मौत की से वन विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। इस मामले में मानपुर परिक्षेत्र अधिकारी मुकेश अहीरवार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली।

पार्क टीम के साथ जल्द ही वन विभाग का अमला घटना स्थल पहुंचा। और सर्वप्रथम बाघ के शव को कब्जे में लिया। जिसके बाद विधिवत पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया। टाइगर की मौत किन परिस्थितियों में हुई है और कब हुई है। फिलहाल, साफ नहीं है। हालांकि, जानकारी मिलने के बाद से ही पार्क टीम अलर्ट मोड़ पर है। जल्द ही प्राथमिक रूप से मौत के कारण साफ हो सकेंगे। बांधवगढ टाइगर रिज़र्व में बाघों की



लगातार मौतें रहस्यमयी बनी हुई हैं। वन्य प्रेमी ऐसी घटनाओं को दुर्भाग्यपूर्ण मानते हैं। देखना होगा भडारी और पटेहरा के करीब मौजूद तेलियाडाड़ पर हुई टाइगर की मौत का क्या सच सामने आता है।

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार, तेलियाडांड स्थित जंगली नाले में देर रात गश्ती दल को मृत अवस्था में टाइगर दिखा था, जिसके बाद बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व के उच्च अधिकारियों को जानकारी दी गई थी।

# लॉक डाउन उल्लंघन के दर्ज प्रकरणों को तत्काल वापिस ले राज्य सरकार : कमलनाथ

**जबलपुर, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को एक प्रेषित किया है। इसमें कहा गया है कि कोरोना महामारी के दौरान कोविड प्रोटोकॉल, लॉक डाउन उल्लंघन करने के साधारण व सद्भाविक मामलों में भी आमजनों पर प्रकरण दर्ज किये गये थे।

प्रदेश में ऐसे प्रकरणों की संख्या पचास हजार से अधिक है। जो विभिन्न अदालतों में विचाराधीन है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्वत: संज्ञान रिट याचिका में इस तरह के प्रकरणों को प्रत्याहरण करने का निर्णय दिया है। इस निर्णय के परिपेक्ष्य में केंद्र के गृह मंत्रालय ने भी राज्य सरकारों को एडवाइजरी जारी की थी, 15 जून 2023 को इस एडवाजरी में जिला दंडाधिकारियों से न्यायालयों में उक्त प्रकरणों को प्रत्याहरण करने का निर्णय दिया था। बावजूद अब भी कई जिलों में इसका पालन नहीं किया गया है।

इससे ऐसे लोगों को जिन्हें पासपोर्ट बनवाने पुलिस से एनओसी चाहिये हैं, उनका काम नहीं हो रहा है,और कोर्ट के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। श्री नाथ ने सीएम श्री चौहान से कहा है कि तुरंत न्यायालय के निर्देश के परिपालन एवं जनहित में ऐसे प्रकरणों को वापिस लेने की कवायद राज्य सरकार शुरू करें ताकि संबंधित लोगों को राहत मिल सके।


**J.B.F.A.**

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

मुर्गा छोटा - रु. 130
मुर्गा मीडियम - रु. 128
मुर्गा बड़ा - रु. 126
मुर्गा जम्बो - रु. 126
मो.-9039925000, 9425800409

**सोनू पोल्ट्री**

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 122
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 124
छोटा ब्रॉयलर - रु. 126
मोबाइल नं. 9300692405


# कूनों नेशनल पार्क में स्वास्थ्य परीक्षण के बाद दो चीतों को बड़े बाड़े में छोड़ा

**श्योपुर, देशबन्धु।** श्योपुर जिले में स्थित कूनो नेशनल पार्क में दो चीतों को बड़े बाड़े में छोड़ा गया है। गौरव और शौर्य नाम के दो नर चीतों को रिलीज किया गया है। दोनों का स्वास्थ्य परीक्षण पूरा होने के बाद बड़े बाड़े में रिलीज किया गया है। इन्हें स्वास्थ्य परीक्षण के लिए बोमा में कैद किया गया था। बड़े बाड़े में रिलीज किए जाने के बाद शिकार करके अपने भोजन का इंतजाम खुद कर रहे और भाग दौड़ भी करते दिख रहे हैं।

कूनो नेशनल पार्क में चीता प्रोजेक्ट को एक साल पूरा हो चुका है। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद दोनों चीते बिल्कुल स्वस्थ पाए गये। जिसके बाद अधिकारियों ने निर्णय लिया कि सोमवार को इन्हें बड़े बाड़े में छोड़ दिया जाये। जिससे अब यह शिकार करके अपना भोजन खा सकेंगे और दौड़ भी लगा सकेंगे। कूनो नेशनल पार्क में लगातार हो रही



चीतों की मौत के बाद सभी चीतों को खुले जंगल से पहले बड़े-बाड़े में लाया गया। फिर बड़े बाड़े से स्वास्थ्य परीक्षण के लिए अलग-अलग बोम में रखा गया। जहां एक-एक करके चीतों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान सभी चीतों में से छह चीतों की रेडियो कॉलर निकाला गया और रेडियो कॉलर की जांच की गई। सभी चीतों के स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उन्हें फिर से अलग-अलग बोम में शिफ्ट किया गया।

# बांधवगढ़ में बुजुर्ग चरवाहे पर बाघ का हमला, घायल अस्पताल में भर्ती

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में फिर बाघ के हमले की घटना घटित हो गई है। जंगल में मवेशी चरा रहे चरवाहे पर बाघ ने अचानक हमला कर दिया। हालांकि हमले से घबराए बुजुर्ग ने शोर मचाया तो बाघ भाग गया। बाद में रेंजर ने घायल को अस्पताल पहुंचाया।

जानकारी के अनुसार मामला बाघों के गढ़ बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व का है। क्षेत्र के जंगल में मवेशी चरा रहे चरवाहा पर बाघ ने हमला कर घायल कर दिया। जानकारी लगते ही रेंजर मौके पर पहुंचे और चरवाहा और उसके परिवार को लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां घायल को मानपुर अस्पताल में भर्ती कराया और डॉक्टर से इलाज की जानकारी ली। रेंजर ने बताया कि रविवार दोपहर को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पतौर कोर परिक्षेत्र के बकेली बीट के कक्ष



क्रमांक पीएफ 191 के जंगलों में चरवाहा बद्री यादव (70) निवासी ग्राम बघेली मवेशियों को जंगल में चरा रहा था। अचानक बाघ ने हमला कर दिया और चरवाहा बद्री को घायल कर दिया।

परिक्षेत्र अधिकारी पतौर अर्पित मैराल ने बताया कि चरवाहा पर बाघ ने हमला कर दिया जानकारी लगते ही घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।





**आसान किस्तों में उपलब्ध** **मिश्रा इन्टरप्राइजेज**

सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है

1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।

एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है। 441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर मो. 9200000162 फोन- 2626496


# मनकुंवर नदी में लोगों की जान का बना खतरा, टयूब की नाव से नदी पार कर रहे ग्रामीण

**बालाघाट, देशबन्धु।** परसवाड़ा के राज्य मार्ग पर मनकुंवर नदी में वर्तमान में पुल नहीं होने के कारण ग्रामीणों और स्कूली छात्र, छात्राओं को ट्यूब की नाव के सहारे नदी पार करना पड़ रहा है। बीते दिनों जिले में हुई अति वर्षा के कारण नदी-नाले उफान है। जिससे किसी बड़ी घटना का भय बना रहता है।

परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में बीते 2022 को मनकुंवर नदी पर अंग्रेज शासनकाल में बनी पुलिया के बह जाने से यहां आवश्यकता को देखते हुए पुलिया निर्माण स्वीकृत कराया गया था। लेकिन 2022 की बारिश के बाद से 2023 तक की बारिश की अवधि में ठेकेदार पुलिया का निर्माण नहीं कर सका। हालांकि आवागमन के लिए निर्माण एजेंसी ने वैकल्पिक पुल बनाया था जो 2023 की बारिश की शुरुआत में ही बह गया। अब क्षेत्रीय ग्रामीण और स्कूली बच्चें नदी पार करने के लिए ट्यूब से बनाई गई नाव से जान जोखिम में डालकर नदी पार कर रहे हैं। मामले में एसडीएम गोपाल सोनी का कहना है कि ट्यूब की नाव से ग्रामीणों और स्कूली छात्र-छात्राओं के बहती नदी पार करने का मामला संज्ञान में आने के बाद एसडीओपी को वहां पुलिस बल लगाने निर्देशित किया है। ताकि कोई ऐसे नदी पार नहीं कर सके।